आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 08:40 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 16 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 67, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



दुर्लभ ऑरोरा की रोशनी में जगमगाया मैक्सिको 16

परमसुंदरी में साथ दिखेगी सिद्धार्थ-जाह्नवी की जोड़ी 15

## भारत और कनाडा के बीच बढ़ा विवाद ट्रूडो के आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी



- कनाडाई विदेश मंत्री ने कहा- भारत पर लगा सकते हैं प्रतिबंध सभी विकल्प विचाराधीन

सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे को लेकर भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद मंगलवार को और गहरा गया जहां ओटावा ने अपने यहां गुप्त अभियान चलाने में बिश्नोई गिरोह के तार भारत सरकार के एजेंटों से जोड़ने का प्रयास किया तो वहीं नई दिल्ली ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

दोनों देशों में तनाव बढ़ने के बीच कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने भारत के खिलाफ पाबंदी लगाने की संभावना को खारिज नहीं किया और कहा कि सभी विकल्प विचाराधीन हैं। भारत ने कनाडा में आपराधिक गिरोहों से भारतीय एजेंटों को जोड़ने के कनाडाई अधिकारियों के प्रयासों को पुरजोर तरीके से खारिज कर दिया। ओटावा का यह दावा सच नहीं है कि उसने निज्जर मामले में नई दिल्ली के साथ साक्ष्य साझा किए थे। सूत्रों ने कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो के इन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि भारत, कनाडा में कनाडाई नागरिकों को निशाना बनाते हुए गुप्त अभियान सहित कई गतिविधियों में संलिप्त था।

### निज्जर की हत्या के बाद संबंधों में आई खटास

पिछले साल सितंबर में प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी चरमपंथी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था। निज्जर की पिछले साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## वैश्विक स्तर पर डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए बनाए जाएं नियम

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं कर सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। उन्होंने कहा कि आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

प्रधानमंत्री ने यहां अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि जिस तरह विमानन क्षेत्र के लिए वैश्विक समुदाय ने एक व्यापक रूपरेखा तैयार की है, उसी तरह डिजिटल दुनिया को भी नियमों तथा विनियमों की आवश्यकता है। वैश्विक संस्थाओं को एक साथ मिलकर यह तय करना चाहिए कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। मोदी ने कहा समय आ गया है जब वैश्विक संस्थाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम-आधारित रूपरेखा के महत्व को स्वीकार करना होगा। डिजिटल नियम केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं हैं क्योंकि उनमें व्यक्तिगत गोपनीयता, मीडिया में गलत सूचना, प्रौद्योगिकी दिग्गजों की जवाबदेही और सामाजिक महत्व के अन्य मुद्दे शामिल हैं, बल्कि इसलिए भी क्योंकि वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार डेटा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवाह पर निर्भर करता है।



नई दिल्ली में आईटीयू विश्व दूरसंचार मानकीकरण असेंबली में प्रधानमंत्री मोदी।

### कोई भी समुदाय डिजिटल परिवर्तन में पीछे न छूटे

मोदी ने कहा कि संघर्षों से त्रस्त दुनिया में आम सहमति और संपर्क की आवश्यकता है और भारत दुनिया को संघर्ष से बाहर निकालने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा चाहे वह प्राचीन रेशम मार्ग हो या आज का प्रौद्योगिकी मार्ग, भारत का एकमात्र मिशन दुनिया को जोड़ना और प्रगति के नए द्वार खोलना है। प्रधानमंत्री ने नयी दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ – विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 के 8वें संस्करण का भी उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर एक प्रदर्शनी को भी देखा। मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि कोई भी देश, कोई भी क्षेत्र और कोई भी समुदाय इस डिजिटल परिवर्तन में पीछे न छूटे।

## एक नजर

### पूर्व सांसद नवनीत राणा को मिली धमकी, 10 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग



अमरावती (महाराष्ट्र)। भाजपा नेता और महाराष्ट्र की पूर्व सांसद नवनीत राणा को एक धमकी भरी चिट्ठी मिली है जिसमें 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अमरावती की पूर्व सांसद को आमिर नामक व्यक्ति ने स्पीड पोस्ट के जरिये पत्र भेजा है। राणा के निजी सचिव विनोद गुहे ने अमरावती के राजापेठ पुलिस थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है।

### वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका गांधी वाड्रा को केरल की वायनाड लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाने की औपचारिक घोषणा कर दी है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी दी है। प्रियंका पहले ही वहां से चुनाव लड़ने की मंशा जता चुकी हैं। प्रियंका वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले सक्रिय राजनीति में उतरी थीं। उसके बाद से वह पार्टी महासचिव की जिम्मेदारी निभा रही हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा वायनाड लोकसभा उपचुनाव की घोषणा के तुरंत बाद कांग्रेस ने प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी वाली सूची जारी की।

# महाराष्ट्र में 1 व झारखंड में 2 चरणों में विधानसभा चुनाव, 15 राज्यों में उपचुनाव

## मतदान के लिए तिथियां घोषित, दोनों राज्यों में मतों की गिनती 23 नवंबर को

- झारखंड में 13 और 20 को तो महाराष्ट्र में 20 नवंबर को डाले जाएंगे वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। इसके तहत महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को जबकि झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतगणना 23 नवंबर को होगी। इसी के साथ दोनों राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। निर्वाचन आयोग ने 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीट तथा दो लोकसभा क्षेत्रों वायनाड और नांदेड़ के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि महाराष्ट्र में 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी तथा नामांकन की आखिरी तिथि 29 अक्टूबर होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र चार नवंबर, 2024 तक वापस लिए जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा महाराष्ट्र में 9.63 करोड़ योग्य मतदाता हैं जबकि झारखंड में यह संख्या 2.6 करोड़ है। कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र में कुल 1,00186 मतदान केंद्रों पर 20 नवंबर को मतदान होगा 23 नवंबर को मतगणना होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि पूर्वी भारत के जनजातीय बहुल राज्य झारखंड में दो चरणों में क्रमशः 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा।



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार व सुखबीर सिंह संधू चुनाव संबंधी जानकारी देते हुए।

### एक्जिट पोल पर आत्मचिंतन जरूरी, ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने कहा है कि एक्जिट पोल पर आत्मचिंतन तथा जिम्मेदारी से काम करने की जरूरत है और ईवीएम को लेकर जो सवाल उठते हैं वे आधारहीन हैं, ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि एक्जिट पोल का कोई मतलब नहीं है और मतगणना के दिन जो रुझान मतगणना आरंभ होने के साथ ही आने शुरू होते हैं वे एक्जिट पोल को सही ठहराने का प्रयास है। उनका कहना था कि हाल के चुनाव में जो रुझान टीवी चैनलों ने शुरु में दिये वे पूरी तरह से आधारहीन थे।

### उप्र में नौ सीटों पर होंगे विधानसभा उपचुनाव

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को प्रदेश में विधानसभा की खाली चल रही 10 सीटों मे से नौ सीटों पर उपचुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया। इसके तहत 18 अक्टूबर से नामांकन शुरू होंगे, जबकि 13 नवंबर को मतदान होगा। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव का प्रकरण हाईकोर्ट में लंबित होने के कारण इस सीट के लिए उपचुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट, मुरादाबाद की कुंदरकी, गाजियाबाद जिले की गाजियाबाद, अलीगढ़ की खैर (अजा), मैनपुरी की करहल, कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, अंबेडकरनगर की कटेहरी व मिर्जापुर की मझवां सीटों पर उपचुनाव कराए जाएंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि 18 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन शुरू होंगे। नामांकन की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इन सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी। 25 नवंबर के पहले निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## योगी से मिला बहराइच हिंसा में मारे गए युवक का परिवार



लखनऊ में पीड़ित के परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

संवाददाता, बहराइच

- परिजनों को आवास और 10 लाख रुपये देने के साथ योगी ने कहा, दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा

अमृत विचारः बहराइच में बीते दिनों हुई घटना में मृत रामगोपाल मिश्र के परिजनों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक जताया और परिजनों को आश्वासन दिया कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये की तुरंत आर्थिक सहायता देने के साथ आवास, शौचालय व आयुष्मान समेत सरकार की सभी योजनाओं से आच्छादित कराने के लिए भी निर्देशित किया।

मृतक रामगोपाल मिश्र के पिता, माता, पत्नी व भाई मंगलवार को महसी विधायक सुरेश्वर सिंह के साथ मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पहुंचे थे। योगी से मिलने के बाद मृतक रामगोपाल के भाई किशन ने कहा कि हमें मुख्यमंत्री से वह सब कुछ मिला है, जिसकी हमें जरूरत थी। पूरे परिवार को यह भरोसा है कि हमें न्याय मिलेगा। रामगोपाल के चचेरे भाई किशन मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। योगी आदित्यनाथ ने भी इस संबंध में अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि प्रकरण घोर निंदनीय और अक्षम्य घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय से जिलाधिकारी मोनिका रानी को फोन आया। मुख्यमंत्री की ओर से प्राप्त 10 लाख रुपये में पांच लाख रुपये माता-पिता के नाम और पांच लाख रुपये पत्नी के नाम की चेक से मिलेगी। चेक लेकर खंड विकास अधिकारी और जिला विकास अधिकारी गांव पहुंचे। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि 10 लाख की आर्थिक सहायता और एक मुख्यमंत्री आवास मिला है। अन्य मांग भी पूरी होगी।

## खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट मिलना संज्ञेय अपराध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कहा, सार्वजनिक व्यवस्था के बारे में उपभोक्ताओं में विश्वास बनाए रखने के लिए जरूरी है सख्ती
- पहचान छिपाकर खाद्य सामग्रियों व पेय पदार्थ में मानव अपशिष्ट व मिलावट रोकने को शीघ्र बनाया जाएगा नया कानून

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, स्ट्रीट वेंडर से जुड़ी इन गतिविधियों के संबंध में सुस्पष्ट कानून तैयार करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कारावास और अर्थदंड की सजा सुनिश्चित होनी चाहिए। ऐसे अपराध को संज्ञेय और अजमानतीय मानते हुए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। खाद्य पदार्थों की पवित्रता सुनिश्चित करने के साथ सार्वजनिक व्यवस्था के बारे में उपभोक्ताओं में विश्वास बनाए रखने का महत्व समझते हुए कठोर कानून बनाया जाना आवश्यक है। नियम का पालन न करने वालों की जगह जेल होगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में हाल के दिनों में घटित जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य अथवा गंदी चीजों की मिलावट की घटनाओं पर स्थायी रोक लगाने के लिए प्रस्तावित नए कानून पर विमर्श किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। यह सामाजिक सौहार्द पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किया जा सकते।

मुख्यमंत्री के अनुसार, हर उपभोक्ता को यह अधिकार हो कि वह खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रेता तथा सेवा प्रदाताओं के बारे में आवश्यक जानकारी रख सके। इसके लिए विक्रेता द्वारा प्रतिष्ठान पर साइनबोर्ड लगाना अनिवार्य हो। खाद्य प्रतिष्ठान में काम करने वाले सभी कार्मिकों को पहचान पत्र धारण करना अनिवार्य हो। छद्म नाम रखने, गलत जानकारी देने वालों के विरुद्ध कठोरतम सजा का प्रावधान होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि उसके प्रतिष्ठान में कोई भी खाद्य-सामग्री दूषित न हो। खाद्य प्रतिष्ठानों के रसोईघर एवं भोजन कक्ष में सतत निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य हो, जिसकी न्यूनतम एक माह की फुटेज जिला प्रशासन द्वारा मांगे जाने पर हर समय उपलब्ध कराई जाए।

## अदालतें एफआईआर रद करने से पहले जांच सामग्री पर करें गौर

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब प्राथमिकी में किसी आरोपी पर बेईमानी का आरोप लगाया जाता है और सामग्री में संज्ञेय अपराध का पता चलता है तो प्राथमिकी को रद करके जांच को विफल नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि किसी आपराधिक कार्यवाही या प्राथमिकी को शुरुआत में ही रद कर दिया जाना चाहिए या नहीं, इस पर निर्णय लेते समय जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्रियों सहित प्राथमिकी में लगाए आरोपों पर गौर किया जाना चाहिए ताकि यह तय किया जा सके कि प्रथम दृष्टया आरोपी के खिलाफ जांच के लिए मामला बनता है या नहीं।

## सनातन धर्म अपनाया तो नाम आरिफ क्यों

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने धर्म छिपाकर शादी करने के आरोप में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली याचिका खारिज



- कथित शादी के 15 साल बाद दर्ज हुआ है मामला

अमृत विचारः हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने धर्म छिपाकर शादी करने तथा दुराचार करने के आरोप में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया है।

मामले के अभियुक्त व तथाकथित पति का कहना था कि उसने 15 साल पहले वर्ष 2009 में इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया था, जिसके पश्चात पीड़िता से आर्य समाज मंदिर में विवाह किया था। हालांकि कोर्ट ने पाया कि याचिका के साथ दाखिल अभियुक्त के आधार कार्ड पर आरिफ हुसैन नाम लिखा हुआ है। इस पर कोर्ट ने अभियुक्त के अधिवक्ता से पूछा कि यदि उसने सनातन धर्म अपना लिया है तो उसका नाम अब भी आरिफ हुसैन क्यों है? अभियुक्त के अधिवक्ता द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर न दे पाने पर कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही पुलिस को यह भी स्वतंत्रता दी है कि वह इस बिंदु की भी जांच करे कि क्या अभियुक्त ने आरिफ हुसैन के नाम से आधार कार्ड बनवाकर कोई अन्य अपराध भी कारित किया है? क्योंकि वह वर्ष 2009 में ही धर्म परिवर्तन कर चुका था। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की बेंच ने आरिफ हुसैन उर्फ सोनू सिंह व अन्य की याचिका पर पारित किया है।

याचियों की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थाने में 9 सितंबर 2024 को दर्ज हुई मामले की एफआईआर को चुनौती देते हुए दलील दी गई कि याची संख्या एक व पीड़िता का विवाह 24 जनवरी 2009 को आर्य समाज मंदिर अलीगंज में संपन्न हुआ था।

## बम की धमकी पर उड़ान को कनाडा की ओर मोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली से शिकागो जा रहे एअर इंडिया के एक विमान को मंगलवार को बम की धमकी के बाद कनाडा के एक हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया।

एअरलाइन ने एक बयान में कहा कि 15 अक्टूबर, 2024 को दिल्ली से शिकागो के लिए उड़ान संख्या एआई 127 ऑनलाइन पोस्ट की गई सुरक्षा धमकी के बाद एहतियात के तौर पर कनाडा के इकालुइट हवाई अड्डे पर उतरी गई है। निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार विमान और यात्रियों की फिर से जांच गई। एअर इंडिया ने यात्रा फिर से शुरू होने तक यात्रियों की सहायता के लिए हवाई अड्डे पर एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि इस उड़ान में बम रखे होने की धमकी मिली थी।

### जयपुर से अयोध्या आ रहे विमान में बम की सूचना

अयोध्याः जयपुर से अयोध्या मंगलवार को आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान में बम की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। विमान में 139 यात्री सवार थे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बम स्क्वायड की टीम ने करीब ढाई घंटे तक जांच पड़ताल की। कुछ यात्रियों की तबीयत बिगड़ने की भी सूचना है। सब कुछ ठीक-ठाक मिलने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट से बाहर निकाला गया।

## रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास पीजीआई में भर्ती

अयोध्या। राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की मंगलवार को अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें लखनऊ के पीजीआई में भर्ती कराया गया है। जहां डाक्टरों की टीम जांच कर रही है। उनके शिष्य प्रदीप दास ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने फोन पर हालचाल लेते हुए पीजीआई के निदेशक को बेहतर इलाज का निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि बीते कई दिनों से उन्हें खड़ा होने के लिए सहारे की जरूरत पड़ रही थी। दो दिन से कमर के नीचे दिक्कत बढ़ गई।



## इस्लामाबाद पहुंचे विदेश मंत्री, नौ साल में पहली यात्रा

### जयशंकर एससीओ बैठक में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व, अधिकारियों ने नूर खान एयरबेस पर स्वागत किया

इस्लामाबाद, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में शामिल होने के लिए मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। यह दोनों पड़ोसी देशों के तनावपूर्ण संबंधों के बीच पिछले करीब एक दशक में किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा है।

जयशंकर का विमान स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 3.30 बजे पाकिस्तान की राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित नूर खान हवाई अड्डे पर उतरा और पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पिछले करीब नौ साल में पहली बार भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा की है। दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध कश्मीर मुद्दे पर और पाकिस्तान से सीमापार आतंकवाद को लेकर तनावपूर्ण रहे हैं।

विदेश मंत्री बुधवार को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद पहुंचा हूं। जयशंकर ने हवाई अड्डे पर फूल देकर उनका स्वागत करते कुछ बच्चों और अधिकारियों की तस्वीरें साझा कीं। इससे पहले विदेश मंत्री के रूप में सुषमा स्वराज ने पाकिस्तान की यात्रा की थी। वह दिसंबर 2015 में अफगानिस्तान पर हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद की यात्रा पर आयी थीं। उस समय जयशंकर भारत के विदेश सचिव के नाते सुषमा स्वराज के शिष्टमंडल का हिस्सा थे।



इस्लामाबाद पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर का स्वागत करते पाकिस्तानी अधिकारी।

### कई देशों के प्रधानमंत्री होंगे शामिल

सम्मेलन में चीन, रूस, बेलारुस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान की ओर से उनके प्रधानमंत्री शामिल होंगे, वहीं ईरान का प्रतिनिधित्व प्रथम उप राष्ट्रपति करेंगे। फरवरी 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में भारत के युद्धक विमानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर बमबारी की थी, जिसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आ गया था। भारत सरकार द्वारा 5 अगस्त, 2019 को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किए जाने की घोषणा के बाद दोनों देशों के संबंध और खराब हो गए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक नजर

## अभय ने जीता स्वर्ण पदक हुआ सम्मान



अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जिले के एथलेटिक्स खिलाड़ी अभय ने दिल्ली में हुई नार्थ जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। जिला एथलेटिक्स संघ की ओर से मकबरा स्थित डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में मंगलवार को अभय का स्वागत कर सम्मानित किया गया। एथलेटिक्स फेडेरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम दिल्ली में आयोजित नॉर्थ ज़ोन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अभय ने हेप्टाथ्लॉन इवेंट में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। प्रशिक्षक रोहित त्रिपाठी ने बताया कि यह जीत अभय के अथक परिश्रम का परिणाम है। इस उपलब्धि के साथ ही अभय का चयन जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप के लिए हुआ है।

# दहशत में 30 गांवों की 90 हजार आबादी

## 13 दिनों बाद भी आठ टीमें जंगली जानवर का नहीं लगा सकीं सुराग, अब तक 20 से अधिक लोग हो चुके हैं घायल

हैदरगंज/मिल्कीपुर (अयोध्या)

**अमृत विचार :** जिले के हैरिंग्टनगंज से लेकर तारुन ब्लॉक के हैदरगंज तक करीब 40 किलोमीटर के दायरे में जंगली जानवर का आतंक फैल चुका है। करीब 13 दिनों से इन दोनों ब्लॉकों के 30 से अधिक गांवों की 90 हजार आबादी जंगली जानवर के हमलों से फैली दहशत में जी रही है। हैरिंग्टनगंज से लेकर हैदरगंज तक वन विभाग की आठ टीमें भी अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लगा सकीं है। दहशत का आलम यह है कि हैरिंग्टनगंज इलाके में रात पहरे में गुजर रही है तो हैदरगंज में रविवार रात हुए हमले के बाद दिन में भी लोग पहरेदारी कर रहे हैं। हैदरगंज इलाके के छह गांवों में फैली दहशत के कारण क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति मात्र 20 प्रतिशत रही। इन 13 दिनों में करीब 25 लोग इस जंगली जानवर के शिकार हो चुके हैं। आठ मवेशी काल के गाल में समा चुके हैं।



परवरपारा में दिखे जंगली जानवर को खोजते गांव के लोग।

हैदरगंज इलाके में रविवार को हिंसक जानवर ने कई लोगों को घायल कर दिया था। जानवर की तलाश में जुटी वन विभाग की टीम को अभी तक सफलता नहीं मिली है। हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत तारुन ब्लॉक के गांव पूरे मनोहर, पंचगवा, रामपुर प्रताप, बेला रामबाग, उमरनी, दामोदरपुर के निवासियों मेवालाल यादव, शोभावती, अनीता यादव, गुड़िया, शिव सिंह, सचिन यादव, शारदा, श्रीपाल को जंगली जानवर ने काट कर घायल कर दिया था। उसके बाद यहां के ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग सहित स्थानीय थाने की पुलिस को दी। जानकारी होने पर वन विभाग के क्षेत्रीय दरोगा रजनीश कुमार तिवारी अपने कुछ संविदा कर्मियों के साथ हिंसक जानवर की तलाश में पहरा तथा पिंजरा लगाकर घेराबंदी शुरू कर दी। लेकिन अभी वन विभाग की टीम की पकड़ से कोसों दूर है। इतना ही नहीं हिंसक जानवर की पहचान भी नहीं हो सकी है। अरविंद कनौजिया, संजय सिंह, डिप्टी तिवारी, हिमांशु पांडे आदि ग्रामीणों का कहना है कि जंगली जानवर के भय के चलते लोग घरों से नहीं निकल रहे हैं। करीब 6000 आबादी दहशत में है।

» हैरिंग्टनगंज से लेकर तारुन के हैदरगंज तक 40 किलोमीटर का क्षेत्र प्रभावित

"ऐसा हमला पागल सियार ही करते हैं। 24 घंटे बीत गए हैं, कहीं कोई सुराग नहीं मिल रहा है। ऐसा लग रहा है कि वह अंबेडकरनगर की सीमा में प्रवेश कर गया है। लगातार पूरे क्षेत्र में टीमों द्वारा काम्बिंग की जा रही है। - रजनीश कुमार तिवारी, वन दरोगा।"

### परवरपारा में फिर दिखा हिंसक जानवर धान ढो रही महिला बोझ फेंक कर भागी

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र में मंगलवार को परवरपारा पूरे हरिवंश गांव में धान ढो रही महिला को हिंसक जानवर दिखाई दिया। महिला धान का बोझ फेंक कर शोर मचाते हुए गांव की तरफ भागी। जिसके बाद गांव में गुहार लग गई और ग्रामीणों ने वन विभाग को फोन पर सूचित करते हुए मौके की ओर दौड़ पड़े। परवरपारा निवासी रिक्कू चौरसिया ने बताया कि जानवर के शरीर पर बड़े-बड़े बाल थे। जानवर गन्ने में घुस कर बगल जंगल की तरफ भाग गया।

### हैरिंग्टनगंज के इन गावों में फैली है दहशत

आदिलपुर, उरुवा वैश्य, स्वर्णवर्षा, महोलिया, खड़भड़ेपुर, जमोलिया, भिच्छु का पुरवा एवं लाला का पुरवा में हिंसक जानवर के हमले में करीब 15 लोग घायल हो चुके हैं। गनेशपुर चिलबिली से लेकर परसपुर सथरा, पलिया लोहानी, सिंधौरा, बसवार कला, डीह पूरे बीरबल, हरीरामपुर, घुरेहटा, परवरपारा, सोहवल सलोनी, सराय मजरा, नियामतपुर और चौधरीपुर सहित दर्जन भर गांवों के करीब 80 हजार लोगों में दहशत है।

### हैदरगंज के इन गांवों में संकट

तारुन ब्लॉक के रखौना, घोपा, बालेडीह, रामपुर प्रताप, सराय गौतम, पूरे मनोहर, बेलारामबाग, पचगवां, दामोदरपुर में जंगली जानवर का आतंक है। करीब 10 हजार आबादी दहशत झेल रही है।

## घर से बुक कर सकते हैं अनारक्षित टिकट

अयोध्या, अमृत विचार : रेलवे स्टेशनों पर टिकट खिड़की घर के बाहर लगने वाली भीड़ से निजात और कैशलेस डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए रेल प्रबंधन की ओर से शुरू की गई यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप से यात्री अपने घर से भी अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं I ऐसा जिओ फेंसिंग दूरी सीमा को हटाने के चलते संभव हुआ है। साथ ही क्यूआर कोड स्कैन के माध्यम से अनारक्षित एवं आरक्षित टिकट काउंटर पर टिकट राशि का भुगतान कर टिकट हासिल किया जा सकता है। इसको लेकर रेलवे ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप से जनरल टिकट बुकिंग सिस्टम में बदलाव किया है। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक कुलदीप तिवारी ने बताया कि यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप एंड्रॉयड को अपने ऑपरेटिंग सिस्टम पर मुफ्त डाउनलोड किया जा सकता है और रकम का भुगतान ऑनलाइन बैंकिंग या आर-वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता हैI रजिस्ट्रेशन के लिए ऐप पर अपना नाम, मोबाइल नंबर, आईडी कार्ड नंबर दर्ज करना होगा तथा मोबाइल पर आए ओटीपी के माध्यम से साइन अप करने पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आईडी और पासवर्ड पहुँच जाएगा। इस आईडी और पासवर्ड से लॉग इन कर यात्री प्रस्थान और आगमन स्टेशनों के नाम/स्टेशन कोड दर्ज कर डिजिटल भुगतान कर अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं।

## छह माह से स्कूलों को नहीं मिली कंपोजिट ग्रांट

अयोध्या कार्यालय

» शिक्षक चॉक, डस्टर एवं जरूरी सामान स्वयं खरीद रहे

**अमृत विचार :** नया शिक्षा सत्र शुरू हुए छह माह से ज्यादा का समय बीत चुका है। फिर भी अब तक जिले के 1792 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों को ग्रांट की धनराशि प्राप्त नहीं हुई है। ऐसे में स्कूल की रंगाई पुताई के अलावा मरम्मत तक का काम अटका है। वहीं चॉक, डस्टर से लेकर स्कूल की अन्य जरूरत का सामान शिक्षक स्वयं खरीद रहे हैं।

जिले के 1792 विद्यालयों में डेढ़ लाख बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। इन स्कूलों को बच्चों के हिसाब से कंपोजिट ग्रांट का पैसा मिलता है। जिसके तहत 100 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को 25 हजार, 200 छात्र संख्या वाले स्कूलों को 50 हजार और 300 छात्र संख्या वाले स्कूलों को एक लाख रुपये की धनराशि कंपोजिट ग्रांट के रूप में प्राप्त होती है। इस पैसे से अध्यापक चॉक से लेकर हाथ धोने के लिए साबुन, टॉयलेट क्लीनर सहित स्कूलों में जरूरत की चीजें खरीदते हैं। साथ ही स्कूलों में रंगाई-पुताई भी कराई जाती है। इसके अलावा स्वच्छता सामग्री व छोटी मोटी मरम्मत पर भी कंपोजिट ग्रांट का पैसा खर्च किया जाता है। शिक्षकों को यह धनराशि 31 मार्च तक खर्च करनी होती है। अप्रैल से शुरू हुए नए शैक्षिक सत्र को छह माह से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक कंपोजिट ग्रांट की धनराशि स्कूलों को नहीं मिली है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय का कहना है कि शासन स्तर से धनराशि प्राप्त होते ही निर्गत की जाएगी। किन्हीं कारणों से इस सत्र में विलम्ब हुआ है।





सीएचसी पर अधीक्षक को ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में ज्ञापन देतीं कार्यकत्रियां। अमृत विचार

## ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में उतरीं स्वास्थ्य कार्यकत्रियां

पूराबाजार/ मवई, अयोध्या। अमृत विचार : शासन द्वारा जारी ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में मंगलवार को स्वास्थ्य कार्यकत्रियों ने पूराबाजार सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा और मवई सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपे। सीएमओ को संबोधित ज्ञापन में स्वास्थ्य कार्यकत्रियों (एएनएम) ने कहा कि शासन से जारी निर्देश में पोर्टल पर दो फोटो एक सीएचसी के अंदर की एक सीएचसी के बाहर की ऑनलाइन हाजिरी देते हुए रोड अपलोड करना है, जो हो पाना कठिन है। ऑनलाइन हाजिरी की यह व्यवस्था स्वास्थ्य कार्यकत्रियों के लिए परेशानी का सबब बन जाएगी। मांग की गई है कि इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। इस दौरान एएनएम पूजा दुबे, सारिका पांडे, उर्मिला तिवारी, दीपा सिंह, रागिनी सिंह, ज्योति गुप्ता, गुलाल देवी, उषा, पूनम, कुसुम, सुमनलता आदि मौजूद रहीं।

### नवजात की मौत स्टाफ नर्स पर लापरवाही का आरोप

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : सीएचसी में प्रसव के दौरान नवजात की मौत पर परिजनों ने एक स्टाफ नर्स पर लापरवाही का आरोप लगा उपजिला अधिकारी से शिकायत की है। पति कमलासन विश्वकर्मा का आरोप है प्रसव के लिए शनिवार रात को भर्ती कराई गई किठावा निवासी लालती के नवजात बच्चे की मौत नर्स की लापरवाही के कारण हुई है। प्रसूता की हालत गंभीर होने के बावजूद नर्स ने जिला चिकित्सालय नहीं रेफर किया। सीएचसी प्रभारी डॉ .पीसी भारती ने बताया मामले की जांच की जा रही है। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सहकारिता से किसानों की आर्थिक स्थिति में आई मजबूती : राठौर

मिल्कीपुर, अयोध्या



सहकारिता राज्य मंत्री जेपीएस राठौर संबोधित करते हुए।

» सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा-मोदी सरकार ने पाकिस्तानी आतंकियों के हाथ में थमाया कटोरा

**अमृत विचार:** सहकारिता राज्य मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार सहकारिता को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। सहकारिता से किसानों की आर्थिक स्थिति में बदलाव आया है। उन्हें मजबूती मिली है। प्रयास है कि सहकारिता किसानों की बेहतर सहयोगी बने। वह मंगलवार को मिल्कीपुर पेट्रोल पंप के निकट मैदान में सहकारिता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

कहा कि कुछ साल पहले तक सहकारी बैंकों की स्थिति दयनीय थी। प्रदेश की करीब 50 सहकारी बैंकों में से 16 बंद हो गई थीं। जिन किसानों के उसमें पैसे जमा थे, वे परेशान थे। मुख्यमंत्री ने बंद पड़ी सभी सहकारी बैंकों को वित्तीय सहायता दिलाकर चालू कराया। साल 2014 में किसानों के लिए बजट 21000 करोड़ था। मोदी सरकार ने इसे बढ़ाकर एक लाख 31 हजार करोड़ कर दिया है। इसमें यूरिया डीएपी की सब्सिडी अलग है। किसान सम्मान निधि अलग है। पीएम मोदी किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कई कार्यक्रम चला रहे हैं। पहले की सरकारों में पाकिस्तान, भारत में आतंकी हमले करवाता था, लेकिन मोदी सरकार ने पाकिस्तान की फंडिंग पर रोक लगवाई। जिन आतंकियों के हाथों में एके-47 हुआ करती थी। उनके हाथों में आज कटोरा है। कार्यक्रम के आयोजक व अयोध्या अम्बेडकरनगर को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने कहा कि दोनों जिले के किसानों को बेहतर सुविधा मिले इसका प्रयास है।

सम्मेलन में पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी, जिपं सदस्य अशोक मिश्रा, सहकारिता विभाग के उप निबंधक विकास कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सुभाष चंद्र चौरसिया, सहायक विकास अधिकारी संजय सिंह व सहकारिता विभाग के सचिव, मीडिया प्रभारी डॉ. रजनीश समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर प्रधानों ने दिया धरना, की नारेबाजी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अपनी मांगों को लेकर प्रधानों ने मंगलवार को ब्लॉकों पर धरना-प्रदर्शन किया। नारेबाजी की। चेतावनी दी कि मांगों पर यदि प्रभावी कार्रवाई न हुई तो प्रधान संघ जिले स्तर पर आंदोलन के तहत गिरफ्तारी देंगे।

पूराबाजार प्रतिनिधि के मुताबिक अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह अंकुर सूर्यवंशी की अध्यक्षता में खंड विकास अधिकारी को आठ सूत्री ज्ञापन सौंपा। इसमें मछली ठेकों से प्राप्त आय का 75 फीसदी गांव निधि में जमा कराने, मनरेगा बिलों की फीडिंग में अनियमितता समाप्त कराने, ब्लॉक प्रमुखों की सुरक्षा, प्रधानों को शस्त्र लाइसेंस जारी करने, जल जीवन मिशन के तहत टूटी सड़कों की मरम्मत सहित अन्य शामिल हैं। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 16 अक्टूबर तक इन मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो जिले के सभी ब्लॉकों पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन होगा। अनदेखी पर जिले स्तर पर प्रदर्शन होगा। संगठन के सभी सदस्य सामूहिक गिरफ्तारी देंगे। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष रक्षा राम यादव, सुरेंद्र यादव, जिला महासचिव अनूप वर्मा, राकेश सिंह, अनिल तिवारी, विजय रंजन, गया प्रसाद यादव, सुनील मौर्य सहित तमाम प्रधान थे।



ब्लॉक अध्यक्ष पूरा अभिषेक सिंह अंकुर सूर्यवंशी के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन करते प्रधान।

सोहावल प्रतिनिधि के मुताबिक आंदोलित प्रधानों ब्लॉक मुख्यालय पर धरना दिया। ज्ञापन कार्यवाहक खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह को सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष अनुराग सिंह के नेतृत्व में आयोजित धरने में संघ के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह भी पहुंचे। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बीपीएस, संचित ग्राम कोष, राज्य वित्त, 15 वां वित्त आदि से पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों के बिल डेटा फीडिंग न कराए जाने से प्रधानों का जिले में 19 करोड़ से ज्यादा की रकम फंसी है। भ्रष्टाचार में जकड़े विभागीय कर्मी शासन से रोक होने की बात करते हैं जबकि जिला प्रशासन इससे इंकार करता है। धरने में मनोज कुमार सिंह, राम बचन, धर्मेंद्र यादव, वकार खान, अंबरीश पांडे, नीरज कनौजिया, रजपता देवी, शांति देवी, अयोध्या प्रसाद वर्मा, शिवाकांत तिवारी, राकेश कुमार, जयसिंह समेत कई प्रधान शामिल रहे। तारून प्रतिनिधि के मुताबिक प्रधान संघ के अध्यक्ष सुरेश सिंह के नेतृत्व में धरना दिया गया। खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। बीडीओ हरिश्चंद्र सिंह ने कहा कि इन समस्याओं का समाधान जल्द ही किया जाएगा।

» कहा-प्रभावी कार्रवाई न हुई तो जिले पर देंगे सामूहिक गिरफ्तारी

रुदौली प्रतिनिधि के मुताबिक ब्लॉक प्रधान संघ के अध्यक्ष बल भद्र यादव के नेतृत्व में प्रधानों ने धरना देकर खंड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता को ज्ञापन दिया। धरने में शिव सरन यादव, अर्चना श्रीवास्तव, रमेश, पुनवासी, राधे श्याम, विजय कुमार, रामावती, जंग बहादुर यादव सहित अन्य ग्राम प्रधान मौजूद रहे। इसी तरह अन्य ब्लॉकों पर भी धरना-प्रदर्शन किया गया।

## महिला तीमारदार को लेकर भिड़े दो सुरक्षा गार्ड, उंगली पर काटा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आपात चिकित्सा कक्ष में भर्ती के मरीज की महिला तीमारदार को लेकर सोमवार रात जिला अस्पताल में तैनात दो सुरक्षा आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच गाली-गलौच हुई। विवाद के बाद एक सुरक्षा गार्ड ने दूसरे गार्ड की उंगली पर दांत से काट लिया। अस्पताल प्रबंधन ने दोनों सुरक्षा गार्डों का सात दिन का वेतन काटने और दोनों को सात दिन ड्यूटी से निलंबित किए जाने का आदेश जारी किया है।

आपात चिकित्सा वार्ड में सोमवार रात आईसी वर्ल्ड के सुरक्षा गार्ड कैंट थाना क्षेत्र के बनवीरपुर निवासी रंजीत की ड्यूटी लगाई गई थी। इसी कंपनी के सुरक्षा गार्ड विशाल की ड्यूटी जिला अस्पताल परिसर स्थित रैन बसेरे पर लगी थी। आपात चिकित्सा वार्ड में भर्ती एक मरीज की तीमारदारी के लिए एक महिला आई थी। सुरक्षा गार्ड विशाल इसी महिला तीमारदार की तरफदारी कर रहा था और अपनी ड्यूटी छोड़कर बार-बार आपात चिकित्सा वार्ड में चक्कर लगा रहा था। यह बात आपात चिकित्सा वार्ड की सुरक्षा में तैनात गार्ड को नागवार लगी और आधी रात के बाद करीब तीन बजे विवाद हो गया। पीड़ित गार्ड रंजीत का कहना है कि विरोध करने पर विशाल ने हाथ पकड़ लिया और उंगली में दांत से काट लिया। उंगली में टांका लगाना पड़ा है। अस्पताल के सहायता केंद्र प्रबंधक राजेंद्र का कहना है कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है। दोनों सुरक्षा गार्डों का सात दिन का वेतन काटने और आगामी सात दिनों तक ड्यूटी न देने का निर्णय लिया गया है। अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने बताया कि सुरक्षा गार्ड आपूर्ति करने वाली संस्था को पत्र लिखा है।

» अस्पताल प्रबंधन ने दोनों को सात दिन के लिए किया निलंबित

### सार-संक्षेप



अधिग्रहण मामले में पीड़ितों से मिलते पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन।

#### पूर्वमंत्री ने सुना लोगों का दर्द, दिया आश्वासन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : कनीगंज अयोध्या में रेलवे प्लेटफार्म के विस्तारीकरण व सौंदर्यीकरण के नाम पर भूमि और मकानों के अधिग्रहण के मामले में मंगलवार को पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने लोगों से मिलकर उनका दर्द सुना। पूर्व मंत्री ने कहा कि घरों को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। सपा पूरी लड़ाई लड़ेगी। इस मौके पर रणजीत दुबे, दीपक यादव ,शीत प्रसाद दुबे, विद्यानिवास शास्त्री, सुरेश दत्त पांडेय, ज़िला अध्यक्ष पारस नाथ यादव, श्याम कृष्ण श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

#### सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे कांग्रेस के दिग्गज नेता



कांग्रेस जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम के घर सांत्वना देने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अन्य कांग्रेस नेता।

अयोध्या, अमृत विचार : मिल्कीपुर में बुधवार को प्रस्तावित कांग्रेस के संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन में शामिल होने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय, राष्ट्रीय सचिव सत्य नारायण पटेल, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना सहित अन्य नेता यहां पहुंच गए हैं। कांग्रेस जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम के भतीजे की मौत पर उनके घर पहुंच सांत्वना देने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहुंचे। उनके साथ जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह आदि थे।

#### संयुक्त चालक-परिचालक कर्मचारी यूनियन ने किया प्रदर्शन



रोडवेज कार्यालय के सामने प्रदर्शन व नारेबाजी करते चालक-परिचालक।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अपनी मांगों को लेकर रोडवेज के संयुक्त चालक परिचालक कर्मचारी संघर्ष यूनियन के कर्मचारियों ने मंगलवार को रोडवेज स्थित कार्यालय पर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। संविदा चालक परिचालक कर्मचारियों ने कहा कि विभाग से उनका शोषण किया जा रहा है। यूनियन के नेताओं ने की मांग की कि न्यूनतम वेतनमान निर्धारित किया जाए। लंबी दूरी की सेवाओं में नियमित चालक की भांति संविदा चालकों को पूरा किलोमीटर दिया जाए। सेवा काल के दौरान दुर्घटना, सामान्य मृत्यु, सेवाकाल पूर्ण होने पर इलाज, ग्रेच्युटी एवं आर्थिक सहायता दी जाए। ईएसआई की व्यवस्था लागू की जाए। कहा कि इन मांगों के निराकरण की मांग को लेकर आठ अक्टूबर को सत्याग्रह किया गया था लेकिन अभी तक कोई भी मांग पूरी नहीं की गई। 22 अक्टूबर को लखनऊ के इको गार्डन में विशाल धरना प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार करेंगे। प्रदर्शन में सुनील मिश्रा, पवन सिंह, अरविंद जायसवाल, शिवकुमार मिश्रा, शैलेन्द्र, विद्यासागर, दुर्गेश दूबे, अनिल दूबे, रामगोपाल जायसवाल व सभी संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।





संभागीय शास्त्रीय संगीत में जेबी अकादमी के विजेता प्रमाण पत्र के साथ।

## संभागीय शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में जेबीए का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के तत्वावधान में सोमवार को मनूचा महिला महाविद्यालय में संभागीय शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जेबीए के अक्षत सिंह प्रथम व शाश्वत मिश्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं तबला वादन में जेबीए के दैवतयन कुमार ने प्रथम व सार्थक चौबे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कथक नृत्य प्रतियोगिता में जेबी अकादमी की कात्यायनी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जेबीए के प्रधानाचार्य वीके जोशी ने अकादमी के संगीत विभाग की सराहना करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बताया कि अकादमी के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र लखनऊ में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय संगीत प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

राजनीति | उपचुनाव स्थगन का अपने तरह का यह जिले में पहला मामला

# तो मिल्कीपुर ने रच दिया राजनीति में नया इतिहास

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** मिल्कीपुर, राजनीति में इतिहास रचने की धरती रही है। जब कांग्रेस को जलजला होता था तो यहां से विधानसभा में कम्ययुनिष्ट पार्टी की हंसिया-बाली का बोलबाला होता रहा। तीन बार के उपचुनाव का इतिहास भी जिले में मिल्कीपुर के ही नाम है। वहां नब्बे के दशक के बाद दो बार उपचुनाव हो चुके हैं। यह तीसरा उपचुनाव है, लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है कि व्यवस्था से दलों और प्रत्याशियों तक किसी को कानोकान खबर नहीं हुई। उपचुनाव की तैयारी होती रही लेकिन जब ऐन वक्त आया तो उपचुनाव स्थगित हो गया। ऐसा जिले के इतिहास में पहली बार हुआ है। मिल्कीपुर ने उप चुनाव स्थगन का अपने तरह का एक नया इतिहास रच दिया।

साल 2012 के पहले तक मिल्कीपुर सामान्य विधानसभा क्षेत्र था। स्वतंत्रतता के बाद कांग्रेस का बोलबाला था। तीन बार कांग्रेस जीती लेकिन इसके बाद लाल झंडे ने इस विधानसभा क्षेत्र की सियासी धारा को बदल दिया। पूरे प्रदेश में कांग्रेस का जलजला रहता लेकिन मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में हंसिया-बाली सिर चढ़कर बोलती। भारतीय कम्युनिष्ठ पार्टी से मित्रसेन यादव चार बार विधायक बने। फिर सपा से एक बार विधायक बने। साल 1998 में वह विधायक थे, लोकसभा चुनाव में सांसद चुने गए तो यह सीट रिक्त हुई और उपचुनाव हुए। इस चुनाव में भाजपा के मथुरा प्रसाद तिवारी विधायक चुने गए। साल 2004 में यहां से विधायक रहे आनंदसेन यादव ने अपने पिता के साथ बसपा का दामन थामा तो फिर उपचुनाव हुए। इसमें राम चंद्र यादव विधायक बने। विधानसभा में मिल्कीपुर से सीपीआई चार बार, सपा दो बार, कांग्रेस से तीन बार, बसपा और जनसंघ से एक-एक बार प्रतिनिधित्व किया गया।

साल 2024 के लोक सभा चुनाव में एक बार फिर स्थिति वैसी ही बनी जब सपा विधायक अवधेश प्रसाद सांसद बने, विधानसभा सीट खाली हुई। यह मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव का तीसरा मौका है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को उपचुनाव की घोषणा की तो मिल्कीपुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र नदारद हो गया। किसी को उम्मीद नहीं थी कि मिल्कीपुर उपचुनाव की घोषणा नहीं होगी। यह तब हुआ जब विपक्ष से कहीं ज्यादा सत्ता दल का फोकस चुनाव पर रहा। जिले में ऐसा पहली बार हुआ है कि अचानक उपचुनाव की घोषणा रुक गई। लोग हतप्रभ हैं। राजनीति के हल्के में सवाल भी कई तरह के उठ रहे है। चार महीने तक प्रचार होता रहा और रिट याचिका की ओर किसी दल या संभावित प्रत्याशी का ध्यान नहीं गया। चुनाव प्रचार को लेकर मंत्रियों के दौरे होते रहे। विधायकों से पूर्व विधायक तक शामिल रहे लेकिन किसी को भी अंदाजा नहीं लगा कि रिट याचिका से चुनाव स्थगित हो सकता है। रिट याचिका को लेकर संबंधित राजनीतिक दल को संज्ञान में नहीं लिया गया। विपक्ष भी तैयारी में रहा उसे भी भान नहीं रहा। या फिर इसके पीछे भी कोई राजनीति या कूटनीति है? नए इतिहास के बाद रिट याचिका दाखिल करने वाले पूर्व विधायक ने इसे वापस लेने की घोषणा की है।

फिलहाल राजनीतिक दल सन्नाटे में हैं, प्रत्याशी और दावेदार कोस रहे हैं। जनता हतप्रभ है। पूरे जिले में लोगों की जुबान पर केवल मिल्कीपुर का उपचुनाव की चर्चा है।

卐 पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

# विमान में बम की सूचना से हड़कंप, ढाई घंटे जांच

**139 यात्री विमान में थे सवार**

## जयपुर से अयोध्या आ रहा एयर इंडिया एक्सप्रेस का जहाज | एयरपोर्ट पर बम स्क्वायड टीम ने यात्रियों की जांच, सामान को भी खंगाला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जयपुर से अयोध्या मंगलवार को आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान में बम की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। विमान में 139 यात्री सवार थे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बम स्क्वायड की टीम ने करीब ढाई घंटे तक जांच पड़ताल की। तलाशी के दौरान यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुछ यात्रियों की तबीयत बिगड़ने की भी सूचना है। सब कुछ ठीक-ठाक मिलने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट से बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंचे एसएसपी ने कुछ भी बोलने से मना कर दिया। मामला संवेदनशील होने के नाते एयरपोर्ट पर एटीएस कमांडो लगा दिए गए थे।

अयोध्या के मंगलवार को अफरा-तफरी जैसा माहौल रहा। जयपुर से अयोध्या आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में बम होने की सूचना स्टेशन मैनेजर को ट्विटर हैंडल पर दोपहर में एक बजकर 41 मिनट पर मिली। विमान यहां दो बजकर एक मिनट पर लैंड हुआ। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने जिला व पुलिस प्रशासन को मामले से अवगत कराया। इसके बाद मौके पर बम स्क्वायड की टीम पहुंच गई। डॉग स्क्वायड की टीम के साथ सुरक्षा कर्मियों ने एयरपोर्ट को अपने घेरे में ले लिया।


यात्रियों को विमान से उतारकर तीन-तीन फीट की दूरी पर खड़ाकर तलाशी ली गई। अमृत विचार


एयरपोर्ट के बाहर तैनात एटीएस कमांडो। अमृत विचार

### अस्पताल और चिकित्सकों को किया गया अलर्ट

विमान में बम की सूचना मिलने के बाद सीएमओ डॉ. संजय जैन की ओर से अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने बताया कि सीएमओ से सूचना मिलने के बाद जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड व आईसीयू वार्ड के समस्त स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया था। विशेषज्ञों को भी तत्काल प्रभाव से बुला लिया गया था।

### हवा में ही पायलट को मिल गई थी सूचना

एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि जयपुर से अयोध्या आ रही फ्लाइट में बम होने की सूचना एयर लाइन्स कंपनी ने कॉकपिट में बैठे पायलट को उड़ान के दौरान ही मिल गई थी। पायलट ने बड़ी सूझबूझ से विमान को अयोध्या एयरपोर्ट पर लैंड कराया। अंदर बैठे किसी भी यात्री को विमान उतरने से पहले बम की सूचना होने की खबर तक नहीं लगी।

### विदेशी श्रद्धालु बोला - बहुत जरूरी थी चेकिंग

इस्कॉन से जुड़े विदेशी नागरिक शिवाराम स्वामी ने कहा कि वह हंग्री से रामलला के दर्शन करने आए हैं। उनके साथ कई लोग हैं। उन्होंने कहा कि बम की सूचना थी। सुरक्षा में लगी टीमों ने बहुत ही अच्छे तरीके से जांच की। मुझे कोई समस्या नहीं हुई।


**जय सियाराम :** विदेशी श्रद्धालु एयरपोर्ट से बाहर निकलकर जय सियाराम के जयकारे लगाए। उनका कहना था कि अयोध्या पर बुरी नजर रखने वालों को श्रीराम नहीं बख्शेंगे।

## पत्नी के लिए रहा परेशान तो कोई बहू का करता रहा इंतजार

जयपुर से मंगलवार को आए विमान में बम की सूचना मिलने के बाद एयरपोर्ट पर अपनों को लेने पहुंचे लोग उनकी एक झलक पाने को परेशान दिखे। लोग बार-बार उन्हें फोन कर रहे थे। कह रहे थे। यहां धूप में खड़ा किया गया है। कोई पानी भी देने वाला नहीं है। बहुत तकलीफ हो रही है। खलीलाबाद से आए अजय पांडेय ने बताया कि उनके चाचा फ्लाइट से आए हैं, लेकिन अभी तक बाहर नहीं आने दिया गया। फोन किया तो बताया कि चेकिंग हो रही है। डॉ. राम सिंह अपनी पत्नी को लेने गए थे। उन्होंने बताया कि पत्नी को फोन किया तो पता चला कि अभी थोड़ा टाइम लगेगा। अपने भाई को लेने पहुंचे राम भवन ने कई बार अपने भाई से बात की तो पता चला कि बड़ी जांच हो रही है। नेपाल के भैरवा से पवन गर्ग एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बहू को लेने आए हैं। उनकी बहू का मायका जयपुर में है, लेकिन अब देर हो रही है। शाम को बॉर्डर भी बंद हो जाएगा। अब निकल पाना मुश्किल ही लग रहा है।


अजय


रामभवन


पवन गर्ग


डॉ. राम सिंह


एयरपोर्ट के बाहर अपनों का इंतजार करते लोग।

### लैंडिंग के 15 मिनट बाद खोला गया विमान का दरवाजा

जयपुर में अपनी बेटी से मिलकर लौट रहीं शिव नगर कॉलोनी निवासी सीमा सिंह ने बताया कि विमान की लैंडिंग के बाद जब उतरने के लिए दरवाजा नहीं खोला गया तो कुछ गड़बड़ लगी। 15 मिनट बाद जब दरवाजा खुला तो पुलिस अधिकारी विमान में चढ़ गए और सबको नीचे उतरने के लिए कहा गया।

### तीन-तीन फीट की दूरी पर धूप में खड़ा कराया, बिगड़ी तबीयत

जयपुर में व्यवसाय के सिलसिले से गए रामनयन ने बताया कि हमें तीन-तीन फीट की दूरी पर खड़ा कराया गया। कहा गया अपना-अपना सामान सामने रखो। दो घंटे तक हम सब धूप में ही खड़े रहे। नाश्ते-पानी का कोई प्रबंध नहीं था। सबसे अधिक दिक्कत शुगर के मरीजों को हुई। कुछ मरीज परेशान हो गए थे।

> विमान की आपात लैंडिंग नहीं कराई गई है। जयपुर से अयोध्या विमान आ रहा था। बम की सूचना पर जांच के बाद यात्रियों की तलाशी ली गई। उसके बाद उनका लगेज भी चेक कराया गया। इस पूरी प्रक्रिया में समय लग गया। बम जैसी कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।
>
> - विनोद कुमार, निदेशक, एयरपोर्ट।


एयरपोर्ट से बाहर निकलकर पत्रकारों से बात करता युवक। अमृत विचार

### चचेरे भाई का निधन नहीं निकलने दिया तो काटा हंगामा

बम की सूचना के बीच एयरपोर्ट से निकले एक युवक ने जमकर हंगामा काटा। यूएस से आए संतोष गोस्वामी ने बताया कि उनका यहां देवकाली में घर है। वह बंगलुरू जाने के लिए दोपहर 12 बजे एयरपोर्ट पहुंच गए। बीमार मां को रामेश्वर दर्शन कराने ले जा रहे थे। 12:30 बजे के करीब उन्हें फोन आया कि उनके चचेरे भाई का निधन हो गया है। चेकइन में उनका सामान था। उन्होंने तत्काल लोगों से बाहर निकालने की मांग की, लेकिन चार बजे तक उन्हें निकलने नहीं दिया गया। हम लोग चार घंटे एयरपोर्ट पर रोते रहे लेकिन प्रशासन को हमारे आंसू नहीं दिखाई दिए।

### यात्रियों में उबाल, भूखा-प्यासा क्यों बैठाए रखा

विमान से उतारे गए यात्रियों ने अधिकारियों के सामने बवाल भी काटा। हालांकि चेकिंग सभी ने कराई, लेकिन उनमें गुस्सा इस बात को लेकर था कि हमें भूखा-प्यासा क्यों बैठाए रखा गया। रनवे पर कड़ी धूप में सभी के हलक सूख गए। एयरपोर्ट से बाहर निकलकर कई यात्रियों ने प्रशासन को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उनका कहना था कि पहले उतारा गया, फिर धूप में खड़ा कर दिया गया। इस संबंध में निदेशक विनोद कुमार का कहना था कि जांच प्रक्रिया हमारे लिए महत्वपूर्ण थी। जांच के बाद सभी को पानी पिलाया गया।

### आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में मौसम शुष्क बने रहने के आसार हैं।

| 32.0° | 20.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### आज के कार्यक्रम

- रेतिया के पहाड़वीर मंदिर में चिकित्सा शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से।
- मिशन शक्ति के तहत जिले में जागरूक अभियान सुबह 10 बजे से।
- कांग्रेस का संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन मिल्कीपुर में सुबह 11 बजे से।
- सपा शिक्षक सभा की मासिक बैठक गुलाबबाड़ी कार्यालय पर दोपहर 2 बजे से।

### एक नजर

#### निरीक्षक शशिकांत को पटरंगा थाने का प्रभार

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** गैर जनपद तबादला होने के चलते पटरंगा थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव को एसएसपी ने नई तैनाती के लिए रिलीव कर दिया है। साइबर क्राइम थाने का प्रभार देख रहे निरीक्षक शशिकांत यादव को पटरंगा थाने का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया है। मंगलवार को नवागत थाना प्रभारी ने पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने संभ्रांत लोगों से आपराधिक गतिविधि पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग की अपील की है।

#### डेंगू के नौ मरीज मिले

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में सोमवार को डेंगू के नौ मरीज सामने आए हैं। हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक नगर क्षेत्र में सात, पूराबाजार और बीकापुर में एक-एक केस सामने आए हैं। अब तक 228 मरीज मिले हैं। इसमें 201 ठीक हो चुके हैं, जबकि 27 का इलाज चल रहा है।

# दीपोत्सव को भव्य एवं विश्व स्तरीय बनाएं : मंडलायुक्त



दीपोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** दीपोत्सव को भव्य, दिव्य एवं विश्व स्तरीय बनाने के लिए अधिकारी अधिकारी अपने निर्धारित दायित्वों को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा करें। ये निर्देश मंगलवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल ने दिए। वह आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में दीपोत्सव को लेकर विभागों के अफसरों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने दीपोत्सव में 25 लाख दीयों को प्रज्ज्वलित कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाए जाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए सभी तैयारियां पूर्व से ही कर ली जाए। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नोडल अफसर संत शरण मिश्र ने बताया कि लगभग 55 घाटों को चिन्हित कर उनकी मैपिंग की जा चुकी है। दीप प्रज्ज्वलन के लिए 30 हजार स्वंयसेवक तैनात किए गए हैं। पहचान पत्र बनाने की ऑनलाइन प्रक्रिया चल रही है। बताया कि इस दीपोत्सव में भजन संध्या स्थल में भी छह लाख दीये जलाए जाने का प्रबंध किया गया है।

कमिश्नर ने कहा कि पर्यटन विभाग से इस दीपोत्सव में लगभग 11 सौ लोगों से एक साथ सरयू आरती कराकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने झांकियां एवं शोभायात्रा, राम की पैड़ी पर चलने वाले लेजर शो, पुराने सरयू पुल पर आतिशबाजी शो की तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर लगने वाली वैरीकेडिंग मजबूत हो। सभी गतिविधियों की मार्क ड्रिल/रिर्हसल भी पहले किया जाए। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने राजकीय निर्माण निगम से कराए जा रहे घाटों के सौंदर्यीकरण के कार्यो को तत्काल पूर्ण करने और दीपोत्सव के लिए अन्य चिन्हित घाटों की सफाई सहित अन्य कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। बैठक में एसएसपी राजकरन नैय्यर, पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, डीएफओ प्रणव जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय जैन, सचिव अयोध्या विकास प्राधिकरण सत्येन्द्र कुमार सिंह, आरटीओ, जिला सूचना अधिकारी, पर्यटन, अपर नगर आयुक्त गण, मंदिर मजिस्ट्रेट के साथ मेला सहायक कौशल किशोर श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।

### 30 को होगा दीपोत्सव

अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल ने दीपोत्सव मेला के बारे में जानकारी दी। 28 अक्टूबर को गोवत्स द्वादशी, 29 अक्टूबर को धन त्रयोदशी, 30 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी/छोटी दीपावली (दीपोत्सव) और 31 अक्टूबर को दीपावली का पर्व है।

# यूरिया मिलाकर शराब बनाने के मामले में 10 साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** यूरिया मिलाकर अवैध शराब बनाने के मामले में कोर्ट ने दोषी पाते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 14000 रुपये का जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज प्रेम प्रकाश की अदालत से मंगलवार को हुआ।

एडीजीसी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि घटना 26 अक्टूबर 2011 की है। दरोगा विजय बहादुर सिंह को सूचना मिली कि भवनियापुर मोड के पास प्राइमरी स्कूल के बगल में सरपत की झुरमुट की आड़ में अल्कोहल जैसे तरल पदार्थ यूरिया खाद मिलाकर शराब शीशी में भरकर बिक्री के लिए तैयार की जा रही है। वो टीम के साथ पहुंचे तो वहां दो व्यक्ति बैठे थे। बगल में पिपिया, शीशी रखी थी। उन्हें पकड़ा गया तो एक ने अपना नाम सतीश कुमार सिंह निवासी ड्योढी बाजार व दूसरे ने अवधेश उर्फ भोलू निवासी मकसूमगंज मंगलसी थाना रौनाही बताया। अवधेश उर्फ भोलू के कब्जे से पुलिस पार्टी को डेढ़ लीटर तरल पदार्थ और 100 ग्राम यूरिया बरामद हुई थी। यूरिया मिलाकर जहरीली शराब बनाई जाती थी। पुलिस ने विवेचना के बाद मामले में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अवधेश को सजा दी आरोपी सतीश की पत्रावली अभी न्यायालय में विचाराधीन है।



### सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सुनवाई अब 16 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** भदरसा में 12 वर्षीय किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को गवाही नहीं हो सकी। अब इसमें अगली पेशी 16 अक्टूबर नियत की गई है। मामले में मंगलवार को पेशी थी और गवाही के लिए पीड़िता तथा उसकी मां को तलब किया गया था लेकिन दोनों अदालत नहीं पहुंची। इसलिए मामले में गवाही की कार्यवाही नहीं पूरी हो सकी।

### सार-संक्षेप

#### अवधेश चुने गए थे विधायक, गोरखनाथ दूसरे स्थान पर

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** साल 2022 के विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर (सुरक्षित) विधानसभा क्षेत्र से सपा से अवधेश प्रसाद चुनाव जीते थे। चुनाव में रनर भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ थे। मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में सपा के अवधेश प्रसाद को एक लाख तीन हजार वोट मिले थे। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार गोरखनाथ को बाबा को करीब 13 हजार वोटों से हराया। गोरखनाथ को लगभग 90 हजार 567 वोट मिले थे। इससे पहले 2017 के चुनाव में बाबा गोरखनाथ मिल्कीपुर से विधायक बने थे। साल 2022 के चुनाव के बाद शपथ पत्र को लेकर उन्होंने हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की। फैजाबाद लोकसभा सीट से हार के बाद भाजपा और सपा ने इस सीट को नाक का सवाल बना लिया। उसी के हिसाब से तैयारी की जा रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सीट के चुनाव की स्वयं निगरानी कर रहे हैं। वह चार बार मिल्कीपुर का दौरा कर चुके हैं। भाजपा से कई दावेदार लाइन में हैं। सपा ने सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को अपना प्रत्याशी बनाया है। क्षेत्र में पूरी तरह से चुनावी माहौल भी बन चुका है। भाजपा उम्मीदवार के घोषणा के कयास लगाए जा रहे थे। इसी बीच खबर आई कि मिल्कीपुर का चुनाव रुक गया। अब हलचल है।

#### गोसाईगंज में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र में सोमवार देर शाम सीताराम घाट एवं महादेवा घाट पर बड़ी संख्या में दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित की गईं। जिला प्रशासन द्वारा छोटी-बड़ी गाड़ियों का डायवर्जन न किए जाने से मेलार्थियों को परेशानियां उठानी पड़ी। दोपहर बाद अबीर-गुलाल एवं डीजे की धुन पर गाजे- बाजे के साथ निकली शोभायात्रा रामगंज, ठंडी सड़क, तेलियागढ, सरस्वती नगर, मेनरोड,भीटी चौराहा, कटरा, बस स्टॉप, नवीन मार्केट होते हुए विसर्जन स्थल पहुंची। चेयरमैन डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल, दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष हेमंत कसौधन, नायब तहसीलदार गौरी शंकर, सीजर जायसवाल, हनुमान सोनी, उत्कर्ष शेखर जायसवाल आदि मौजूद रहे। ईओ इंद्रभान ने बताया कि साफ-सफाई, चूना का छिड़काव आदि व्यवस्था की गई।

#### रक्तदाताओं का हुआ सम्मान



सम्मान समारोह में मौजूद सीएमएस, एमएस व रक्तदाता।

**अयोध्या, अमृत विचार :** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान कराने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों को मंगलवार को सम्मानित किया गया। जिला अस्पताल में हुए सम्मान समारोह में राम कृषण सेवा फाउंडेशन, सावन कृपाल रुहाली मिशन, इंसानियत फाउंडेशन, अंजुमन चार यारे इस्लाम, गरीब नवाज रिलिफ फाउंडेशन, भाजपा अयोध्या के रवि और सुनील, नेहरू युवा मंडल मंगारी बीकापुर, बैंक ऑफ बड़ौदा देवकाली व 11 जाट रेजीमेंट कैंट के लोगों को सम्मानित किया गया। सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने सभी को प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ.विपिन कुमार वर्मा, मैनेजर राजेंद्र तिवारी व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

#### विवाहिता ने खुद को लगाई आग

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली के मोतीबाग मोहल्ले में शमा परवीन (40) विवाहिता ने मंगलवार को खुद को आग लगा ली। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के समय विवाहिता का पति मो. जफर सब्जी बेचने के लिए नवीन मंडी गया हुआ था। सूचना पर पहुंचा पति लेकर जिला अस्पताल गया। जहां डॉक्टर ने शमा को मृत घोषित कर दिया। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि चौकी प्रभारी चौक धर्मेंद्र मिश्रा की ओर से जाँच-पड़ताल की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। प्राथमिक जाँच में पता चला है कि मृतका का सुबह पति से लड़ाई झगड़ा हुआ था।

**राममंदिर** | 800 मीटर की परिधि में हो रहा है परकोटा और सप्त मंडप का निर्माण, दो शिफ्टों में काम कर रहे हैं मजदूर

# मंदिर निर्माण कार्य में तेजी लाने को बढ़ाये गए 200 मजदूर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे मंदिरों के निर्माण का कार्य समय से पूरा हो सके इसके लिए 200 और मजदूर बढ़ा दिए गए हैं। ट्रस्ट के मुताबिक ये दो अलग-अलग शिफ्टों में काम कर रहे हैं। राम मंदिर के द्वितीय तल पर शिखर निर्माण के साथ मंदिर के 800 मीटर की परिधि में परकोटा का निर्माण और सप्त मंडपम का भी निर्माण किया जा रहा है।


राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे मंदिरों के निर्माण का कार्य। अमृत विचार

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक राम मंदिर का निर्माण 31 जनवरी 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। वर्तमान में परकोटा में बन रहे करिडोर के छह कोनों पर मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें शंकर, हनुमान, गणेश, सूर्य देवता, माँ दुर्गा और माता अनपूर्णा देवी की पूजा होंगी। इसके अलावा परिसर में सप्त मंडपम में महर्षि विश्वामित्र, महर्षि बाल्मीकि, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वशिष्ठ, निषाद राज, अहिल्या देवी, शबरी का मंदिर बन रहा है। इसके साथ ही मंदिर के दक्षिण और पश्चिम दिशा के बीच भगवान लक्ष्मण के शेषावतार मंदिर का भी निर्माण कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर परिसर में जो निर्माण कार्य चल रहा है, वह संतोषजनक है। आने वाले कुछ महीनों में पूरा परिसर भव्य स्वरूप दिखाई देने लगेगा। उन्होंने बताया कि मंदिरों के निर्माण में जितने भी वर्करों कि आवश्यकता पड़ रही है उसी के मुताबिक संख्या बढ़ाने का कार्य भी निर्माण संस्था एलएन्डटी कर ही है।

## आपसी विवाद में मारपीट, तीन पर केस

**अयोध्या।** आपसी विवाद को लेकर नगर कोतवाली के देवकाली क्षेत्र में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में मूल रूप से हरियाणा के अंबाला छावनी स्थित सुंदर नगर निवासी मोहन का कहना है कि वह देवकाली क्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट में काम करता है और निरंजन कुञ्ज कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर रहता है। रेस्टोरेंट से आवास जाते समय शो रूम के बगल वाली गली में साथ में काम करने वाले प्रमोद पांडेय निवासी सहनापुर अमोढ़ा थाना छावनी, बस्ती तथा दो अन्य ने मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। नगर कोतवाल अश्विनी ने बताया कि तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप



शोभायात्रा में शामिल साईं नितिन राम व सिंधी समाज की महिलाएं।

### शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

**अयोध्या, अमृत विचार :** 37वे संत जन्मोत्सव के मौके पर भव्य शोभायात्रा संत सतराम दास दरबार से रामनगर कॉलोनी में निकली। जिसका जगह-जगह स्वागत हुआ। यात्रा की अगुवाई साईं नितिन राम ने की। सिंधी ढोल शहनाई पर समाज के लोगों ने जमकर डांडिया खेला। यात्रा में रथ पर संत सतराम दास, संत कवरराम, संत रूढाराम, संत जगतराम, संत वासदेवराम के चित्र थे। शोभायात्रा में ईश्वर दास, ओमप्रकाश केवलरामानी, मुकेश रामानी, सौरभ लखमानी, राम शेवानी, जितेन्द्र खत्री, सुरेश भारतीय, योगेश बजाज, शिव आहूजा, कुमार केवलरामानी आदि सहित बडी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं।

### वार्षिक उत्सव के साथ मनाया श्रद्धांजलि समारोह



वार्षिकोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**पूरा बाजार अयोध्या। अमृत विचार :** राजबहादुर सिंह इंटर कॉलेज मड़ना के संस्थापक स्वर्गीय ओंकार सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर वार्षिक उत्सव व श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। शुरुआत ओंकार सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। प्रधानाचार्य वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि ओंकार सिंह न केवल विद्यालय की स्थापना की बल्कि गांव के बच्चों को उच्च शिक्षा का अवसर प्रदान किया। गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह ने कहा कि ओंकार सिंह ने हमेशा शिक्षा को समाज का आधार माना और जीवनभर इसी उद्देश्य के लिए कार्य करते रहे। छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र सिंह ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मूड़ाडीहा पर हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन



**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र की लगभग 45 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन दशरथ समाधि स्थल मूड़ाडीहा पर सोमवार शाम किया गया। महिलाओं ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर अखंड सौभाग्यवती होने की कामना की। पूरा बाजार में पुष्प वर्षा के साथ प्रतिमाओं को घाट की ओर रवाना किया गया। शोभायात्रा के शुभारंभ पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष गुरु प्रसाद सिंह, सुनील सिंह, पूरा व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रमोद सोनी और ज्वाला सोनी आदि लोग मौजूद थे।

### कारागार में नन्हें बच्चों के लिए नर्सरी प्ले स्कूल

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला महिला कारागार के महिला बंदियों के साथ रहने वाले छह साल से कम उम्र के बच्चों के लिए नर्सरी प्ले स्कूल नन्ही किरन शुरू किया गया। इसका शुभारंभ जिंगल बेल नर्सरी स्कूल सोसाइटी की डायरेक्टर मंजुला झुनझुनवाला और एडवाइजर अंजली ने किया। यह स्कूल महिला कारागार में स्थित 18 गुणा 18 के कमरे में संचालित किया जाएगा। महिला बंदियों के चार बच्चों को शिक्षाध्यापिका शालिनी सिंह से शिक्षा प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक उदय प्रताप मिश्र, कारापाल जितेंद्र कुमार यादव, सुरेश बहादुर सिंह, उप कारापाल माया सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### 11 प्रतिष्ठानों पर काम करते मिले 14 बाल श्रमिक

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश शासन व डीएम के निर्देश पर श्रम विभाग के नेतृत्व में चाइल्ड लाइन व संवाद सामाजिक संस्थान की टीम ने स्टेशन रोड, गांधी नगर, घोसियाना, सत्य प्रेमी नगर और पटेल तिराहे पर बालश्रम उन्मूलन अभियान चलाया। इस दौरान 11 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर कुल 14 किशोर श्रमिकों को काम करते पाये जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों के विरुद्ध बाल श्रम अधिनियम के तहत नोटिस जारी की गई। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी मोहन लाल यादव एवं योगेश दीक्षित के साथ चाइल्ड हेल्प लाइन के जिला समन्वयक मनोज कुमार व संस्थान के जिला समन्वयक विनोद कुमार शामिल रहे।

# 155 कॉलेजों ने नहीं दी फोटो युक्त नामावली

## बोर्ड परीक्षा को लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने दिया था आदेश, 20 तक डाटा होना है अपलोड

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा 2024-25 की तैयारियां माध्यमिक शिक्षा विभाग में तेजी से चल रही हैं। जिले के विद्यालयों से पंजीकृत परीक्षार्थियों की नामवलियां पोर्टल पर अपलोड कराई जा रही है। बार-बार निर्देश देने के बाद भी अभी तक 155 स्कूलों ने परीक्षार्थियों की नामावलियां कार्यालय को नहीं प्रस्तुत की है। यही नहीं परीक्षा केन्द्र बनाने के लिए भौतिक संसाधनों का डाटा भी स्कूलों से अपलोड करने में देरी हो रही है।

डीआईओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी ने मंगलवार को बताया कि जिले के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को लगातार जल्द से जल्द कार्यालय में फोटोयुक्त नामावलियां जमा करने को निर्देशित किया जा रहा है। इसके बाद भी अब तक 461 विद्यालयों में से 10 और 12वीं के परीक्षार्थियों की फोटोयुक्त नामावली 84 स्कूलों ने जमा नहीं कराई है। इसी प्रकार 9 और 11वीं के 71 विद्यालयों से फोटोयुक्त नामावलियां कार्यालय में जमा नहीं कराई गई है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार परीक्षा केन्द्र बनाने के लिए स्कूलों में मौजूद भौतिक संसाधनों का डाटा पोर्टल पर अपलोड कराये जाने को निर्देशित किया गया है। इसके बाद भी अभी तक 350 विद्यालयों ने ही पोर्टल पर डाटा अपलोड किया है। पोर्टल पर डाटा अपलोड किए जाने की तारीख 20 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इसके चलते बोर्ड परीक्षा की तैयारी में काफी विलम्ब हो रहा है। वहीं जानकारों का कहना है कि इसके पीछे नकल माफिया का खेल माना जा रहा है जो छदम नामों से परीक्षा फार्म भरवा परीक्षा में सेटिंग गेटिंग करते हैं।

### बचने के लिए दिए जा रहे कई तर्क



प्रतीकात्मक फोटो

छात्रों की फोटो युक्त नामावली को लेकर कालेजों द्वारा कई तर्क दिए जा रहे हैं। इसकी पुष्टि डीआईओएस द्वारा 14 अक्टूबर को जारी उस पत्र से होती है जिसमें लिखा गया है कि कतिपय प्रधानाचार्य और शिक्षक प्रतिनिधियों द्वारा समस्या बताई गई है। इसके लिए त्रुटि का निराकरण कर 16 अक्टूबर तक हर हाल में नामावली अपलोड किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। समस्या में बताया गया है कि पोर्टल पर छात्र - छात्राओं की फोटो अपलोड नहीं हो रही है। पूर्ण शुल्क का चालान नहीं अपलोड हो रहा है। अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेख और दिव्यांग अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र अपलोड नहीं हो रहा है। इन्ही दिक्कतों को बता कर अभी तक फोटो युक्त नामावली से कन्नी काटी जा रही है। अब बुधवार तक का समय दिया गया है।

## पत्नी से विवाद के बाद फांसी के फंदे से लटका युवक

**बाराबंकी। अमृत विचार:** मामूली विवाद के बाद पति घर के सामने बने बंगले में फांसी के फंदे से लटक गया। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सतरिख थाना क्षेत्र के बरकतनगर करीमाबाद गांव निवासी जसवंत कुमार (29) पुत्र रामनाथ की पत्नी ने एक माह पूर्व ऑपरेशन के बाद नवजात शिशु को जन्म दिया था। सोमवार को पति-पत्नी में दवाई लाने को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद पत्नी अकेले ही दवाई लेने के लिए सदरपुर चौराहा पर बने एक निजी चिकित्सक के पास चली गई। विवाद के बाद गुस्से से भरा जसवंत घर के सामने बने छप्परनुमा बंगले में पहुंचा और वहां छप्पर के बांस के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दवाई लेकर लौटी पत्नी पति को खोजने लगी, तब घर के सामने शव फांसी के फंदे से लटकते देखा। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



रुदौली की रामलीला में सोमवार रात हुए मंचन में सजा राम दरबार। अमृत विचार

## राजा राम का हुआ राजतिलक, मनाई दीपावली

**रुदौली की रामलीला में हुआ भावपूर्ण मंचन**

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली में रामलीला महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार रात राजा राम चन्द्र के राज तिलक की लीला का भावपूर्ण मंचन प्रस्तुत किया गया। दिखाया गया की अयोध्या का हर घर खुशियों के दीयों से प्रकाशमय हो गया। अयोध्या में राजा राम चन्द्र के दरबार में प्रसन्न्ता और सम्पन्नता का आगमन हुआ। चहुंओर हर्ष और उल्लास के बीच अनेक नृत्य नाटिकाओं के सहारे कलाकारों ने धर्म की विजय को सुन्दर ढंग से प्रस्तुत कर दर्शकों में रोमांच बनाये रखा। श्रीराम का राज्याभिषेक एक मुख्य आकर्षण रहा। जहां राम को धर्म और मर्यादा के प्रतीक के रूप में अयोध्या के राजा के रूप में सिंहासन पर स्थापित किया गया। दर्शकों की तालियों और श्रीराम के जयकारों के बीच राजा राम के राज्याभिषेक का कलाकारों ने अपनी कला प्रतिभा के सहार जीवंत रूप प्रदान किया। इसी के साथ इस साल के रामलीला मंचन का समापन हुआ।

## सर्व धर्म समभाव के प्रतीक थे डॉ. कलाम

अयोध्या कार्यालय

▸▸ विश्व छात्र दिवस के रूप में मनाई भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति की जयंती

**अमृत विचार :** शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तुलसीनगर में पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मंगलवार को विश्व छात्र दिवस के रूप में मनाई गई।

वंदना सभा में भैया- बहनों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल ने कहा कि 11वें राष्ट्रपति, वैज्ञानिक और अभियंता के रूप में विख्यात डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सर्वधर्म समभाव के प्रतीक थे। कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, प्रत्यक्ष उदाहरण के रूप में कलाम जी इसके साक्षी हैं। विद्यालय के विज्ञान आचार्य परमात्मादीन, आलोक कुमार मिश्र व मुकेश कुमार तिवारी ने उनके जीवन के अनेक संस्मरण बताए।



विद्यालय में पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर माल्यार्पण करते प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल।

### एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सपा कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मनाई। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने पूर्व राष्ट्रपति के जीवन के बारे में जानकारी दी। जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव, ओ पी पासवान, बाबूराम गौड़, जिला सचिव अंसार अहमद बब्बन, वसी हैदर आदि मौजूद रहे।

## फर्जी राशनकार्ड से ले रहे खाद्यान्न, जांच के आदेश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** राशनकार्ड मुखिया की मौत के बाद परिवार के लोग कार्ड को आपूर्ति कार्यालय में जमा कर दिया था। उसके बाद से कार्ड में किसी अज्ञात यूनिट को विभाग के द्वारा जोड़ दिया गया। और वह अज्ञात करीब एक वर्ष से सात यूनिट का खाद्यान्न मुफ्त में उठा रहा है। मामले में डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं।

हरख ब्लॉक के सोहिलपुर ग्राम पंचायत की राशन कार्ड मुखिया ननकी देवी का गांव में ही पात्र गृहस्ती कार्ड बना हुआ था। कार्ड में सात यूनिट दर्ज़ थे। राशन कार्ड मुखिया की करीब एक वर्ष पूर्व मौत होने के बाद परिवार के लोग कार्ड को आपूर्ति कार्यालय नवाबगंज में जमा कर दिया था। आपूर्ति विभाग की साठ-गांठ के चलते इसी राशन कार्ड में लखनऊ के नितिन रस्तोगी के नाम से यूनिट बढ़ा दिया गया और वह करीब एक वर्ष से 7 यूनिट का करीब 30 किलो खाद्यान्न हर महीने मुफ्त में उठा रहा है। राशन कार्ड मुखिया ननकी देवी की बहू चंद्रावती राशन कार्ड बनवाने के लिए जन सेवा केंद्र पर पहुंची थी। तो उसे इसकी जानकारी हुई और जिलाधिकारी से शिकायत की। जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं। जिलापूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी ने बताया कि आपूर्ति निरीक्षक को जांच दी गई है। संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## साहब चोरों ने नाक में कर दिया है दम

अयोध्या कार्यालय

▸▸ एसपी सिटी से पास पहुंचे हौसिलानगर के लोगों ने लगाई गुहार

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली के सिविल लाइंस से सटी हौसिलनगर कॉलोनी वासियों ने मंगलवार को एसपी सिटी को शिकायती पत्र सौंप मोहल्ले में हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर कार्रवाई की मांग की है।

कॉलोनीवासियों का कहना है कि कई मामलों में तो पुलिस ने शिकायत ही नहीं दर्ज की। उनका आरोप है कि आए दिन ताला टूटने की घटना सामने आ रही है। ऐसे में सुरक्षा के लिए इंतजाम कराया जाए। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने सभी को कार्रवाई का भरोसा दिया है। शिकायत सौंपने वालों में राकेश शर्मा, लाला बहादुर सिंह, हरेंद्र बहादुर, आम्बेश्वरी तिवारी, राकेश चंद, डॉ. प्राची मिश्रा समेत अन्य शामिल रहे।

### संदिग्ध ने कबूली थी वारदात, लेकिन नहीं हुआ पर्दाफाश

नगर कोतवाली के फतेहगंज स्थित बसंत का हाता निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका पुष्पलता अग्रवाल जैन पत्नी स्व. हीरालाल जैन ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर चौकी पुलिस पर चोरी के मामले की जाँच में लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि वह परिवार के साथ 4 सितंबर को दर्शन के लिए वाराणसी गई थी। 7 सितंबर की भोर में लौटी तो दरवाजे और आलमारी का ताला टूटा मिला था। आभूषण व कीमती सामान गायब था। प्रकरण में एसएसपी से शिकायत के बाद पुलिस ने बेटे अंकित कुमार जैन की तहरीर पर 20 सितंबर को अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। उनका कहना है कि 7 अक्टूबर को चौकी पुलिस एक संदिग्ध को लेकर जाँच-पड़ताल के लिए उनके घर आई थी। संदिग्ध ने चोरी की वारदात काबुल की थी लेकिन पुलिस ने कोई बरामदगी अथवा कार्रवाई नहीं की। पुलिस और संदिग्ध तथा पूरा वाकया घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुआ है। ऐसे में प्रकरण में कार्रवाई कराई जाए।

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई ट्रैक्टर चोरी की रिपोर्ट

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार:** कुर्सी थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर ट्रैक्टर चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। करीब ढाई माह पहले कुर्सी की इटौंजा रोड पर खड़ा ट्रैक्टर चोरी हो गया था। पीड़ित ने स्थानीय थाने में चोरी की तहरीर दी लेकिन कार्रवाई न होने पर उसे कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। थाना कोठी के ग्राम हुसैनपुर निवासी राहुल वर्मा पुत्र अमर सिंह ने सीजेएम कोर्ट में लिखित रूप में निवेदन किया कि 30 जुलाई को वह अपने निजी कार्य के लिए ट्रैक्टर लेकर लखनऊ के इटौंजा गया था। इटौंजा से वापस अपने गांव लौटते समय रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा कर कुर्सी कस्बे की साप्ताहिक बाजार से घर के लिए सामान खरीदने लगा। जब वह वापस मौके पर पहुंचा तो ट्रैक्टर न देख तलाश शुरू की लेकिन कोई पता नहीं लग सका। उसने तत्काल घटना की सूचना कुर्सी पुलिस को दी। उसका कहना है कि पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। कुर्सी थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर ट्रैक्टर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## इलाज की आड़ में धर्म परिवर्तन का खेल

कोठी, बाराबंकी

**चार लोग गिरफ्तार**

**अमृत विचार:** झाड़-फूंक व प्रार्थना सभा के जरिए कैंसर के इलाज की आड़ में धर्म परिवर्तन का मामला प्रकाश में आया है। धर्म परिवर्तन के खेल की पुष्टि मौके से बरामद बाइबिल की पुस्तकें भी कर रही हैं। वहीं सभा का वीडियो वायरल हो रहा है। शिकायत के बाद मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नरोत्तामऊ घाट मजरे असौरी गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद के घर के बाहर सोमवार की दोपहर तिरपाल बिछाकर करीब तीन दर्जन से अधिक महिलाएं, बच्चे व पुरुष बैठे देखे गए। लोगों के पूछने पर बताया कि यहां तीन लोग प्रार्थना सभा व झाड़-फूंक के जरिए कैंसर के इलाज की जानकारी दे रहे हैं। जबकि मौके का जायजा लेने गए ग्राम बबक्करपुर के जितेन्द्र बहादुर का कहना है कि यहां पर ईसाई धर्म से जुड़े लोग प्रभु यीशु का गुणगान करा रहे थे। गतिविधि संदिग्ध दिखने पर इसकी सूचना विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने कोठी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एसएसआई छुट्टू चौधरी, हेड कांस्टेबल बलिकरन व भानु प्रताप ने चार लोगों को पकड़ा। इस प्रार्थना सभा में सफदरगंज थाना क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी श्यामू, मैहर कश्यप, मेघरानी, नेपालगंज थाना जैदपुर निवासी बादल गौतम व कोठी थाना क्षेत्र के नरोत्तामऊ घाट निवासी राजेंद्र कुमार ईसा मसीह की महिमा का गुणगान करा रहे थे। यही बात प्रार्थना सभा में जुटी भीड़ ने भी बयां की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। मंगलवार सुबह शिक़ायत के बाद कोठी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर कोठी संतोष का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, एक मेघरानी नाम की महिला नहीं मिली है।

## पुलिस ने की एसिड बिक्री दुकानों की जांच

**बाराबंकी।** ऑपरेशन शील्ड के तहत समस्त थानों पर मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। सभी थानों की महिला बीट अधिकारी ने अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाई और महिलाओं, बालिकाओं को साइबर अपराध को लेकर जागरूक किया। वहीं घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध आदि के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस ने ऑपरेशन शील्ड के तहत एसिड की अवैध बिक्री की रोकथाम के लिए दुकानों पर चेकिंग की।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, एक की मौत व दूसरा गंभीर

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** देव दर्शन करने जा रहे युवकों की बाइक में तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में गभीर रूप से घायल युवकों में एक की मौत हो गई। घर का कमाऊ पूत चले जाने के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। दूसरे घायल का इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बड़नपुर निवासी 32 वर्षीय बुधराम प्रजापति पुत्र रामलखन अपने मित्र उत्तम कुमार के साथ मंगलवार की सुबह बाइक से गोंडा जिला थाना करनैलगंज स्थित बाबा बटौरा देव स्थान दर्शन करने के लिए जा रहे थे। वह गोंडा बहराइच हाईवे स्थित एक ढाबा के निकट पहुंचे ही थे, उसी समय तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंचे परिजन एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर लेकर गए। जहां पर चिकित्सकों ने बुधराम की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं उत्तम का उपचार किया गया। जिला अस्पताल में बुधराम की हालत में सुधार न होने पर परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिजन उसके शव को गांव वापस ले आए और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे महादेवा चौकी इंचार्ज संतोष कुमार त्रिपाठी ने लिखा पढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मेडिकल स्टोर चलाने वाले मृत युवक की छह वर्ष पूर्व शादी हुई थी। दो वर्षीय पुत्र अरुण के सिर से पिता का साया उठ गया। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### रेल पटरी पर मिले शव की हुई पहचान

**रामनगर, बाराबंकी।** बुढ़वल रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर मिले अज्ञात शव की पहचान हो गई है। मृतक गोंडा जिले का रहने वाला है। पटरी पार करते वक्त ट्रेन की चपेट में आने की आशंका जताई जा रही। जानकारी के अनुसार बुढ़वल जीआरपी थाना अंतर्गत रेलवे स्टेशन से बाराबंकी की ओर कुछ दूरी पर एक क्षत विक्षत शव पड़ा देखा गया। इसकी पहचान की कोशिश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर पीएम हाउस पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान पवन कुमार निवासी पूरे छिदई मजरे पहाड़ापुर थाना कटरा बाजार गोण्डा के रूप में की।

## धूमधाम से निकली श्रीराम की शोभा यात्रा

अयोध्या कार्यालय

▸▸ नगर में जगह-जगह की गई पुष्प वर्षा

**अमृत विचार:** चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे श्रीराम का राजतिलक हुआ और राजगद्दी समारोह के बाद नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस कथा को जीवंत करते हुए अयोध्या की रामलीला समितियों ने सोमवार देर शाम को नगर में विशाल भव्य शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा में एक साथ प्रभु श्रीराम, माता जानकी, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न सहित पवन पुत्र हनुमान को देख भक्त भाव विहल हो उठे।



शोभायात्रा में राम दरबार का स्वागत कर आरती उतारते भक्त।

रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी, आदि भक्ति गीतों पर नाचते गाते अयोध्या वासी विभिन्न रामलीला समितियों द्वारा निकाले गए भगवान राम की शोभायात्रा में भक्त भाव विभोर हो गए। शोभा यात्राओं का पूरे नगर में जगह-जगह स्वागत हुआ, आरती उतारी गई और जगह-जगह भंडारे व प्रसाद का वितरण होता रहा। रामलीला समिति टकसाल चौक की शोभा यात्रा में पूर्व सांसद लल्लू सिंह और रामलीला कोठापार्चा की शोभायात्रा में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्रीराम का राजतिलक किया और आरती उतारी। समिति अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, विष्णु कुमार, संजय जैन आदि मौजूद रहे। केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति की अगुवाई में रिकाबगंज कमला नेहरू भवन पर श्रीराम शोभा यात्राओं का भव्य स्वागत, आरती व प्रसाद वितरण किया गया। नगर में पांच रामलीला समितियों चौक, हैदरगंज, अशोकपुरम जप्ती, फतेहगंज, साहबगंज की ओर से भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा चौक घंटाघर से निकलकर फतेहगंज, कसाबबाड़ा, रिकाबगंज चौराहा, चौक, गुदड़ी बाजार, राठहवेली, सोलापुरी, साहबगंज के रास्ते रीडगंज होते हुए चौक पर समाप्त हुई। नगर की सभी रामलीला समितियों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की देखरेख व पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच देर शाम तक नगर में चारों ओर निकली शोभा यात्रा सकुशल सम्पन्न हुई।

## डॉ. के. लक्ष्मण होंगे भाजपा संगठन चुनाव के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद हैं डॉ. लक्ष्मण

▸▸ राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल को राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन चुनाव के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी और राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी हाईकमान ने ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. के. लक्ष्मण को संगठन चुनाव के संचालन के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसके साथ ही पार्टी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा, लोकसभा सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा और राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल को राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने संगठनात्मक नियुक्ति को लेकर पत्र जारी करते हुए मंगलवार को बताया बताया कि भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संगठन चुनाव के संचालन के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी एवं राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारियों की नियुक्त की घोषणा की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मै अभिषेक कुमार सिंह पुत्र भूपेन्द्र सिंह निवासी- बैरीसालपुर, निगोहाँ, जनपद लखनऊ। मेरे हाईस्कूल का प्रमाण पत्र/अंकपत्र स्कूल संत फ्रांसिस स्कूल निगोहाँ लखनऊ से 2014 मे परीक्षा उत्तीर्ण की थी जिसका अनुक्रमांक नम्बर 1420931 वास्तव में खो गया है।

**शुद्धि पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी कार्यालय उतरौला द्वारा पत्रांक 780/र०का०( गांव सभा मत्स्य पालन आवंटन ज्ञाप) 2024-25 के समाचार पत्र 25 सितंबर के प्रशासन में क्रमांक 34 पर ब्लॉक गैण्डास बुजुर्ग राजस्व ग्राम कैथोलिया सलेमपुर गाटा संख्या 340 की जगह 348 तथा रकबा 1.002 हेक्टेअर की जगह 1.902 हेक्टेयर पढ़ा जाए।

उप जिलाधिकारी, उतरौला

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे क्लाइट कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा फैजाबाद स्थित की तरफ से सूचित किया जाता हैं। कि आकाश गुप्ता सुत स्व. दया शंकर गुप्ता, निवासी-2245/1G बम बहादुर कोचिंग गली 1, शास्त्रीनगर सिटी सुलतानपुर द्वारा ऋण हेतु आवेदन किया है। जिसमें बैनामा दिनांक 09.02.1994 ई० बही संख्या 01, क्रमांक सं० 1132 जिसे मोहम्मद हलीम सुत मोहम्मद अजीम, निवासी- ग्रा० व पो० भादर तहसील व जिला अमेठी के हरीश चन्द्र अग्रवाल सुत स्व. महावीर प्रसाद अग्रवाल के पक्ष में विक्रय किया था कही खो गया है को बंधक रखने हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति बैंक अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति बधक रखने में आपत्ति है तो इस प्रकाशित के 7 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति अधोहस्तक्षरी समक्ष प्रस्तुत कर दे अथवा यह मान लिया जायेगा कि व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था को कोई की आपत्ति नहीं हैं।

सचिन शंकर (एडवोकेट)
शेड नं०- 03, सिविल कोर्ट फैजाबाद, अयोध्या।
मो.न:-8299765176

एक नजर

### डीएम ने चार तहसीलदारों का कार्यक्षेत्र बदला

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मंगलवार को जनपद के अलग-अलग तहसीलों में तैनात चार लेखपालों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। जिलाधिकारी ने अकबरपुर के तहसीलदार निखिलेश कुमार को टांडा भेजा है। वहीं टांडा में तैनात तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार को तहसीलदार आलापुर- तहसीलदार न्यायिक बनाया है। जलालपुर तहसील में तैनात तहसीलदार शिवनरेश सिंह को तहसीलदार अकबरपुर बनाया है। आलापुर तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव को तहसीलदार जलालपुर की जिम्मेदारी सौंपी है।

### डॉ. अनीशा बनीं एसोसिएट प्रोफेसर

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** नपद के ग्राम कसेरूआ की रहने वाली डॉ. अनीशा वर्मा का चयन नरेंद्र देव कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में फूड ऐण्ड न्यूट्रीशन डिपार्टमेंट में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। डॉ. अनीशा वर्मा इस समय इलाहाबाद स्थित एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। अनीशा वर्मा ने अपनी एमएससी और पीएचडी की डिग्री एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट नैनी इलाहाबाद से प्राप्त किया है। इनके पति ओम प्रकाश वर्मा जौनपुर में बैंक में शाखा प्रबंधक पद पर कार्यरत हैं।



### वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए चयन 19 को

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद देवरिया के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित होने वाली पांच दिवसीय वॉलीवाल चैंपियन शिप में भाग लेने वाले इक्षुक वॉलीवाल खिलाड़ियों का प्रशिक्षण और चयन आगामी 19 अक्टूबर को भियांव ब्लाक के बबुरा गांव स्थित वॉलीवाल मैदान पर होगा।

### कटौना में मजलिस का आयोजन आज

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम हसनाबाद-कटौना स्थित अजाखाना अबूतालिब में मरहूम सैयद दावर अब्बास पुत्र सैयद नासिर हुसैन के पुण्य के लिए मजलिस-ए-तरहीम का कार्यक्रम 16 अकटूबर बुधवार को सुबह नौ बजे से आरंभ होगा। आमिर अब्बास ने बताया कि पहली मजलिस मौलाना वसी हसन खान अयोध्या और दूसरी मजलिस मौलाना मिर्जा अस्करी हुसैन कुवैत संबोधित करेंगे। तिलावत मौलाना फरमान अली रिजवी, सोजखानी रिजवान हैदर जौनपुरी, पेशखानी आरजू जलालपुरी और हमजा अकबरपुरी तथा संचालन मौलाना सैयद कैसर अब्बास करेंगे।

# मरीजों को उलब्ध कराएं सुविधाएं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



स्वास्थ्य उपकेंद्र केशवपुर का फीता काटकर लोकार्पण करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में सीएमओ डॉ. राजकुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने नवनिर्मित स्वास्थ्य उपकेंद्र केशवपुर विकास खंड टांडा का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार भी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य उप केंद्र केशवपुर के संचालन से यहां पर ग्रामीण मरीजों को विभिन्न बीमारियों के उपचार की अच्छी व्यवस्था उपलब्ध होगी, यहां पर टीवी, डेंगू, मलेरिया, ब्लड प्रेशर, शुगर आदि जैसी 14 प्रकार की जांच सेवाओं के साथ ही सर्दी-जुकाम, खांसी, टीवी आदि बीमारियों की दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। स्वास्थ्य उप केंद्र पर एएनएम और सीएचओ टीकाकरण और अन्य चिकित्सा सेवाएं और परामर्श प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित एएनएम और सीएचओ व संबंधित को उपकेंद्र पर बेहतर से बेहतर सेवाएं सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। लोकार्पण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को वहां पर उपलब्ध होने वाली चिकित्सीय सेवाओं के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित एक वृद्ध से स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और संबंधित को स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी टांडा भी उपस्थित रहे।

# कटेहरी विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को होगा उपचुनाव

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में कटेहरी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव की घोषणा के बाद सियासी हलचल बढ़ गई है। कटेहरी विधानसभा सीट पर आगामी 13 नवंबर को उपचुनाव होना है और 23 नवंबर को रिजल्ट आएगा।

बता दें कि कटेहरी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने सांसद लालजी वर्मा की पत्नी शोभावती वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। वहीं बसपा ने कांग्रेस छोडक़र पार्टी में शामिल हुए जितेंद्र वर्मा पर भरोसा जताया है। कटेहरी विस सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा हो गई है लेकिन अब तक भाजपा ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। कटेहरी विस सीट लालजी वर्मा के सांसद बनने के बाद खाली हुई है। कटेहरी विस सीट पर लगभग 3 लाख 97 हजार से ज्यादा वोटर हैं। दूसरे नंबर पर ब्राह्मण, तीसरे पर कुर्मी और चौथे नंबर पर ठाकुर मतदाता हैं। कटेहरी विस सीट से बीते विधानसभा चुनाव में सपा ने पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को टिकट दिया था। जबकि भाजपा ने निषाद पार्टी गठबंधन के उम्मीदवार अवधेश द्विवेदी और बसपा ने पूर्व विधायक पवन पांडेय के पुत्र प्रतीक पांडेय को मैदान में उतारा था। सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा ने भाजपा-निषाद पार्टी गठबंधन के उम्मीदवार अवधेश द्विवेदी को छह हजार पांच सौ वोटों से हराया था।

सार-संक्षेप

### मेधावी छात्रा एक दिन के लिए बनीं प्रधानाध्यापिका




मिशन शक्ति के तहत कन्या सीनियर बेसिक विद्यालय जलालपुर की मेधावी छात्रा युमना मोहम्मदी बनीं प्रधानाध्यापिका। अमृत विचार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** खंड शिक्षा अधिकारी जलालपुर मीनाक्षी सिंह के निर्देश पर कन्या सीनियर बेसिक विद्यालय जलालपुर की मेधावी छात्रा युमना मोहम्मदी कक्षा 8 को एक दिन के लिए विद्यालय में प्रधानाध्यापिका बनाया है। मंगलवार दिवस की सारी गतिविधियां युमना मोहममदी के संचालन में सम्पन्न हुई। सर्व प्रथम छात्राओं ने ससमय प्रार्थना इतनी शक्ति हमें दे ना दाता किया गया। इसके बाद उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय की दीवार पर लिखी उक्ति को दोहराया और कहा कि आइये हम अपने आज को कुर्बान कर दे, जिस से हमारा कल बेहतर हो सके। पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती और विश्व हाथ धुलाई दिवस भी है। इसलिए सभी छात्राएं मिलकर विद्यालय परिसर को स्वच्छता का प्रतीक बना दे और नवीन छात्राओं को सही तरीके से हाथ धुलाई की बारीकियां बतायी। जिससे वह स्वयं को विभिन्न रोगों से बचा सकें। मिसाइल मैन की जयंती पर सभी छात्राएं डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन संघर्ष और योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अन्त में अपने अनुभव को साझा करते हुए छात्रा ने कहा कि आज से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है, डर खत्म हुआ है। मुझमें नयी ऊर्जा का संचार हुआ है, इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मो. असद, लखमी कन्नौजिया, पार्वती, लाली देवी और अजका मरियम, सलोनी, संगिनी, उज्मा अदीम, उम्मे एमन, मदीजा खातून, काव्या गौड़, मारिया खातून, आसिया खातून समेत तमाम छात्राए मौजूद रही।

### किशोरी और युवती लापता, पुलिस जांच में जुटी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** कोतवाली जलालपुर के अलग-अलग गांव में एक किशोरी समेत दो बालिकाओं के गायब होने के मामलें में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। पहला मामला एक गांव का है, जहां किशोरी के पिता ने शिकायत करते हुए बताया कि मेरी 15 वर्षीय पुत्री जो बीते 12 अक्टूबर को सुबह किसी कार्य के लिए घर से जलालपुर गई थी। लेकिन शाम तक वह घर वापस नहीं लौटी। जिसकी रिश्तेदारों और अन्य स्थानों पर काफी खोज की गई, लेकिन कहीं उसका कोई सुराग नहीं लगा। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं कोतवाली जलालपुर के एक अन्य गांव निवासी युवती के पिता ने पुलिस से शिकायत किया कि मेरी 19 वर्षीय पुत्री बीते 11 अक्टूबर को घर से निकली तब से उस का कहीं पता नही हैं। उससे शाहजहांपुर का युवक राजू प्रजापति अक्सर बातचीत मोबाइल पर करता था। वहीं पुत्री को कहीं भगा कर ले गया है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दीगयी है।

### बायोमीट्रिक हाजिरी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** स्वास्थ विभाग द्वारा जारी बायोमैट्रिक हाजिरी के आदेश के बाद स्वास्थ विभाग के आशा, एएनएम द्वारा अपने संगठन के माध्यम से विरोध जताते हुए स्वास्थ अधीक्षक के माध्यम से महानिदेशक परिवार कल्याण निदेशालय लखनऊ के नाम ज्ञापन सौंपा है। स्वास्थ उपकेंद्रों पर तैनात स्वास्थ कर्मचारियों की बायोमैट्रिक हाजिरी के आदेश के बाद केंद्र पर तैनात एएनएम का विरोध शुरू हो गया है। केंद्रों पर तैनात एएनएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर में बड़ी संख्या में पहुंच कर बायोमेट्रिक हाजिरी के बहिष्कार को लेकर धरना देते हुए स्वास्थ्य अधीक्षक जयप्रकाश के द्वारा परिवार कल्याण मंत्रालय को एक संबोधित ज्ञापन दिया। धरना दे रही है एएनएम ने कहा कि दूर दराज के क्षेत्र में बने स्वास्थ्य केंद्र पर हम लोगो की तैनाती होती है और क्षेत्रों में भ्रमण कर टीकाकरण अभियान, संचारी रोग जैसे कार्यक्रम में शामिल होने से बायोमैट्रिक हाजिरी लगाना संभव नहीं है। जिसको देखते हुए मंत्रालय को यह आदेश वापस लेना चाहिए। इस दौरान धरना-प्रदर्शन में सुनीता मिश्रा, नीलम यादव, प्रियंका देवी, मधुबाला, राधिका शर्मा, पूनम देवी समेत तमाम एएनएम मौजूद रही।

### करंट लगने से बालक की मौत

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के विजयगांव में ननिहाल आए बालक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। विजयगांव निवासी रामचंद्र का नाती मुदित आर्य 6 वर्ष मुंडन संस्कार में आया था। घर के बाहर ही टेंट व लाइट लगाई जा रही थी। टेंट के खंभे में करंट उतर गया। वहां खेल रह मुदित समेत तीन बच्चे खंभे से चिपक गए। अन्य दो बच्चे झटका लगने से बच गए, लेकिन मुदित का पैर खंभे से चिपका रह गया ।ससे उसकी मौत हो गई।

# समूह की 35 दीदियों को वितरित की गई ई-स्कूटी

## राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



समूह की सम्मानित दीदियों को मिली ई-स्कूटी को हरी झंडी दिखाते डीएम अविनाश सिंह व परियोजना निदेशक अनिल कुमार।

**अमृत विचार।** जनपद में मिशन उडऩ परी के अभियान के तहत मंगलवार को जिला प्रशासन, एनटीपीसी और अल्ट्राटेक के सहयोग से जिलाधिकारी अविनाश सिंह और मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह की महिलाओं को ई-स्कूटी देकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन जिम्मेदार अधिकारियों के सहयोग से समूह की महिलाओं को ऊचाईयों पर ले जाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित कर रहा है। जिलाधिकारी ने 35 समूह की दीदियों, समूह सखियों और बैंक सखियों को ई-स्कूटी देकर उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व में भी उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच समूह की दीदियों को ई-स्कूटी देकर सम्मानित किया गया है। जनपद में अब तक कुल 40 दीदियों को ई-स्कूटी देकर उन्हें सम्मानित किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 51 उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियों को ई-स्कूटी देने का लक्ष्य है, जिसके सापेक्ष अब तक कुल समूह की 40 दीदियों को प्रेरणा श्रोत के लिए ई-स्कूटी प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया है। जिलाधिकारी ने समूह की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह में और लोगों को जोडऩे और निरंतर कड़ी मेहनत करने व स्वयं भी आर्थिक रूप से मजबूत बनने व अन्य लोगों को भी जागरुक कर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सौरभ शुक्ला, एनटीपीसी टांडा से वरुण सोनी और अल्ट्राटेक के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे और इंडिया गठबंधन को जिताएंगे

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



कार्यक्रम को संबोधित करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**अमृत विचार।** जनपद के कटेहरी विधानसभा के कटेहरी बाजार स्थित रामलीला मैदान में मंगलवार को संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला अध्यक्ष सुनील मिश्र के नेतृत्व में 51 किलो की माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष डॉ. आरपी कौशल ने राष्ट्रीय महासचिव को संविधान व पूर्व प्रत्याशी अमित जायसवाल और श्रीकांत वर्मा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर का चित्र सौपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के सुनील मिश्र ने किया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश में विगत 10 वर्षो से अघोषित आपातकाल है। उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए शहादत देने वाले शहीदों ने जाति और धर्म न देखकर देश को आजाद कराने का कार्य किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज हम उत्तर प्रदेश मे सातवां संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन प्रदेश में होने वाले उपचुनाव में 10 सीटों पर मिलकर जीत हासिल करेंगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सत्य नारायण पटेल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष केशवचंद यादव, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अवधेश सिंह, जयकरन वर्मा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अनिल यादव, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कैलाश चौहान, अनिल भारती, दिलीप निषाद ने कहा संविधान की रक्षा और बुलडोजर प्रथा को रोकने के लिए राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा की। अन्याय और अत्याचार को रोकने के कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता सदैव तत्पर है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील मिश्र ने आभार जताया।

### बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों को लगाएं टीका

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर छह वर्ष तक के बच्चों को 18 प्रकार की बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बच्चों को टीका लगाया लगाया गया और उनके अभिभाषकों को बच्चों को बीमारियों से बचाने के टिप्स दिए गए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मारकंडेय ने बताया कि अभियान के दौरान अभिभावकों को टीकाकरण न करवाने से बच्चों में होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए टीका जरूर लगवाने की सलाह दी गई।

# राम-भरत मिलाप देख भाव-विभोर हुए लोग

जलालपुर, अंबेडकरनगर



श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमानजी पर पुष्पवर्षा करते अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भरत मिलाप के बाद अयोध्यापुरी में भगवान राम को राज गद्दी पर विराजमान कराया गया। श्रीराम रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला का रथ जलालपुर नगर भ्रमण करते हुए अयोध्या बनी धर्मशाला पर पहुंची। जिसके बाद राम भरत का मिलाप देख लोग भाव विभोर हो गए।

जहां श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान का अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी ने पुष्पवर्षा कर भव्य आरती उतारी। श्रीराम के राजगद्दी पर बैठते ही लीला प्रेमियों के जयकारे से नगर गुंजायमान हो उठा। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से धर्मशाला परिसर गुंजायमान रहीं। पूर्व नगर अध्यक्ष बेचन पांडे, मानिकचंद सोनी, उपाध्यक्ष दीपचंद सोनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, रामू, नगर महामंत्री विकाश निषाद, नगर मंत्री रोशन सोनकर समेत कमेटी के लोगों ने राजगद्दी पर विराजमान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और माता जानकी सहित हनुमान जी को तिलक लगा कर सभी देवताओं का आशीर्वाद लिया। अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी ने बताया कि रामायण हमारी संस्कृति और धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण ग्रंथ है, जो सदियों से हमारे जीवन को मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करता आ रहा है। रामलीला का मंचन हर वर्ष बड़े धूम-धाम से किया जाता है। उन्होंने मेला सहित रामलीला कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रमुख रूप से श्रीराम लीला समिति के लोंगो और नगरवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। राधाकृष्ण झांकी का दृश्य मन मोहक रहा। रामलीला प्रेमी भक्ति रस में डूब कर कार्यक्रम का आनंद उठाते रहे।

# एलएलबी -बीएएलएलबी के छात्रों को किया सम्मानित

जिला संवादाता, अंबेडकरनगर।



छात्र को प्रशस्ति पत्र देते बीएसए भोलेंद्र प्रताप सिंह व साथ में प्रबंधक डॉ. उदय प्रताप सिंह।

**अमृत विचार।** अकबरपुर के सोनगांव स्थित सीबी सिंह लॉ कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज के प्रबंधक डॉ. उदय प्रताप सिंह मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती और कॉलेज के संस्थापक स्व. डॉ. शिव सहाय सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित और दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एलएलबी छठवें सेमेस्टर और बीएएलएलबी के दसवे सेमेस्टर के छात्र मौजूद रहे। मुख्य अतिथि को उप-प्राचार्य डॉ. सुभाषचन्द्र ने स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत एलएलबी छठवे सेमेस्टर और बीएएलएलबी दसवें सेमेस्टर में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्रों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एलएलबी छठवें सेमेस्टर में प्रथम स्थान दिव्यांशू त्रिपाठी, शिवम मिश्रा, द्वितीय स्थान सची बंका और तृतीय स्थान सुमित सिंह रहे। वहीं बीएएलएलबी दसवे सेमेस्टर में प्रथम स्थान भूपेन्द्र मिश्रा, द्वितीय स्थान पूजा पाल और तृतीय स्थान अंजना रत्ना ने हासिल किया। इसके साथ-साथ रक्तदान कर चुके छात्रों को रक्तदान का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुवासिनी कसौधन और सीपी तिवारी, जय प्रकाश, शरद कुमार, अमित कुमार, दीपमाला गुप्ता, संतोष प्रताप सिंह, अशोक कुमार, सूर्यशेखर त्रिपाठी, प्रान्शू और छात्रों में सुवासिनी कसौधन, उमा भारती आदि छात्रों ने सहयोग प्रदान किया।

### शिक्षा से बढ़कर कुछ नहीं

छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि नीयत साफ रखते हुए अपने लक्ष्य की ओर सभी छात्रों को अग्रसर होना चाहिए। बीएसए ने कहा कि दुनिया का विकसित राज्य स्विट्जरलैंड जहां पर पुलिस नाम की कोई व्यवस्था ही नहीं है। क्योंकि वहां के निवासी को अपने कानूनों का अपने अधिकार और कत्तव्यों का विधिवत ज्ञान है। शिक्षा से बढक़र कुछ भी नहीं है। समारोह के अंत में धन्यवाद देते हुए प्रबंधक डॉ. उदय प्रताप सिंह ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए निरन्तर अग्रसर होने की सलाह दी।

आयोजन

## मोतीलाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

# दौड़ प्रतियोगिता में शिवभवन और सिलम अव्वल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



मोतीलाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोतीलाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालीपुर में चल रही माध्यमिक विद्यालयों की तीन दिवसीय जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन अकबरपुर जोन के एथलीट छाए रहे। जबकि नेवादा और कटेहरी के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर खिलाडियों को मेडल पहनाकर उनका उत्साह वर्धन किया।

जिला क्रीड़ा सचिव अजीत सिंह की देखरेख में चल रही प्रतियोगिता के दूसरे दिन 100 मीटर बालक वर्ग में नाऊसांडा के शिव भवन प्रथम और कटेहरी के सचिन द्वितीय स्थान पर रहे। 400 मीटर सीनियर बालक वर्ग में भूपेंद्र राव प्रथम और शिव भवन द्वितीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर सीनियर बालक वर्ग की दौड़ में नेवादा के पवन प्रथम और राजेसुल्तानपुर के अर्जुन द्वितीय स्थान पर रहे।

लंबी कूद सीनियर बालक वर्ग में नाऊसांडा के शिव भवन प्रथम और जलालपुर के हर्षित द्वितीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद में सीनियर बालक वर्ग में अकबरपुर के आबिद अकरम प्रथम और नाऊसांडा के सौरभ द्वितीय स्थान पर रहे। गोला फेंक में राजेसुल्तानपुर के साहिल प्रथम और पंकज नेवादा द्वितीय स्थान पर रहे। चक्का फेंक सीनियर बालक वर्ग में नितेश वर्मा प्रथम और गौतम द्वितीय स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में राजेसुल्तानपुर के शिवम प्रथम और हिमांशु द्वितीय स्थान पर रहे। 400 मीटर जूनियर बालक वर्ग की दौड़ में अकबरपुर के सत्यम प्रथम और अखिलेश द्वितीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर जूनियर बालक वर्ग की दौड़ में अकबरपुर के मानस प्रथम और कटेहरी के सूरज द्वितीय स्थान पर रहे।

100 मीटर सीनियर बालिका वर्ग की दौड़ में किछौछा की सिलम प्रथम और अकबरपुर की अर्चना द्वितीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में अकबरपुर की अर्चना प्रथम और श्वेता द्वितीय स्थान पर रहीं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रतियोगिता

खेल के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एचटी इंटर कॉलेज टांडा, राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज इंधना, राजकीय हाईस्कूल रत्ना, मोतीलाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालीपुर, राजकीय हाईस्कूल फरीदपुर कुतुब के छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा। सभी को बाद में मेडल भी प्रदान किया गया।

### प्रतियोगिता में यह भी रहे मौजूद

प्रतियोगिता के दौरान प्रमुख रूप से माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरुण सिंह, प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम ओझा, सुमित्रा देवी डॉ. तारा वर्मा, डॉ. प्रियंका तिवारी, सुशील सिंह, व्यायाम शिक्षक ओमवीर वर्मा, वीरेश कुमार, प्रबुद्ध सिंह, विजयपाल गौड़, जितेंद्र मौर्य, विपिन चौधरी, कामना राय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने नकली बीट क्रीम और हार्पिक किया बरामद

बसखारी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** पुलिस ने रीकीट वेंकिशर इंडिया लिमिटेड के कार्यकर्ता की शिकायत पर बसखारी कस्बे में स्थित दो फर्म पर छापेमारी करते हुए नकली बीट क्रीम व हार्पिक बरामद कर संबंधित फर्म के प्रोपराइटर पर केस दर्ज किया है।

हालांकि बाद में पुलिस ने दोनों दुकानदारों को निजी मुचलके पर जमानत दे दी। मनीष गुप्ता निवासी शांति नगर दसवंत चाल काजुपाड़ा थाना तुलिज नालासोपारा पूर्व मुंबई को नकली हार्पिक और वीट क्रीम बेचने की शिकायत मिली। इस पर मनीष ग्राहक बनकर अजीम एंड ब्रदर्स व पीके ब्रदर्स की दुकान पर बीट क्रीम व हार्पिक लेने पहुंचे। दोनों ही दुकानदारों ने उन्हें नकली क्रीम और हार्पिक पकड़ा दिया। मनीष ने जांच की तो दोनों उत्पाद नकली मिले। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने टीम समेत छापेमारी करते हुए भारी संख्या में वीट क्रीम और नकली हार्पिक बरामद किया। बसखारी पुलिस ने बताया कि अजीम ब्रदर्स की दुकान से 50 ग्राम वीट क्रीम के 648 पीस और पीके ब्रदर्स की दुकान से 500 एमएल के हार्पिक के 180 पीस और बीट क्रीम 50 ग्राम के 176 पीस बरामद किए गए हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### छात्रों को निपुण ऐप के आकलन का निर्देश

**गोंडा** : न्याय पंचायत रुपईडीह के संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय चहुआ में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य संकुल शिक्षक अनिल चौरसिया व दुर्गेश पाठक ने निपुण भारत मिशन पर चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं का निपुण ऐप पर आकलन व निपुण तालिका को अद्यतन किए जाने का निर्देश दिया। देव प्रकाश पांडेय, भुवनेश्वर सिंह, रमेश शुक्ल, दिवाकर तिवारी, योगेंद्र प्रकाश मिश्र, विनीत कुमार शुक्ल, सुरेश कुमार राव, गीता देवी, सुकांत तिवारी, प्रवीण कुमार, संजय यादव, आनंद कुमार पाठक, राजेश चौबे, राम अनुज वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों की जांच की रखी मांग

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार** : रूपईडीह के ग्राम पंचायत कुरसहा के मजरा रायपुर ब्रह्मचारी गांव के रहने वाले कमलेश कुमार पांडे ने डीएम को शिकायती पत्र देकर गांव में कराए गए विकास कार्यों की जांच कराए जाने की मांग की है। शिकायत कर्ता का कहना है गांव मे 9 लाख रुपये से बना पंचायत भवन बदहाल है। पंचायत भवन में कार्य करने वाले रोजगार सेवक नदारद हैंऔर यहां आवंटित किये गए लाखों रुपये के कंप्यूटर सहित सारे उपकरण गायब हैं। शिकायतकर्ता ने अंत्येष्टि स्थल में निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना व अमृत सरोवर निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत की है।

### रंजिश में युवती की पिटाई केस दर्ज

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार** : थानाक्षेत्र के नरायनपुर जयसिंह गांव के डड़वा की ऊषा निषाद ने बताया कि उनके गांव निवासी बेचू निषाद ने पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार की शाम को उनकी बेटी रोशनी की पिटाई कर दी। गांव के लोगों ने बीच बचाव किया तो आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

# मनकापुर आईटीआई फैक्ट्री के बहुरेंगे दिन

## 3900 करोड़ के बजट से बीएसएनएल 4जी के लिए करेगी आउटडोर कैबिनेट का निर्माण

गोंडा, उमानाथ तिवारी/ राज शुक्ला

**अमृत विचार:** दो दशक से घाटा झेल रही मनकापुर आईटीआई फैक्ट्री के दिन बहुरने जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने कंपनी को घाटे से उबारने के लिए 3900 करोड़ रुपये का नया कांट्रैक्ट दिया है। इस बजट से अब फैक्ट्री बीएसएनएल 4जी के लिए ओडीसी (आउटडोर कैबिनेट) का निर्माण करेगी। नया कांट्रैक्ट कंपनी के लिए संजीवनी का काम करेगा और उसे घाटे से उबारने में मदद करेगा। दीपावली से पहले मिला यह कांट्रैक्ट फैक्ट्री के कर्मचारियों के लिए तोहफा माना जा रहा है।

तकनीक के बदलते दौर तथा संसाधनों के अभाव में मनकापुर आईटीआई फैक्ट्री काफी पीछे छूट गयी थी। पिछले दो दशक से यह कंपनी घाटे में थी। घाटे के कारण फैक्ट्री का प्रबंधतंत्र यहां कार्यरत अधिकतर कर्मचारियों की छटनी कर चुका है। बचे हुए कर्मचारियों को भी समय पर वेतन नहीं मिल रहा था। कर्मचारियों की सुविधाओं में कटौती के साथ ही प्रबंधन फैक्ट्री के भीतर बने कर्मियों के आवास को किराए पर देकर काम चला रहा था। घाटे से जूझ रही इस फैक्ट्री को लाइफ सपोर्ट की दरकार थी। ऐसे में केंद्र सरकार ने फैक्ट्री को घाटे से उबालकर उसे पुनः स्थापित करने की पहल की है। सरकार की तरफ से फैक्ट्री को 3900 करोड़ रुपये का बजट देकर बीएसएनएल 4जी के लिए ओडीसी( आउटडोर कैबिनेट) बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है।

आउटडोर कैबिनेट बीएसएनएल के 4जी टॉवर में उपयोग किया जायेगा। नया कांट्रैक्ट फैक्ट्री के लिए संजीवनी माना जा रहा है। आवंटित बजट में से 2400 करोड़ का वर्क ऑर्डर फैक्ट्री को मिल चुका है और कंपनी ने नए पार्ट का उत्पादन भी शुरू कर दिया है। पुरानी मशीनों की जगह कई नई मशीनें भी लगायी जा चुकी हैं। सरकार की पहल के बाद कई अन्य कंपनियों का सहयोग भी फैक्ट्री को मिल रहा है। इस सहयोग के बाद फैक्ट्री में जल जीवन मिशन की पाइप रेल वायर के राऊटर, इंटरनेट वाई फाई, टेलिकॉम डक्ट पाइप, टैबलेट, इनवर्टर व नोट काउंटिंग मशीन बनाने का काम शुरू किया गया है। दीपावली से पहले मिला ओ डी सी निर्माण का कांट्रैक्ट फैक्ट्री के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। फैक्ट्री प्रबंधन भी मान रहा है कि इस बड़े कांट्रैक्ट के बाद यहां की हालत में सुधार होगा और फैक्ट्री घाटे से बाहर निकल कर अपने पुराने स्वरूप को प्राप्त कर सकेगी। फैक्ट्री के महाप्रबंधक अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि नए उत्पाद के लिए यूनिट को 3900 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। 2400 करोड़ का वर्क आर्डर कंपनी को मिल चुका है। 4 जी ओडीसी का उत्पादन यूनिट में चल रहा है। सप्लाई भी शुरू हो गयी है।



मनकापुर स्थित आईटीआई फैक्ट्री का भवन।



आईटीआई फैक्ट्री में तैयार आउटडोर कैबिनेट। अमृत विचार

### 2200 में से अब बचे सिर्फ 280 कर्मचारी

स्थापना के समय फैक्ट्री में करीब 2200 कर्मचारी काम रहे थे। कर्मचारियों को तमाम सुविधा दी जाती थी। कर्मचारियों को यात्रा व मेडिकल जैसी सुविधाएं मिलती थी तो परिसर के भीतर स्थित तीन तीन स्कूलों में कर्मचारियों के बच्चों की पढाई निशुल्क थी। लेकिन घाटे के बाद सभी सुविधायें खत्म कर दी गयीं। प्रबंधन ने उत्पादन व ग्राहक बढ़ाने के बजाय कर्मचारियों की छंटनी शुरू कर दी। इनके वेतन और सुविधाओं में कमी कर दी। वर्तमान में यहां कुल 280 कर्मचारी व अधिकारी रह गए हैं जिन्हें समय से वेतन भी नहीं मिल रहा। नए कांट्रैक्ट के बाद अब स्थिति में सुधार की उम्मीद है।

### 1984 में हुई थी आईटीआई मनकापुर की स्थापना

मनकापुर रियासत के राजा कुंवर आनंद सिंह के प्रयास से वर्ष 1984 में मनकापुर आईटीआई फैक्ट्री की स्थापना की गयी थी। 250 एकड़ में फैले टाऊनशिप व 100 एकड़ में बना यह औद्योगिक संस्थान मनकापुर जैसे छोटे कस्बे के लिए किसी उपहार से कम नहीं था। इस फैक्ट्री ने यहां के विकास को न सिर्फ रफ्तार दी थी बल्कि रोजगार के अवसर भी दिए थे लेकिन बदलते दौर में खुद को अपडेट न कर पाने के कारण फैक्ट्री की हालत खस्ता होती गयी और यह घाटे में चली गयी।



बीएसएनएल के 4जी ओडीसी उत्पादन के लिए यूनिट को 3900 करोड़ रुपये का कांट्रैक्ट मिला है। इसमें से 2400 करोड़ का वर्क ऑर्डर भी मिल चुका है। ओडीसी का उत्पादन शुरू कर दिया गया है। आगे भी कई प्रोजेक्ट है जिन पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही फैक्ट्री घाटे से उबर सकेगी।

**-राजेश राय**, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक- आईटीआई

मनकापुर की तरह ही नैनी, रायबरेली, बेंगलुरु, पालघाट और श्रीनगर में भी आईटीआई यूनिट्स हैं लेकिन सबसे खराब स्थिति मनकापुर की है। अब इसे पुन: पटरी पर लाने के लिए उपाय हो रहे हैं। कई कंपनियां भी सहयोग कर रही हैं जिससे कई प्रोडक्ट का निर्माण यूनिट में किया जा रहा है। प्रबंधन की नीतियो से लग रहा है जल्द ही आईटीआई पहले की तरह फिर सब सही हो जाएगा।

**-उमेश श्रीवास्तव**, महामंत्री- आईटीआई कर्मचारी संघ मनकापुर

### 2005 में फ्रांस की एल्काटेल कंपनी से हुआ था करार

फैक्ट्री को घाटे से उबारने के लिए वर्ष 2005 में तत्कालीन केंद्र सरकार ने पहल की थी। इस पहल के बाद फ्रांस की एल्काटेल कंपनी संग बीटीएस निर्माण के लिए फैक्ट्री का करार हुआ था। कांग्रेस की चेयरपर्सन रहीं सोनिया गांधी ने बीटीएस निर्माण का उद्घाटन किया था। बीटीएस निर्माण शुरू हुआ जो देश ही नहीं विदेश में भी निर्यात हुआ लेकिन 2008 में यह करार खत्म हो गया और कंपनी फिर से पुराने ढर्रे पर आ गयी। वर्ष 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद फैक्ट्री को विशेष पैकेज दिया गया था जिससे फैक्ट्री का काम चल रहा है।

### फैक्ट्री में हो रहा कई अन्य प्रोडक्ट्स का निर्माण

मनकापुर आईटीआई फैक्ट्री में बीएसएनएल के 4जी नेटवर्क के लिए आउटडोर कैबिनेट के अलावा जल जीवन मिशन योजना के तहत लगने वाली पाइप, रेल वायर के राऊटर इंटरनेट वाई फाई, टेलिकॉम डक्ट पाइप, टेबलेट, इनवर्टर व नोट काउंटिंग मशीन का उत्पादन हो रहा है। जल्द ही फैक्ट्री मे सोलर प्लेट उत्पादन का कार्य शुरू होना है। डिफेंस के साथ कुछ सुरक्षा उपकरण बनाने के लिए भी कंपनी का करार हुआ है। उसका निर्माण भी यहां किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत वितरित किए ब्रश व टूथपेस्ट



स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में प्रपत्र दिखाते बच्चे। अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार** : मंगलवार को कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आझाराम मनकापुर में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बच्चों ने निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर स्कूल में कोलगेट की तीन सदस्यीय टीम का आगमन हुआ। टीम में निधि श्रीवास्तव, कोमल पाण्डेय व प्रिया तिवारी ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए पांच बिन्दुओं पर विशेष प्रकाश डालते हुए सही तरीके से ब्रश कैसे करें, दिन में ब्रश दो बार करें,ब्रश को तीन माह बाद बदल देना, तम्बाकू का सेवन कभी न करें साथ ही पौष्टिक आहार खाएं का संदेश दिया। टीम ने स्कूल को प्रशस्ति पत्र व उपस्थित दो सौ पच्चीस बच्चों को ब्रश व कोलगेट भेंट किया।साथ ही बच्चों को ब्रश करने के बाद एक प्रपत्र भरने के लिए वितरित किया। इस अवसर पर शिक्षक आलोक कुमार भारती, बलजीत सिंह कनौजिया, शताब्दी वर्मा, अरुण कुमार सिंह, अमर ज्योति, देवेन्द्र प्रताप,चित्रावती, अनुराधा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेस भवन में पूर्व राष्ट्रपति को दी गई श्रद्धांजलि



डॉ. कलाम के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार** : मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती पर मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सबसे पहले डा कलाम के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने एक स्वर में डॉ कलाम को देश का वीर सपूत बताया और कहा की वैज्ञानिक के रुप में रक्षा अनुसंधान क्षेत्र में आप द्वारा किए गए शोधों के दम पर ही आज देश महाशक्ति बना है। इसी तरह देश के राष्ट्रपति के रुप में उनका कार्यकाल हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर प्रवक्ता शिवकुमार दुबे,अल्पशंख्यक अध्यक्ष सगीर खान, उपाध्यक्ष विनय त्रिपाठी रमन महासचिव अरविंद शुक्ला, सभासद शाहिद अली कुरेशी, चांद खान, वाजिद अली , हाजी अब्दुल सईद, बृजेश मिश्र, अबसार अहमद, अविनाश मिश्रा आदि ने मिसाइल मैन डा कलाम को नमन करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

# ट्रॉली से टकराई बरातियों से भरी स्कॉर्पियो, 3 घायल



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो। अमृत विचार

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार** : बरात से लौट रहे बरातियों की स्कॉर्पियो गाड़ी सड़क के किनारे बालू से लदी खड़ी ट्रॉली से टकरा गई। जिसमें स्कॉर्पियो गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसे में तीन लोग मामूली रूप से जख्मी हो गए। सभी को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

घटना सोमवार की रात्रि 12 बजे की है। जब रामनगर से बरात लेकर वापस घर आ रहे बरातियों की स्कॉर्पियो गाड़ी हुजूरपुर तिराहे के निकट रोड के किनारे पड़ी गिट्टी मौरंग और रोड से सटकर खड़ी बालू से लोड ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। स्कॉर्पियो में 8 लोग सवार थे। तीन लोगों को चोटें आईं। जिन्हें सीएचसी ले जाया गया और उन्हें इलाज के बाद घर भेज दिया गया। वाहन मालिक मोहम्मद इरशाद निवासी ग्राम सोनवारा करनैलगंज ने बताया कि रामनगर बारात में गए थे। वहां से वापस आ रहे थे और ट्रॉली रास्ते में खड़ी थी। एक बड़े वाहन के गाड़ी को ओवरटेक करने लगा और उनकी गाड़ी ट्रॉली में टकरा गई। जिसमें इदरीश 60 वर्ष निवासी भैरवनाथ पुरवा, फूलबानो 50 वर्ष निवासी सकरौरा, कमरजहां 45 वर्ष निवासी सकरौरा घायल हुए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज भेजा गया। जहां घायलों का उपचार करके घर भेज दिया गया।

# महिलाओं को देख गा रहा था अश्लील गाना, पहुंचा थाने

**तरबगंज** : बैंक के सामने बैठकर महिलाओं को देखकर अश्लील गीत गाना एक युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है।

तरबगंज के भैरमपुर गांव का रहने वाला शुभम मंगलवार को कस्बे में स्थित इंडियन बैंक के सामने आती जाती महिलाओं को देखकर अश्लील गीत गा रहा था और उनपर छींटाकशी कर रहा था। युवक की हरकत को बैंक ड्यूटी पर तैनात थाने की महिला सिपाही सुष्मिता पाल देख रही थीं। कुछ देर तक तो सुष्मिता ने युवक की हरकत को नजरअंदाज किया लेकिन जब वह नहीं माना तो उसने थाने पर इसकी सूचना दे दी। सिपाही की सूचना पर कस्बे का भ्रमण कर रहे उपनिरीक्षक शुभम दूबे सिपाही शैलेन्द्र यादव व प्रदीप मौर्या के साथ बैंक पहुंच गए। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की लेकिन सिपाहियों ने उसे दबोच लिया और थाने लेकर चले गए। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया की आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता समेत 3 के खिलाफ जालसाजी का केस

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**कार्रवाई**

- धोखा देकर भूमि का बैनामा कराने और धन का गबन करने का आरोप

**अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमीक जमाई खां धोखाधड़ी के मामले में फंस गए हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता समेत तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली करनैलगंज में जालसाजी व गबन का मुकदमा दर्ज किया गया है।

करनैलगंज के मोहल्ला सकरौरा निवासी जुबेर अहमद ने बताया कि वर्ष 2022 में उसकी मुलाकात मुकीद खां से हुई थी। उन्होंने खुद को सपा का राष्ट्रीय सचिव बताकर उसे बाराबंकी में सस्ते दाम पर जमीन दिलाने का झांसा दिया। दूसरे दिन मुकीद खां व इफ़्तिखार अंसारी उसे जमीन दिखाने बाराबंकी ले गये। जहां अमीक जमाई खां से मुलाकात करवाया। तीनों लोगों ने मिलकर उसे भूमि दिखाते हुए कूटरचित दस्तावेज दिखाया। देखने के बाद वह उनके बहकावे में आ गया और 40 लाख रुपये में चार प्लाट तय हुआ। पीड़ित ने 3 लाख 30 हजार रुपये नकद देते हुए 1.70 लाख रुपये मोबाइल से ट्रांसफर करवा दिया। उसके बाद तीनों लोग उसके घर आकर 10 लाख रुपये नकद ले गए। जिसका वीडियो उसके पास मौजूद है। कुछ दिन बाद मुकीद खां व इफ़्तिखार अंसारी उसके घर पहुंचे और 11 लाख रुपये नकद झोले में लेकर चले गये। आरोप है कि वह जमीन बैनामा करने के लिए बार-बार निवेदन करता रहा, मगर जालसाज टालमटोल करते रहे। इसी बीच पता चला की भूमि उनके नाम नहीं है। षड्यंत्र के तहत उसे कूटरचित दस्तावेज दिखाकर रुपये ले लिए गये। जिस पर वह अपना रुपया मांगने लगा तो रुपये देने मना करते हुए जान से मार डालने की धमकी दे रहे हैं। जिसकी रिकार्डिंग उसके पास मौजूद है।

पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत एसपी विनीत जायसवाल से की थी। एसपी ने करनैलगंज पुलिस को केस दर्ज करने का निर्देश दिया था। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विवेचना प्रचलित है। कार्रवाई की जा रही है।

## वर्ग पहेली-223

**बाएं से दाएं**

1. 1. मांगलिक अवसरों पर होने वाले सामाजिक उपचार
4. भारवाहक; भार उठाकर अपना भरण-पोषण करने वाला व्यक्ति; कुली।
7. 1. स्त्री; औरत 2. पत्नी; बहू।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. ख़ुशामद करने वाला व्यक्ति; चापलूस 2. आगे-पीछे लगा रहने वाला व्यक्ति 3. सोने के तार में पिरोई हुई माला।
3. (रामायण) राजा जनक के भाई कुशध्वज की बेटी जिसका विवाह दशरथ पुत्र भरत से हुआ था।
4. 1. जिसपर किसी प्रकार का ऋण हो 2. जिसपर किसी प्रकार का बोझ या भार हो।
5. हृदय जो आत्मा का आधार या आश्रय माना जाता है।
6. पवित्र करने वाली।



### वर्ग पहेली -222 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 खो | 2 ख | ला | ■ | ■ | ■ |
| ■ | जु | ■ | 3 सु | ■ | 4 म |
| 5 दु | रा | धा | र | ■ | नो |
| ■ | हो | ■ | धे | ■ | भ |
| 6 पिं | ■ | 7 अ | नु | भ | व |
| ड | ■ | टै | ■ | ■ | ■ |
| ल | ■ | 8 क | पै | सि | टी |

## सुडोकू-136

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 6 | 7 | | 3 | |
| | 7 | 5 | | | 1 | | | 6 |
| | 2 | | | | 8 | | 4 | |
| 2 | 6 | | | | | 9 | | 3 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 7 | | 1 | | | | | 5 | 8 |
| | 3 | | 5 | | | | 9 | |
| 9 | | | 4 | | | 7 | 1 | |
| | 4 | | 1 | 2 | | 3 | | |

### सुडोकू - 135 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 4 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 9 | 1 | 3 | 4 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 20 .40 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 19 .18 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** - आज आपको माता-पिता के प्रति अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। टीवी और मनोरंजन के संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। विरोधी आपके प्रति ईर्ष्या की भावना रख सकते हैं।

**वृष** - आज नजदीकी मित्रों के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। आप भाग्य की अपेक्षा अपने कर्म पर भरोसा रखें। कारोबार के उद्देश्य से यात्रा हो सकती है।

**मिथुन** - आज कठिन काम भी आसानी से पूरा कर लेंगे। पड़ोसियों के साथ आपको अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। समाज सेवी संस्थाओं में आप विशेष योगदान देंगे। व्यापार में अपेक्षा के अनुसार परिणाम प्राप्त होंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कर्क** - आज कमीशन संबंधी व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। युवाओं को तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। आपका मन शांत रहेगा। पूरे आत्मविश्वास के साथ आप काम करेंगे। आपके व्यक्तित्व और विचारशैली में परिवर्तन आएगा।

**सिंह** - आज लोगों पर ज्यादा भरोसा करने से बचें। प्रेमीजन के बर्ताव से आपका मन खराब हो सकता है। किसी परिजन की बात आपको बुरी लग सकती है। सोशल मीडिया में आपको ज्यादा सक्रिय नहीं रहना चाहिए।

**कन्या** - आज आर्थिक दृष्टिकोण से दिन बहुत ही अच्छा है। साझेदारी वाले कार्य आप शुरू कर सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा। आपको अपनी कार्यक्षमता बढ़ानी चाहिए। विरोधी आपके सामने मित्रता का प्रस्ताव रख सकते हैं।

**तुला** - आज लोग आपकी भावुकता का लाभ उठा सकते हैं। विश्वसनीय मित्रों से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको अन्य वैकल्पिक साधनों से धन लाभ प्राप्त हो सकता है। धीरे-धीरे आपके सभी कार्य सही दिशा में पूरे होते दिखेंगे।

**वृश्चिक** - आज प्रेम विवाह को लेकर योजना बना सकते हैं। संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। रुका हुआ काम राजनीतिक प्रभाव से पूरे हो जाएंगे। बच्चों की सफलता से आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। सभी कार्य समय पर पूरे हो जाएंगे।

**धनु** - आज बिना विचार किए कोई भी निर्णय न लें। मन में दुविधा की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। व्यापार में बड़ा जोखिम उठा सकते हैं। उच्चाधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। मेहनत के अनुरूप परिणाम प्राप्त होंगे।

**मकर** - आज पैतृक व्यवसाय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में आपका रुझान बढ़ेगा। थोड़ी सी सावधानी के कारण आपके बिगड़ते संबंध सुधर सकते हैं। सामाजिक क्षेत्र से आपको लाभ मिलेगा। विवाहोत्सुक युवतियों का विवाह तय हो सकता है।

**कुंभ** - आज नए कार्यों की रूपरेखा बना सकते हैं। मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। कुटुंब में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। अपनी सोच सदैव सकारात्मक रखें। आपके कार्यों की लोग सराहना करेंगे। शुभ कार्यों में धन खर्च कर सकते हैं।

**मीन** - आज किसी बड़ी कंपनी से जुड़ने या साझेदारी का अवसर मिल सकता है। आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। करियर को लेकर प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने की संभावना है। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
इंसानियत
सुबह : 10 .27
जीवन युद्ध
दोपहर : 03 .02

&pictures
मिशन रानीगंज
दोपहर : 01 .26
राधे
रात : 10 .18

SONY PIX
क्लैश ऑफ द टाइटंस
सुबह : 11 .33
रैमपेज
रात : 09 .00

ZEE CINEMA
शानदार
सुबह : 10 .20
रेड
रात : 08 .35

ZEE ACTION
चेन्नई वर्सेस चाइना
सुबह : 10 .34
बारूद
रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .35 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

यमराज (औरत से) - चलो, मैं तुम्हें लेने आया हूं।
औरत - बस दो मिनट दे दो।
यमराज - दो मिनट में ऐसा क्या कर लोगी?
औरत - फेसबुक पर स्टेटस डालना है, 'ट्रवलिंग टू यमलोक'!
यह सुनकर यमराज ही हो बेहोश गए।

जज-आपको अपनी सफाई में कुछ कहना है?
महिला-अब मैं क्या बोलूं? मेरे यहां तो सफाई नौकरानी करती है, तो इस बारे में वही अच्छी तरह से बता सकती है।

## एक नजर

### मूर्ति विसर्जन के लिए गया युवक लापता

**धानेपुर** : नगर पंचायत धानेपुर के मोहल्ला पूरबगली के रहने वाले दुर्गेश गुप्ता के मुताबिक उसका भाई विकास गुप्ता नवरात्र के तीसरे दिन अयोध्या में दर्शन करने के लिए जाने की बात कह कर निकला था। लेकिन एक सप्ताह बाद भी नहीं लौटा है। बीच बीच में फोन खुलने पर दूसरा व्यक्ति बात करने लगता था और बताता है कि विकास को पंडित साधू बनाना है। और अब फोन भी स्वीच ऑफ जा रहा है। जिससे घर वाले परेशान हैं। मंगलवार को परिजनों ने पुलिस से आपबीती बताते हुए तहरीर दी है जिस पर पुलिस ने जांच शुरू किया है। पुलिस के मुताबिक विकास की लोकेशन अयोध्या में मिली है। जिस पर परिजन अयोध्या रवाना हो गए हैं। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच पड़ताल की जा रही है।

### संदिग्ध हालत में चचेरी बहनें लापता

**धानेपुर** : धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो चचेरे बहनें सोमवार को दोपहर बाद अचानक लापता हो गई और देर शाम तक वापस घर नहीं आयी। जिस पर घर परिवार के लोगों ने खोजबीन किया लेकिन पता नहीं चला। मंगलवार को ग्राम प्रधान के साथ आये पीड़ितों ने धानेपुर पुलिस से शिकायत की है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### युवक को पीटा, केस दर्ज

**रुपईडीह** : कौड़िया के बगिया परसिया रानी निवासी उमेश कुमार पासवान ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह अपने उसकी मां रीना देवी के साथ खेत में गुड़ाई कर रहा था। उसके खेत के बगल गांव के ही जगत अपनी खेत मे खड़े होकर उसकी मेढ़ को काटने लगे, विरोध करने पर जगत अपनी पत्नी, चंदन व नंदिनी के साथ मिलकर लाठी डण्डा से मारकर ने घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध अभियोग किया गया है।

### जमीन के विवाद में चाची पर किया हमला

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार** : जमीन के विवाद को लेकर कौड़िया के लक्ष्मनपुर गांव निवासी कमला प्रसाद ने अपनी चाची को ईंट से प्रहार कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह भेज दिया गया है। आरोपित कमला प्रसाद के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# कार्यालय में डंप मिलीं किताबें तो होगी कार्रवाई : डीएम

संवाददाता, गोंडा

- डीएम की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण समिति की हुई बैठक
- खंड शिक्षा अधिकारियों को निपुण विद्यालय व कायाकल्प के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश


बैठक में मौजूद बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी – कर्मचारी।

**अमृत विचार** : मंगलवार को जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित जिला अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में डीएम ने कहा कि विद्यालय तक शत प्रतिशत पुस्तक पहुंचाई जाए। यदि किसी स्तर पर लापरवाही प्रदर्शित होंगी तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा बैठक में डीएम ने अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्माण प्रोग्रेस रिपोर्ट, मिड डे मील, विद्यालयों में विद्युतीकरण, बीआरसी की मरम्मत, पीएम श्री के तहत विद्यालयों के निर्माण की प्रगति रिपोर्ट, डीबीटी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के विभिन्न पैरामीटर पर सेचुरेशन और ऑपरेशन कायाकल्प में 19 पैरामीटर पर स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने स्कूलों के निरीक्षण में जिला टास्क फोर्स और ब्लॉक टास्क फोर्स के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों को निर्धारित निरीक्षण के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कायाकल्प योजना के तहत चाहर दिवारी, शौचालय, पेयजल आदि 19 बिंदुओं पर विद्यालयों का कायाकल्प सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों हेतु सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई निःशुल्क पुस्तकों का शतप्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाय। विद्यालय तक शत प्रतिशत पुस्तक पहुंचाई जाए यदि किसी स्तर पर लापरवाही प्रदर्शित होंगी तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाईकी जाएगी। उन्होने कहा कि निपुण भारत मिशन में जितने भी पैरामीटर हैं उनमें से सबसे कम प्रदर्शन करने वाले खंड शिक्षा अधिकारियों की सूची बनाई जाए कि वे किन-किन पैरामीटर में पीछे हैं, तभी स्पष्ट जिम्मेदारी तय हो सकेगी। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए की विद्यालयों के निर्माण को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और संबंधित को हैंडओवर किया जाए। निर्माण के दौरान गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। जल्द से जल्द समय के अंदर ही निर्माण कर पूरा कराया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, एडी बेसिक शिक्षा विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त बीडीओ, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त सीडीपीओ, समस्त डीसी बेसिक शिक्षा विभाग सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### आरएसएस की शाखा संघ के कार्यों का मूल आधार


संघ के प्रशिक्षण वर्ग में मौजूद स्वयंसेवक। अमृत विचार

**मसकनवा** : छपिया के मां गायत्री रामसुख पांडे पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला नंदनीनगर के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का दीक्षांत समारोह के बाद समापन किया गया। समारोह में 14 से 40 वर्ष के विद्यार्थी, व्यवसायी तरबगंज, मनकापुर तहसील के सातों खण्ड सभी नगरों से 55 शिक्षार्थी समाज के विभिन्न वर्गों से सम्मिलित हुए। वर्ग कार्यवाह रवीन्द्र ने बताया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा संघ के कार्यों का मूल आधार है। शाखा संचालन में संघ के कार्यकर्ता दक्ष रह सकने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने कार्यकर्ता का प्रशिक्षण शिविर लगता है। यह शिविर एक सप्ताह का होता है। सुबह से शाम तक नियत दिनचर्या के अंतर्गत संघ की शाखा लगाना एवं स्वयंसेवक के गुणों को आत्मसात् किया । यह वर्ग 8 अक्टूबर से 14 अक्टूबर सुबह दीक्षांत समारोह के बाद समाप्त हुआ। जिसमे विभाग प्रचारक प्रवीण, जिला प्रचारक रवि, जिला कार्यवाह रवीन्द्र, सह जिला कार्यवाह विपिन, खण्ड संघ चालक अशोक कुमार, खण्ड कार्यवाह राज कुमार, जिला बाल्यकार्य प्रमुख राम कुमार, जिला शारीरिक प्रमुख अनूप कुमार, अनिल वर्मा डॉ उमाशंकर मिश्र, रामचन्द्र, गौरव, अमन, सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### बिच्छू गैंग के सदस्यों ने युवक को पीटा

धानेपुर : धानेपुर थाना क्षेत्र के सोमरही के रहने वाले मंजीत सोनकर के मुताबिक घटना 9 अक्टूबर की रात करीब दस बजे की है जब वह मेडिकल से लौटकर अपने घर जा रहा था। आरोप लगाया है कि रास्ते में सोमरही चौराहे के पास पहुंचा था तभी पांच छह की संख्या में लोगों ने रोक लिया और अपशब्द कहते हुए मारपीट की जिससे माथे पर चोटें आई है। आरोप लगाया है कि उसके सीने पर असलहा रख दिया और कहा कि हमारा गिरोह बहुत लंबा है अगर दोबारा बकाया पैसा मांगोगे तो तुम्हारे लिए अच्छा नहीं होगा। तब से वह काफी डरा सहमा हुआ है। बताया कि शिकायत की गई है। इसके अलावा पीड़ित ने एसपी के सीयूजी नंबर पर व्हाट्सएप पर भी शिकायत करते हुए कहा है कि उसके इधर बिच्छू गैंग के सदस्य काफी सक्रिय है और कई आरोप लगाया है थाने वाले उसे परेशान कर रहे हैं।थाने के एक सिपाही बिच्छू गैंग के बारे में जानते हैं और सुलह करने का दबाव बना रहे हैं। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि जांच कराकर उचित कार्रवाई की जायेगी।

### चीनी लहसुन की बिक्री की सूचना पर की गई छापेमारी


सब्जी मंडी में लहसुन की जांच करती खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम। अमृत विचार

**गोंडा** : चीन के लहसुन पर प्रतिबंध के बाद बिक्री किए जाने की आशंका को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की अलग अलग टीम ने मंगलवार को शहर के उतरौला रोड तथा करनैलगंज के स्थित फल एवं सब्जी मंडी में छापेमारी की। हालांकि इस जांच पड़ताल में कहीं भी चीनी लहसुन की बिक्री नहीं पायी गयी। चीन में उत्पादित लहसुन पर वर्ष 2014 में सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन तस्करी कर इसकी बिक्री की जा रही थी। मामला उच्च न्यायालय पहुंच था। जिस पर न्यायालय ने चीन से आयातित लहसुन के भंडारण व बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। आदेश के अनुपालन में मंगलवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने सब्जी मंडी पहुंचकर व्यापारियों के दुकानों पर छापेमारी कर चीन से आए हुए लहसुन के बारे में जानकारी ली। हालांकि किसी दुकानदार के पास चीन के लहसुन के उपलब्धता नहीं पाई गई। छापेमारी करने गई टीम ने सभी व्यापारियों को चीनी लहसुन पर प्रतिबंध लगने की जानकारी देते हुए न बेचने के सख्त निर्देश दिए हैं। टीम ने चेतावनी दी है यदि कोई भी व्यक्ति चीन से आए हुए लहसुन की बिक्री करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि छापेमारी के दौरान चीनी लहसुन को न बेचे जाने का निर्देश दिया गया है। ग्राहकों को भी जागरूक किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि छापेमारी में लहसुन बरामद नहीं हुआ है। चीन से आयातित लहसुन को किसी भी दशा में बेचने नहीं दिया जाएगा।

# राम को देख भरत भावविभोर, श्रद्धालु भी गदगद

## शहर के भरत मिलाप चौराहे पर देर रात किया गया राम-भरत मिलन लीला का मंचन

कार्यालय संवाददाता, गोंडा


शहर में निकाली गयी शोभायात्रा में रथ पर सवार राम, लक्ष्मण व माता सीता।

**अमृत विचार**: 14 वर्षों का वनवास पूरा कर दब भगवान राम माता सीता व भाई लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे तो अपने आराध्य को देखकर महराज भरत भावविह्वल हो गए। हजारों की संख्या में भक्त राम भरत मिलन के इस अद्भुत क्षण के साक्षी बने। बड़े भाई राम के प्रति भरत का अपार स्नेह देखकर श्रद्धालु गदगद हो उठे। इस दौरान जय श्री राम के जयकारों से आसमान गुंजित हो उठा। शहर के भरत मिलाप चौराहे पर आयोजित राम भरत मिलन समारोह में एसपी विनीत जायसवाल भी अपनी मोबाइल पर इस मनमोहक दृष्य को कैद करते नजर आए।

महापराक्रमी रावण के वध के साथ ही भगवान राम का 14 वर्षों का वनवास भी पूरा हो गया। सोमवार की शाम को शहर के भरत मिलाप चौराहे पर राम भरत मिलन की लीला का मंचन किया गया। इसके पहले रामलीला मैदान से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। रथ पर भगवान श्री राम, लक्ष्मण, भरत व माता सीता सवार हुए। गाजे बाजे के साथ यह शोभायात्रा भरत मिलाप चौराहे पर पहुंची जहां महराज भरत ने वनवास से लौट रहे अपने बड़े भाई श्री राम का स्वागत किया। लंबी अवधि के पश्चात बड़े भाई का दर्शन मिलने पर भरत भावविह्वल हो उठे। भाई भाई का प्रेम देख भरत मिलाप देखने के लिए मौजूद हजारों की संख्या में भक्त भी गदगद हो गए। भरत की आंखों से बह रही अश्रु धारा श्री राम के प्रति भरत के स्नेह की पराकाष्ठा रही। यह अद्भुत दृष्य देखकर एसपी विनीत जायसवाल भी खुद को रोक नहीं सके और उन्होने भी इस लीला को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया।

भरत मिलाप की भव्य शोभायात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए मजिस्ट्रेट के साथ पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। एसपी विनीत जायसवाल, एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, सीओ सिटी सौरभ वर्मा, नगर कोतवाल मनोज पाठक बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ शोभायात्रा में मौजूद रहे।

### नवाबगंज में शुरू हुई 12 दिवसीय रामलीला

**नवाबगंज** : कटरा शिवदयालगंज में श्री अवध रामलीला समिति के बैनर तले आयोजित हो रही 12 दिवसीय रामलीला महोत्सव का सोमवार को शुभारंभ हुआ। पहले दिन नारद मोह और विश्व मोहिनी स्वयंवर का मंचन किया गया जो आगे चलकर भगवान भगवान राम के अवतार का मुख्य कारण बना। 12 दिनों तक चलने वाली इस रामलीला का मुख्य अतिथि प्रधान राघवेंद्र प्रताप सिंह और रामकथा के सरस वक्ता आचार्य भोलानाथ तिवारी ने संयुक्त रूप से फीताकाट कर शुरूआत की। प्रथम पूज्य भगवान गणेश की आरती वंदना कर दर्शकों ने जय श्री राम जय जय हनुमान के गगनभेदी जयकारों से पूरा पंडाल गुंजायमान कर दिया। तत्पश्चात नारद मोह,विश्व मोहिनी स्वयंवर की लीला का मंचन किया गया।


भरत मिलाप कार्यक्रम में राम से मिलते भरत। अमृत विचार

### भरत मिलाप व झांकी प्रदर्शन देखने उमड़े लोग

**करनैलगंज** : नगर के प्रसिद्ध रामलीला महोत्सव में विभीषण राज्याभिषेक, भरत मिलाप व झांकी प्रदर्शन एवं मूर्ति स्वागत की लीला रोचक ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान दर्शकों की भारी भीड़ दिखाई दी। मंचन में दिखाया गया कि भगवान राम रावण का वध करने के बाद लक्ष्मण हनुमान और जामवंत को भेज कर विभीषण का राज्याभिषेक करवाते हैं। सोमवार देर रात नगर के रामलीला भवन से करीब दो दर्जन देवी-देवताओं की अलग-अलग झांकियां निकाली गई। साथ ही भगवान श्री राम, लक्ष्मण, जानकी का विमान मेहंदी हाता बजरंग नगर नचनी होते हुए करनैलगंज बाजार पहुंचा। इस दौरान कई जगहों पर भगवान के विमान को रोक कर स्वागत किया गया। भगवान श्रीराम का विमान सीधे कार्यक्रम स्थल पहुंचा। जहां भरत मिलाप की लीला संपन्न हुई। यह कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। रामलीला में भगवान राम लक्ष्मण और भरत के मिलाप की लीला के दौरान कलाकारों द्वारा भक्ति भजन, नृत्य नाटिका व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान एसपी विनीत जायसवाल भीनमौके पर पहुंचे और कोतवाल श्रीधर पाठक व चौकी प्रभारी सोमप्रताप सिंह से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

# शरारती तत्वों ने फेंके ईट-पत्थर

- कटहरिया मोहल्ले में माहौल बिगाड़ने का प्रयास


कटहरिया मोहल्ले में पत्थरबाजी की घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार**: जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र के कटहरिया मोहल्ले में मंगलवार को शरारती तत्वों ने पत्थरबाजी कर माहौल खराब करने की कोशिश की। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

कटहरिया मोहल्ले में रहने वाले कुछ लोगों ने मंगलवार दोपहर पुलिस को सूचना दी कि मोहल्ले में पत्थरबाजी की जा रही है। उनके घरों व गली में ईट के टुकड़े फेंके जा रहे हैं। सूचना मिलते ही नगर कोतवाल मनोज पाठक पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। मौके पर एक घर की छत पर तथा बाहर गली में कुछ ईंट के टुकड़े पड़े मिले। लेकिन यह किस तरफ से फेंके गए इसका कुछ पता नहीं चल सका। नगर कोतवाल के साथ पुलिस टीम ने मोहल्ले के कई घरों के छतों पर जाकर भी जांच की। वहीं पथराव की सूचना मिलते ही कटहरिया मोहल्ले की गली में काफी लोग जुट गए। मोहल्ले वासियों का कहना है कि रुक-रुक कर ईट फेंका जा रहा है। व्यापारी शिव शंकर सोनी के घर के छत पर भी पुलिस ने जाकर जाँच की। ईंट फेंके जाने की जानकारी होने पर बजरंग दल के राकेश वर्मा गुड्डू वह उनके कई साथी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने भी पुलिस से पत्थर लेकर जाने की बात कही है। मोहल्ले के कई घर पर ईट के टुकड़े पड़े होने ट से दहशत है। लोगों का मानना है कि कुछ लोग माहौल खराब करना चाहते हैं इसलिए ऐसा कर रहे हैं। पुलिस भी इसे किसी शरारती तत्व की कारस्तानी मान रही है। हालांकि बहराइच की घटना को देखते हुए जिले के पुलिस सजग दिख रही है। एलआई यू इंस्पेक्टर ने भी पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। ऐहतियात के तौर पर मोहल्ले में पुलिस तैनात कर दी गयी है।

नगर कोतवाल मनोज पाठक ने बताया कि कटहरिया मोहल्ले में ईट फेके जाने की सूचना पर जांच पड़ताल की गयी है। मोहल्ले में पर्याप्त संख्या में पुलिस को तैनात कर दिया गया है। प्रथम दृष्टया यह काम किसी शरारती तत्व का लग रहा है।

### हिंदू देवी-देवताओं पर की अभद्र टिप्पणी आरोपी गिरफ्तार

**करनैलगंज** : करनैलगंज के रहने वाले एक समुदाय विशेष के युवक ने हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी कर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की। हिंदू संगठनों ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

श्री दुर्गा पूजा महोत्सव कैलाश बाग के पदाधिकारी मंगलवार को कोतवाली पहुंचे और तहरीर देकर कहा कि नगर निवासी अरशद पुत्र नुसरत नामक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर दशहरा पर्व के दौरान रामलीला मैदान में आयोजित मेले का वीडियो साझा कर हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। तहरीर देने वालों में शिवा भट्ट, गणेश प्रसाद वैश्य, विनीत पाण्डेय, विपिन शुक्ला, दिलीप मिश्रा, आयुष गुप्ता, अंकित गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, दिव्यांश, आशीष बाबा, सिंधू मिश्र समेत तमाम लोग शामिल रहे। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है, आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है।

# 400 मीटर दौड़ स्पर्धा में विकास गोस्वामी अव्वल

- प्रतियोगिता के दूसरे दिन आयोजित हुए कई तरह की खेल


बेलसर के एमडीबी इंटर कॉलेज में खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे।

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार**: बेलसर के क्रीड़ा प्रांगण में तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। खेल प्रतियोगिता में लंबी कूद सीनियर वर्ग में कमलेश कुमार सुभाष इंटर कॉलेज उमरी बेगम बेगमगंज प्रथम, सुनील यादव सुभाष इंटर कॉलेज ने द्वितीय जबकि आकाश सिंह समता इंटर कॉलेज उमरी बेगमगंज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

गोला फेंक सीनियर बालक वर्ग में आलोक शुक्ला गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी ने प्रथम अभिषेक और कमलेश कुमार सुभाष इंटर कॉलेज उमरी बेगमगंज क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालक सीनियर वर्ग विकास गोस्वामी सुभाष इंटर कॉलेज में प्रथम स्थान, रमन यादव गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज नवाबगंज द्वितीय स्थान, विनोद कुमार वर्मा शाहिदे आजम स. भगत सिंह इंटर कॉले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मी सीनियर वर्ग दौड़ में रामू गुप्ता श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी में प्रथम स्थान, रमन यादव श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज नवाबगंज द्वितीय जबकि लल्लन आप इंटर कॉलेज मनकापुर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर जूनियर बालक वर्ग में अखिलेश डीएवी इंटर कॉलेज नवाबगंज में प्रथम स्थान, दीपक यादव श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज नवाबगंज ने द्वितीय स्थान तथा सोनू महाराजा देवी बक्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर गोंडा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में अंकित यादव गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज नवाबगंज में प्रथम, मोहम्मद उबेद महाराजा देवी बख्श इंटर कॉलेज जबकि आकाश सिंह महाराजा देवी बख्श इंटर कॉलेज बेलसर के छात्र में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार लंबी कूद जूनियर वर्ग में अंकित सोनकर स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज गोंडा में प्रथम स्थान अमन चौहान आप इंटर कॉलेज मनकापुर ने द्वितीय स्थान तथा अजय कुमार यादव बी एच डी इंटर कॉलेज धानेपुर में तृतीय स्थान प्राप्त किया चक्रक्षेपण जूनियर वर्ग में शौर्य प्रताप सिंह सुभाष इंटर कॉलेज उमरी बेगमगंज ने प्रथम स्थान, अब्दुल्ला खान जिगर मेमोरियल इंटर कॉलेज ने द्वितीय स्थान तथा आकाश सिंह महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर गोंडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालक वर्ग में सोनू महाराज देवी बख़्श सिंह इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान धर्मेंद्र यादव गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज नवाबगंज द्वितीय स्थान तथा राजा पासवान गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राधा मोहन पांडेय, आनंद कुमार त्रिपाठी जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ एवं शिक्षक महासंघ गोंडा, रफीउल्लाह, प्रधानाचार्य जिगर मेमोरियल इंटर कॉलेज, डॉ अनुपम पांडेय प्रधानाचार्य, पूर्व प्रधानाचार्य दीप नारायण सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर धर्मेश चंद मिश्रा, मणि शंकर यादव,एल वी पांडेय, डॉ यश नंदू महेश सिंह, पारस नाथ पांडे, फतेह बहादुर सिंह व अन्य मौजूद रहे।

**कार्रवाई** — कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़ने का आरोप, कोर्ट ने दिया था एफआईआर दर्ज करने का आदेश

# पंडरीकृपाल की ब्लॉक प्रमुख व पूर्व ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ एफआईआर

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार**: पंडरीकृपाल ब्लॉक की प्रमुख प्रियंका गौतम व पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव कुमार सिंह बिट्टू के खिलाफ देहात कोतवाली में धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली गयी है। ब्लॉक प्रमुख प्रियंका पर गलत पता दिखाकर चुनाव लड़ने और पूर्व ब्लॉक प्रमुख बिट्टू सिंह पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर प्रियंका को चुनाव लड़ाने का आरोप है।

कोर्ट ने ब्लॉक प्रमुख व पूर्व ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच का आदेश दिया था। अदालत के आदेश पर मंगलवार को दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बिसुनपुर बैरिया गांव की रहने वाली छोटका पत्नी शिवकुमार ने कोर्ट को दिए हलफनामें में आरोप लगाया था कि पंडरीकृपाल ब्लॉक की प्रमुख प्रियंका गौतम मूल रूप से बिहार प्रांत के भागलपुर ब्लॉक के करौता गांव की रहने वाली है। प्रियंका का विवाह भी वहीं के रहने वाले मुन्ना के साथ हुआ है। वह जन्म से वहीं रह रही हैं लेकिन


गलत पता दिखाकर बनीं ब्लॉक प्रमुख
पंडरीकृपाल की ब्लॉक प्रमुख व पूर्व ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ दर्ज होगा धोखाधड़ी का मुकदमा

अमृत विचार में छपी खबर। अमृत विचार

ब्लॉक प्रमुखी का चुनाव लड़ाने के लिए पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने कूट रचित दस्तावेज तैयार करवाकर प्रियंका गौतम को विकासखंड पंडरी कृपाल के महादेवा गांव के मजरे बिसवां दामोदर का निवासी दिखा दिया गया। गांव के परिवार रजिस्टर में 246 नंबर पर प्रियंका गौतम व उनके पति का नाम दर्ज कराया गया है जबकि वह अपने जीवनकाल में कभी इस गांव में रही ही नहीं है। छोटका का आरोप था कि ब्लॉक प्रमुख के वर्तमान प्रतिनिधि व पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने यह पूरा खेल किया है। ब्लॉक प्रमुख पद हासिल करने के अपने बिट्टू सिंह ने अपने रसूख के बल पर जालसाजी कर प्रियंका का फर्जी जाति प्रमाण पत्र भी बनवा दिया और उन्हे ब्लॉक प्रमुख के पद पर गलत तरीके से काबिज करा दिया। छोटका के आरोपों का संज्ञान लेते हुए अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने देहात कोतवाली पुलिस को ब्लॉक प्रमुख प्रियंका गौतम व पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच करने का आदेश दिया था। देहात कोतवाल देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर ब्लॉक प्रमुख प्रियंका गौतम व पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गयी है। मामले की जांच की जा रही है।

# एडीजे ने किया राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**गोंडा, अमृत विचार**: अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने मंगलवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज ने सम्प्रेक्षण गृह में रह रहे किशोरों के मुकदमे की पैरवी, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सम्प्रेक्षण गृह में प्रदत्त सुविधाओं तथा किशोर न्याय समिति के निर्देशानुसार सम्प्रेक्षण गृह में संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिला जज ने प्रभारी अधीक्षक को साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। अपर जिला जज ने स्टोर रूम व किचन के निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता भी परखी। इस दौरान सम्प्रेक्षण गृह के प्रभारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में सम्प्रेक्षण गृह में 71 किशोर रह रहे हैं। निरीक्षण के दौरान विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। इस दौरान डिप्टी चीफ़ एलएडीसी अनिमेष चतुर्वेदी, असिस्टेंट एलएडीसी बृज लाल तिवारी, सम्प्रेक्षण गृह के प्रभारी अधीक्षक संतोष कुमार दूबे व अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### आज भी बंद रहेगा नेट

**बहराइच।** जिले में सोमवार रात से ब्रॉडबैंड के सेवाएं भी बंद कर दी गई। अपर जिला अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर 16 अक्टूबर तक इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह से बंद कर दी गई हैं। आगे की स्थिति के बाद पुनः फैसला लिया जाएगा। वही ब्रॉडबैंड से लोग काम चला रहे थे लेकिन ब्रॉडबैंड से भी सोशल मीडिया पर पोस्टर वायरल होने लगे इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने ब्रॉडबैंड सेवाओं पर भी पाबंदी लगा दी है।

### रेलवे स्टेशन पर नेट का कर रहे उपयोग

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** जिले में इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह से बंद हैं। इसके चलते लोग काफी परेशान हैं अपने लोगों से वीडियो कॉलिंग और अन्य कार्य के लिए क्षेत्र के लोग रेलवे स्टेशनों पर पहुंच रहे हैं। कुछ यही हाल मंगलवार को भी देखने को मिला विशेश्वरगंज और पयागपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे आम लोगों ने वाई-फाई का इस्तेमाल किया।

### श्रावस्ती में भी बरती जा रही सतर्कता

**बहराइच।** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस द्वारा कड़ी सुरक्षा बरती जा रही है। चौक चौराहों पर पुलिस तैनात है। बहराइच मार्ग से श्रावस्ती जिले तक पुलिस सतर्कता बरत रही है। हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस को लेकर दो पक्षों में मारपीट, आगजनी और फायरिंग हो गई थी। इसको लेकर जिले की पुलिस सतर्कता बरत रही है। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस के साथ पीएससी के जवान सुरक्षा में लगे हुए हैं। कुछ यही हाल बहराइच से जाने वाले श्रावस्ती मार्ग की है। श्रावस्ती मार्ग पर श्रावस्ती जनपद की पुलिस जगह जगह तैनात है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न संवेदन शील स्थानों पर पुलिस भ्रमण करती दिखी।

# महाराजगंज में बाजार और नेट सेवा बंद, 52 उपद्रवी गिरफ्तार

## सीतापुर मार्ग फिर से खोल दिया गया, दूसरे दिन भी महाराजगंज में जमा रहे एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** महाराजगंज कस्बे में सांप्रदायिक हिंसा के बाद भारी पुलिस बल और सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के बीच लगातार दूसरे दिन भी बाजार बंद रहे और स्थानीय लोग घरों के अंदर ही रहे। सांप्रदायिक हिंसा के मामले में अब तक 52 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ ही मोबाइल और ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं भी बंद है।

मंगलवार को एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश, डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, सीडीओ मुकेश चंद्र, एएसपी ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी पुलिस और पीएससी जवानों के साथ गश्त करते रहे। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि तनावग्रस्त इलाके में हालात सामान्य होते दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि रविवार को दुर्गा पूजा के मौके पर मूर्ति विसर्जन यात्रा के दौरान सांप्रदायिक हिंसा भड़कने पर 22 वर्षीय युवक राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई और पथराव तथा गोलीबारी में करीब छह लोग घायल हो गए थे। इस घटना के बाद इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया और पुलिस ने कार्रवाई की। जिलाधिकारी ने बताया कि असामाजिक तत्वों की पहचान करने के प्रयास चल रहे हैं और पुलिस अधिकारी उन पर कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 52 से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं और जल्द ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सभी गिरफ्तारियां एहतियातन की गई हैं, सिवाय दो आरोपियों के जिन्हें रविवार की हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। रविवार और सोमवार को हुई हिंसा के सिलसिले में अब तक तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं जबकि कुछ और शिकायतें दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि स्थिति सामान्य हो रही है। बहराइच और सीतापुर के बीच का मार्ग फिर से खोल दिया गया है। पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स, प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी के जवानों के साथ-साथ जिला पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की मदद से महाराजगंज के 20 किलोमीटर के दायरे में सुरक्षा और गश्त सुनिश्चित की जा रही है। विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।



महाराजगंज बाजार में सुरक्षा में तैनात पुलिस बल गश्त करते हुए।

### महाराजगंज बाजार पुलिस और पीएसी जवानों से पटा

महाराजगंज बाजार में दो समुदाय के बीच हुए भिड़ंत के बाद दूसरे दिन भी एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश सड़कों पर पैदल मार्च करते दिखे। देवीपाटन मंडल भी रमपुरवा मोड पर पुलिस कर्मियों के साथ फ्लैग मार्च करते दिखे। बता दें कि सोमवार दोपहर 12 एडीजी लॉ एंड ऑर्डर हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन करें। इसके बाद वहां से महाराजगंज बाजार पहुंच गए। जिसके बाद स्थिति पर काबू पाया जा सका। वहीं मंगलवार को भी एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश क्षेत्र में भ्रमण करते दिखे। एडीजी महाराजगंज बाजार में पैदल करते रहे। वहीं डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह रमपुरवा मोड़ के पास मार्च करते दिखे। वहीं सीडीओ मुकेश चंद्र भी अधिकारियों के साथ पैदल मार्च करते रहे। महसी तहसील क्षेत्र में जिला मुख्यालय या अन्य क्षेत्र से आने जाने वाले लोगों आधार कार्ड देखकर ही प्रवेश दिया जा रहा है। क्योंकि सोमवार को आधार कार्ड देखकर ही लोगों की पिटाई भी हो रही थी।

### नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ी

देवीपाटन रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि घटना के बाद स्थानीय हरदी थाने में छह नामजद और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कथित हत्या और हिंसा के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सिंह ने कहा कि जिन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है, उनमें अब्दुल हमीद, उसका बेटा सरफराज उर्फ रिंकू, फहीम, राजा उर्फ शाहिद (चारों महाराजगंज के), ननकऊ और मारूफ अली (दोनों रेहुआ मंसूर गांव के) तथा चार अज्ञात लोग हैं। इस बीच, रेहुआ मंसूर गांव और महाराजगंज शहर के स्थानीय लोग ज्यादातर अपने घरों के अंदर ही रहे और क्षेत्र में मोबाइल तथा ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं बंद होने का भी प्रभाव देखा गया। सोमवार सुबह मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई जबकि शाम को ब्रॉडबैंड सेवा बंद की गई। बुधवार तक इंटरनेट सेवाएं फिर से शुरू होने की उम्मीद है। स्थानीय नगर निकाय ने सड़कों से जले हुए वाहन हटाने शुरू कर दिए हैं, जिन्हें हिंसा के दौरान आग लगा दी गई थी। निकाय ने दुकानों में आगजनी के कारण हुई गंदगी को भी साफ किया। बहराइच जिले की नेपाल सीमा पर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के डिप्टी कमांडेंट दिलीप कुमार ने बताया यहां नेपाल सीमा पर पहले से ही चौबीसों घंटे बल की तैनाती है।

### बदहाली मिटाने के लिए लगाए गए सफाई कर्मी

उपद्रव की दुर्दशा तस्वीरें बयां कर रही हैं। पुलिस की मौजूदगी में जले सामान को निहारने में लोग लग गए हैं। वहीं जिला प्रशासन की ओर से सफाई कर्मियों को भेजकर कूड़े करकट को हटवाने का प्रयास किया जा रहा है। नगर पालिका समेत नगर पंचायत और ब्लॉक के सफाई कर्मियों को बुलवाकर गंदगी को साफ करवाया जा रहा है। उपद्रव में आग लगे समान को एक स्थान पर रखवाया जा रहा है। ईओ प्रमिता सिंह ने बताया कि लगभग 50 सफाई कर्मी महाराजगंज बाजार भेजे गए हैं।

### खरीदारी के लिए लोग बाहर निकल रहे हैं

तीसरे दिन भयावह तस्वीरें देखने को मिली। मंगलवार को परिवार की महिलाएं घर और अपने समान की दुर्दशा देख विलख रही हैं। सभी का कहना है कि ऐसा बवाल अपने जीवन में नहीं देखा है। लोग आपसी भाईचारा बनाए रखने की मांग कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि स्थिति पूरी तरह सामान्य है। खरीदारी के लिए लोग बाहर निकल रहे हैं। पूर्व की भांति स्थिति संभालने में थोड़ा समय लग सकता है।



घटना के बाद हालात को सामान्य करने के लिए महाराजगंज बाजार में चल रहा सफाई कार्य।

# महसी इलाके में कर्फ्यू जैसे हालात, जनजीवन प्रभावित



महराजगंज बाजार में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**मनोज कुमार अवस्थी, भगवानपुर (बहराइच)**

**अमृत विचार :** महसी तहसील क्षेत्र के महराजगंज बाजार समेत आसपास के गांव में पुलिस और पीएसी के जवानों की बूट से लोग सहमे हुए हैं। कर्फ्यू जैसे हालात क्षेत्र में हैं, इसका असर जिला मुख्यालय पर भी देखने को मिल रहा है। पुलिस और पीएसी जवानों की चहलकदमी के बीच ग्रामीण अपने दिनचर्या निपटा रहे हैं।

हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में धार्मिक स्थल के निकट निवास करने वाले सलमान ने रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान गोली चला दी थी। गोली लगने से रामगांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी रामगोपाल मिश्रा की मौत हो गई थी। जबकि एक दर्जन लोग घायल हो गए थे। इसके बाद शुरू हुआ बवाल सोमवार दोपहर तक जारी रहा। हालात पर पुलिस और प्रशासन ने काबू पा लिया है, लेकिन बाजार और गांव की सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। कर्फ्यू जैसे हालात अभी भी बने हुए हैं। कोई भी व्यक्ति बिना काम के अपने घर से बाहर नहीं निकल रहा है। इसी का नतीजा है कि सुबह से लेकर शाम तक लोग सड़क पर नहीं दिख रहे हैं। सड़क सिर्फ पुलिस और प्रशासन के लोग दिख रहे हैं। हालात को काबू में करने के लिए मंगलवार को भी एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश महाराजगंज बाजार में कैंप करते दिखे। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि पहले हालत काफी सामान्य है। जल्द ही स्थिति और बेहतर दिखेगी।

### बच्ची को जिंदा जलाने का भी लगा आरोप

महराजगंज बाजार निवासी कलीम ने बताया कि सोमवार को उपद्रवियों ने उनकी बाइक में आग लगा दी। उसी आग पर उनकी बेटी को जिंदा जलाने के प्रयास में वाहन पर बैठा दिया। उपद्रवियों के बाहर जाते ही उन्होंने सबसे पहले छह वर्ष की बेटी शीबा को बचाया। लेकिन अपने वाहन नहीं बचा सके। दोनों वाहन राख हो गए।

# विसर्जन जुलूस में जैसे फूंकी लंका गाने पर शुरू हुआ था पथराव

**राजू जायसवाल, बहराइच**

**अमृत विचार।** जिले के हरदी और राम गांव थाना क्षेत्र की मूर्तियों का का विसर्जन जुलूस में गाना जैसी फूंकी लंका वैसे फूंको पर लोगों ने पहले पथराव शुरू किया था। यह गाना महराजगंज बाजार में बजने पर समुदाय विशेष के लोगों ने डीजे से लीड निकाल दी। इसके बाद मामला इतना बढ़ा कि कई लोगों के घर कूड़े के ढेर में तब्दील हो गए।

रामगांव थाना क्षेत्र और हरदी थाना क्षेत्र में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन क्षेत्र के गौरिया घाट नदी में प्रतिवर्ष होता है। सभी जुलूस हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार से होकर जाती है। इसी तरह



हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में आवागमन करते लोग।

**एक साथ 9 गांव की मूर्तियों का हो रहा था विसर्जन**

रविवार को रेहुआ मंसूर, सिपहिया प्यूरीली, महसी तहसील, पंडित पुरवा, महेश पुरवा, टिकाना, सधुवापुर की मूर्ति विसर्जन के लिए रवाना हुई। गांव निवासी सचिन मिश्रा और राहुल शुक्ला ने बताया कि विसर्जन जुलूस महराजगंज बाजार पहुंचा तो रेहुआ मंसूर के डीजे पर जैसे फूंकी लंका, वैसे फूंको पाकिस्तान का गाना लगा दिया। जिस पर सलमान और अन्य ने विरोध जताते हुए डीजे की लीड निकाल दी। इसी से विरोध शुरू हो गया और समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद मामला काफी बढ़ गया और आगजनी तक शुरू हो गई। मामला इतना बढ़ा कि समुदाय विशेष के लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई। जबकि सत्यनाम समेत एक दर्जन लोग घायल हो गए। उन सभी का अभी भी इलाज चल रहा है। गांव के लोगों का कहना है कि अपने ही देश में इस तरह के गाने का विरोध करना गलत बात है।

### मृतक के हाथ में आ गया था मां का सिर

गांव के लोगों ने बताया कि गाने के विरोध पर जब समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव किया तो मां दुर्गा का सर टूट गया और मृतक राम गोपाल मिश्रा के हाथ में आ गया इससे और नाराजगी बड़ी और दोनों समुदाय की ओर से प्रोटेस्ट शुरू हो गया। इसके बाद ही इस्लामिक झंडा उतारकर भगवा झंडा फहराने की कोशिश की गई।

### एक वर्ष पूर्व पंडितपुरवा में हुआ था विवाद

हरदी थाना क्षेत्र के पंडितपुरवा गांव में एक वर्ष पूर्व दुर्गा पूजा विसर्जन को लेकर दो समुदाय में विवाद हुआ था। लेकिन पुलिस ने उस घटना से कोई सबक नहीं लिया। महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित महराजगंज बाजार में इस बार बवाल हो गया।

### घटनास्थल से 100 मीटर की दूरी पर मौजूद रही पुलिस

महाराजगंज में जहां पर बवाल हुआ है उससे 100 मीटर की दूरी पर चार होमगार्ड और तीन पुलिसकर्मी मौजूद थे इसके बाद इतना बवाल बढ़ा कि पुलिसकर्मियों को मौके से भाग कर अपनी जान बचानी पड़ी। कम पुलिस की मौजूदगी भी घटना को बढ़ने में रोक नहीं सकी।

> महाराजगंज में मांग के सापेक्ष पुलिस बल दिया गया था लेकिन मामला इतना बढ़ जाएगा, ऐसी कोई इनपुट नहीं थी। पुलिस की सुरक्षा के चलते बहुत लोग सुरक्षित भी बचे।
>
> –वृंदा शुक्ला, पुलिस अधीक्षक

# राजकीय पॉलीक्लीनिक में लगेंगी हाईटेक मशीनें

**प्रमुख सचिव पशुधन ने निदेशालय से मांगा प्रस्ताव**

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** पशुपालन निदेशालय परिसर में संचालित राजकीय पॉलीक्लीनिक मार्डन बनेगा। यहां जांच और उपचार के लिए हाईटेक मशीनें लगेंगी। अस्पताल का निरीक्षण करने के दौरान प्रमुख सचिव पशुधन के रवींद्र नायक ने निदेशक डॉ. पीएन सिंह से इसके लिए प्रस्ताव मांगा है।

प्रमुख सचिव ने मंगलवार को बादशाह बाग स्थित पशुपालन निदेशालय परिसर में संचालित राजकीय पॉलीक्लीनिक का निरीक्षण किया। उन्होंने पशुओं के उपचार, दवा की उपलब्धता व केस आदि की जानकारी की। ओटी का निरीक्षण करने के साथ एक्सरे, खून की जांच व अल्ट्रासाउंड मशीन की क्षमता और कार्य जाने। चिकित्सकों से सेवाओं को और बेहतर बनाने पर बात की। इस पर मशीनें बदलकर हाईटेक लगाने का सुझाव दिया। अन्य संसाधनों की आवश्यकता बताई। इस पर प्रमुख सचिव ने सहमति जताते हुए निदेशक डॉ. पीएन सिंह से प्रस्ताव मांगा है। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, अधीक्षक डॉ. आरएस मिश्रा, डॉ. करन पटेल आदि रहे। इसके बाद विभागीय कार्यों की समीक्षा की।

# किसान के मकान से 12 लाख की संपत्ति चोरी

**बौंडी, बहराइच**

**अमृत विचार।** जिले के नंदवल गांव निवासी एक किसान के मकान में पीछे के रास्ते से सोमवार रात को चोर घुस गए। उसके बाद चोरों ने नगदी और जेवरात समेत 12 लाख से अधिक के संपत्ति चोरी की। सुबह चोरी की जानकारी होने पर तहरीर पुलिस को दी गई है।

बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नंदवल निवासी अकबर अली पुत्र इनायत अली के सभी बेटे विदेश में काम करते हैं। अकबर अली क्षेत्र के बड़े काश्तकार हैं। सोमवार रात को वह खाना खाने के बाद परिवार के साथ सो गए। देर रात घर में पीछे के दीवाल या पेड़ के सहयोग से अंदर घुस गए। इसके बाद सभी ने डेढ़ लाख रूपये नकदी, 10 लाख से अधिक मूल्य के सोने और चांदी के जेवरात, कपड़ा और तांबा तथा फूल के बर्तन की चोरी की। इसके बाद सभी अंदर के रास्ते से ही पुनः वापस चले गए। सुबह चोरी की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। पुलिस को सूचना दी गई। बौंडी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। थानाध्यक्ष सूरज राणा बताया कि जांच चल रही है। चोरी की घटना फर्जी लग रही है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार।** मटेरा थाना के नानपारा बहराइच मार्ग के भवनियापुर गांव के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार मटेरा थाना निवासी ननकऊ (35) की मौके पर ही मौत हो गई। उनके सगे भाई विजय कुमार (25) और मित्र गांव निवासी कमलेश्वर (25) बुधई (27) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायलों ने बताया वह लोग मटेरा से नानपारा जा रहे थे। मौत से परिजनों में कोहराम है। मटेरा थानाध्यक्ष मदनलाल ने बताया टक्कर मारने वाले वाहन को पकड़ लिया गया है, बाइक पर चार लोग सवार थे, जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।

# घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**हादसा**

- मिहींपुरवा मार्ग पर 12 अक्तूबर को कार ने मारी थी टक्कर

**मोतीपुर, बहराइच**

**अमृत विचार।** सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान सोमवार की रात मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के झाला गांव निवासी राकेश (29) की मौत हो गई। मृतक के बहनोई रामचंद्र ने बताया 12 अक्टूबर को राकेश बाइक से पड़ोसी राजेश 40 के साथ उनके रिश्तेदार के घर आम्बा वर्दिया से वापस लौट रहे थे। रास्ते में मुर्तिहा-मिहींपुरवा मार्ग पर कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे राकेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसका सीएचसी में उपचार चल रहा था, हालत गंभीर होने पर सोमवार की शाम मेडिकल कॉलेज लेकर जा रहे थे रास्ते में दम तोड़ दिया। खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करता था। दो संताने हैं, मौत से पिता मैकूलाल लाल मां धनदेई सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### किसान ने फंदा लगाकर दी जान

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार।** पयागपुर थाना के अरकापुर मजरा के गोब्बार गांव निवासी अजय (25) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के चाचा राजकुमार के मुताबिक सोमवार को दंपति में लड़ाई झगड़ा हुआ था। इसके बाद विशेश्वरगंज थाना के कोचवा से पहुंची उनकी सास अजय की पत्नी और बेटे को साथ लेकर चली गई थी। देर रात अजय ने घर के कमरे में फांसी लगा ली। मंगलवार की सुबह जब परिजन कमरे में पहुंचे तो शव लटका देखा। एक बेटा व एक बेटी है, खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करता था। पयागपुर इंस्पेक्टर करुणाकर पांडे ने बताया शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है ,तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### प्रतियोगी छात्रों ने दिया लोक सेवा आयोग में ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीसीएस-2024, आरओ-एआरओ परीक्षा की तिथियां तय न होने से प्रतियोगी छात्रों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। प्रतियोगी छात्रों ने मंगलवार को आयोग को ज्ञापन देकर परीक्षा पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी प्रशान्त पाण्डेय ने कहा की छात्र चाहते हैं कि आयोग एक ही दिन परीक्षा कराए। दो दिनों में परीक्षा से अलग-अलग पेपर होगा और नार्मेलाइजेशन को लेकर समस्या आ सकती है। ज्ञापन देने वाले में आशुतोष पाण्डेय, राजन त्रिपाठी, चंचल, राघवेंद्र त्रिपाठी, आजम, मोनू, आलोक, धीरज कोराव, सूरज द्विवेदी, अनुपम, मनीष, प्रभात, प्रीतेश तिवारी, विशाल, मो रिजवी शामिल रहे।

### महाकुम्भ के पहले सभी राज्यों में होगा रोड शो : जयवीर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अमृत विचार :** पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि अगले साल प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ-2025 की आध्यत्मिकता एवं पौराणिकता से लोगों को जोड़ने के लिए दूसरे प्रांतों में रोड शो आयोजित कराएं जाएं। ये रोड शो राज्यों की राजधानी व अन्य नासिक, उज्जैन, हरिद्वार आदि में कराये जाएं। पर्यटन भवन में मंगलवार को पर्यटन मंत्री महाकुम्भ से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन एवं रोड शो के लिए संस्कृति विभाग तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को जिम्मेदारी दी गयी है। सूचना विभाग द्वारा एलईडी युक्त कुम्भ यात्रा मोबाइल बस पूरे देश में भ्रमण करेगी। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इण्टर कालेज, स्कूल आदि में संपन्न होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग के लिए संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कराने की सुविधा होगी। ये कार्य 15 दिसम्बर तक सम्पन्न कराया जाना है। पर्यटन मंत्री ने निर्देश दिये कि प्री कुम्भ समिट के अंतर्गत कुम्भ लेजर शो, डिजिटल प्रदर्शनी, संगोष्ठी, ऑन स्पॉट कम्प्टीशन, कुम्भ क्वीज, लोक कलाकारों की प्रस्तुति, लघु फिल्म का आयोजन किया जायेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या दीपोत्सव-2024 के अवसर पर मलेशिया दल के माध्यम से विदेशी रामलीला दलों की प्रस्तुतियों के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें म्यामांर, कम्बोडिया, थाईलैण्ड, इण्डोनेशिया तथा आईसीसीआर नई दिल्ली का सहयोग लिया जाएगा। मैत्रेय पहाड़ी दल के 50 कलाकार श्री रामचरितमानस नारी शक्ति का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष अयोध्या में रिकार्ड 25 लाख दीप जलाये जाएंगे।

### बिजली चोरी कर रहे सात उपभोक्ताओं को पकड़ा

**मलिहाबाद/लखनऊ :** विद्युत विभाग ने हाई लाइन लॉस कम करने के साथ विद्युत चोरी रोकने के लिए मंगलवार को अधिशासी अभियन्ता मलिहाबाद सुदेश कुमार के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार वर्मा, माल और काकोरी एसडीओ, जेई व विजलेंस टीम ने कई स्थानों पर सैकड़ों उपभोक्ताओं के परिसरों पर छापेमारी की। इस दौरान 137 विधुत उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को चेक किया गया तथा 49 संयोजन विद्युत बकाये पर विच्छेदित किए गए, 27 उपभोक्ताओं से लगभग एक लाख रुपये जमा कराये गये और 7 उपभोक्ताओं के घर पर विद्युत चोरी पकड़ी गई। उनके विरुद्ध धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी का रिपोर्ट दर्ज कराया गया। विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सूरत में बिजली चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**आयोजन** राम को राजगद्दी मिलने पर लगे जयकारे

# राजगद्दी के साथ हुआ दशहरा का समापन

**जरवलरोड, बहराइच**

**अमृत विचार।** राम लीला समिति जरवलरोड द्वारा आयोजित दशहरा महोत्सव का समापन राजगद्दी के मंचन के साथ किया गया। भगवान राम को भरत द्वारा राजगद्दी सौंपा गया तो लोग जयकारे लगाने लगे।

जरवल रोड में 10 दिनों से दशहरा का मंचन चल रहा था।अंतिम दिन सोमवार को राजगद्दी का मंचन दिखाया गया। जिसे देखकर श्रोताओं ने जय श्री राम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। शिव मंदिर जरवल परिसर में सोमवार को अयोध्या से कलाकारों के द्वारा रावण वध के दूसरे दिन भगवान श्री राम के राजगद्दी प्रसंग का मनोहारी मंचन किया गया भगवान राम के राजगद्दी पर विराजमान होते ही सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रोतागण श्री राम का जयकारा करते हुए झूमते रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष चन्दन गुप्ता, जगदीप श्रीवास्तव "जीतू", प्रदीप जायसवाल, बनारसी दास गुप्ता, श्री चन्द जैन, राहुल सिंह, मुकेश यज्ञसैनी, सुमित गुप्ता, सोम प्रकाश, रज्जन कनौजिया आदि समिति के पदाधिकारी, सहयोगी एवं गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।



जरवल रोड में राज गद्दी का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# हत्यारोपी के भाई समेत चार लोगों को मुंबई ले गई पुलिस

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** मुंबई के एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में नामजद जिले के दो आरोपियों के परिवार के चार लोगों को मुंबई पुलिस साथ लेकर चली गई है। अब इनसे अन्य राज उगलवाने का काम मुंबई पुलिस करेगी।

मुंबई में बालीवुड के नजदीकी एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या शनिवार रात 11.30 बजे हत्या कर दी गई थी। मौके से पकड़े गए आरोपी ने दो शूटरों के नाम बताएं थे। जिसमें दोनों शूटर जिले कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गंडारा निवासी धर्मराज कश्यप और शिवा गौतम शामिल हैं। इनमें मुंबई पुलिस ने धर्मराज को गिरफ्तार कर लिया। जबकि शिव गौतम फरार चल रहा है। सोमवार को मुंबई पुलिस कैसरगंज के गंडारा बाजार पहुंची। कैसरगंज थाने की पुलिस की मदद से दोनों धर्मराज और शिवा के परिवार के लोगों से मिले। इसके बाद धर्मराज के भाई अनुराग और पिता राधेश्याम के साथ फरार शिवा के पिता बाल किशन समेत चार लोगों को अपने साथ लेकर चली गई है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि मुंबई पुलिस आई थी। कितने लोगों को साथ ले गई है, इसकी जानकारी नहीं है।

# हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में अवधेश प्रसाद के नामांकन को लेकर उठे सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अयोध्या

- पूर्व विधायक गोरखनाथ ने तत्कालीन सपा विधायक के खिलाफ दाखिल की थी याचिका
- उप चुनाव की घोषणा न होने से राजनीतिक हल्के में हलचल मायूस हुए चेहरे

**अमृत विचार :** अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से पूर्व विधायक गोरखनाथ की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल याचिका उपचुनाव की राह में रोड़ा बन गई। याचिका में सपा से विधायक रहे अवधेश प्रसाद के नामांकन पर उठाए गए हैं। इस बीच, उप चुनाव की घोषणा न होने से राजनीतिक हल्के में हलचल है। चुनाव की तैयारी में लगे नेता मायूस हो गए हैं।

पूर्व विधायक गोरखनाथ ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव को लेकर याचिका दाखिल की थी। भाजपा से प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे थे। उन्होंने तत्कालीन विजयी प्रत्याशी सपा विधायक अवधेश प्रसाद के नामांकन पत्र पर सवाल उठाए थे। याचिका में कहा गया कि अवधेश प्रसाद के नामांकन पर जिस अधिवक्ता ने नोटरी की, उस तारीख में उनके लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार अभिलेख का प्रमाणीकरण किए जाने के दौरान अधिवक्ता का लाइसेंस होना जरूरी है। शपथ पत्र में कुछ अन्य त्रुटियां भी बताई गईं थीं। उपचुनाव की घोषणा न होने से प्रत्याशी व चुनाव लड़ने के दावेदारों के साथ ही दल के नेताओं में हलचल है। प्रत्याशी महीनों से दौड़भाग कर रहे थे।

**याचिका वापस ले सकते हैं गोरखनाथ**

पूर्व विधायक गोरखनाथ हाईकोर्ट में दाखिल याचिका वापस ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह पार्टी हाईकमान से बातचीत करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें पार्टी से जैसा निर्देश मिलेगा, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सपा-बसपा घोषित कर चुके हैं प्रत्याशी**

मिल्कीपुर सीट पर सपा पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद को प्रत्याशी तय कर चुकी है, जबकि बसपा की ओर से राम सागर कोरी को प्रत्याशी के तौर पर इस सीट पर प्रभारी घोषित किया गया है। भाजपा की ओर से अभी तक कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। भाजपा समेत सभी दलों से चुनाव को लेकर तैयारी चरम पर है। सम्मेलन व जनसंपर्क बैठकें की जा रही हैं, पर ऐन वक्त पर उपचुनाव की घोषणा न होने से सभी परेशान हो गए हैं।

# एक्स्ट्रा इंटेलिजेंस टीम कर रही जांच उपद्रवियों की खंगाली जा रही हिस्ट्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बहराइच घटना में लिप्त उपद्रवियों की धर पकड़ जारी है। उपद्रवियों की हिस्ट्री खंगालने के लिए एक्स्ट्रा इंटेलिजेंस टीम लगायी गयी है। वहीं उपद्रवियों के पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को खंगालने के साथ उनके मुकदमों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पूरे शहर के साथ प्रभावित इलाकों में लगातार फोर्स का मूवमेंट हो रहा है। इसके अलावा कुछ संदिग्धों पर विशेष टीम द्वारा नजर रखी जा रही है। एडीजी लॉ एंड आर्डर अभिताभ यश ने बताया कि बहराइच में अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारी सेक्टरवार गश्त कर रहे हैं।

बहराइच एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि अब तक 52 उपद्रवियों को जेल भेजा जा चुका है। इसमें सोमवार और मंगलवार को 26-26 उपद्रवियों को जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों में उच्च अधिकारियों के साथ लगातार गश्त की जा रही है। वहीं मामले में दो और एफआईआर दर्ज की गयी है। इसके अलावा वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा लगातार रेड की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूरे शहर में शांति व्यवस्था कायम है और रोजमर्रा की तरह सामान्य गतिविधियां संचालित हैं। एसपी ने बताया कि अराजकतत्वों पर सोशल मीडिया के जरिये नजर रखी जा रही है ताकि शांति व्यवस्था कायम रहे।

# नियामक आयोग की अनुमति के बगैर कॉरपोरेशन ने जारी किया छूट का आदेश

## चोरी प्रकरण में कॉरपोरेशन का फैसला, बकाए पर दिया जाएगा चार किलोवाट तक का नया बिजली कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बिजली चोरी प्रकरण में राज्य विद्युत नियामक आयोग की अनुमति के बगैर यूपी पावर कॉरपोरेशन ने चार किलोवाट तक भार का नया बिजली कनेक्शन जारी करने की छूट दे दी है। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। यूपी राज्य उपभोक्ता परिषद ने मामला विचाराधीन होने के दौरान आदेश जारी करने पर कड़ी आपत्ति की है। परिषद की ओर से नियामक आयोग में विरोध याचिका दाखिल की गई है, जिसमें संवैधानिक संकट उत्पन्न करने वाले कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

**उपभोक्ताओं से लिया जाए सादे पेपर पर घोषणा पत्र : कॉरपोरेशन**

कॉरपोरेशन के आदेश में कहा गया है कि बिजली चोरी के प्रकरणों से संबंधित उपभोक्ताओं से सादे पेपर पर निर्धारित प्रारूप पर घोषणा पत्र लिया जाए कि भविष्य में नीतिगत निर्णय उन्हें मान्य होगा और उन्हें कनेक्शन दे दिया जाए। कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य की ओर से वितरण कंपनियों के प्रबंध निदेशकों को आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है।

- उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में दाखिल की विरोध याचिका
- कहा, संवैधानिक संकट उत्पन्न करने वाले निदेशक मंडल के खिलाफ की जाए कार्रवाई

कॉरपोरेशन की ओर से 30 सितंबर को बिजली चोरी के प्रकरण में चार किलोवाट तक का नया कनेक्शन जारी करने का प्रस्ताव जारी किया गया था, जिसमें कनेक्शन देने के नियमों में छूट देने की मांग की गई थी। अभी यह मामला विचाराधीन है। इस बीच, बीते दिन कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य निधि कुमार नारंग की ओर से निदेशक मंडल के फैसले का उल्लेख करते हुए आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि बिजली चोरी प्रकरण में लंबित बकाया या एफआईआर होने पर एक किलोवाट तक के नए कनेक्शन दिए जाने के पूर्व के आदेश में संशोधन करते हुए इसे चार किलोवाट किया गया है।

**बिजली चोरों पर कॉरपोरेशन मेहरबान : उपभोक्ता परिषद**

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि आखिर पावर कॉरपोरेशन बिजली चोरों पर मेहरबान क्यों है। उन्होंने कहा कि कुछ माह पहले बिजली चोरी के राजस्व निर्धारण पर 65 प्रतिशत तक की छूट दी गई थी, इसमें कॉरपोरेशन को आर्थिक नुकसान उठाया पड़ा था। उन्होंने राज्यपाल व मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा कि आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जिसके अधिकारों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल के आदेश की समीक्षा करने व विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 142 के तहत राज्यपाल व मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग की।

**चिकित्सा संस्थान और मेडिकल कॉलेजों में सुबह दो घंटे बंद रही ओपीडी**

**लखनऊ :** कोलकाता में भूख हड़ताल कर रहे जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में राज्य के चिकित्सा संस्थान व मेडिकल कॉलेजों में भी रेजिडेंट्स चिकित्सक दो घंटे हड़ताल पर रहे। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन उप्र. के आह्वान पर मंगलवार को कॉलेजों में ओपीडी सेवाएं ठप रहीं, डॉक्टरों ने शाम 5 बजे तक भूख हड़ताल रखी। आरडीए उप्र. के अध्यक्ष डॉ.हरदीप जोगी ने बताया कि कोलकाता में भूख हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों की हालत गंभीर हो चुकी है, केन्द्र व राज्य सरकार निष्क्रिय बनी हुई है, सीबीआई ने जांच में मात्र एक आरोपी के खिलाफ चार्जशीट लगायी है, इस विलंबित जांच प्रक्रिया ने जनता के विश्वास को क्षति पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने तुरंत कदम नहीं उठाए तो आरडीए, देशव्यापी हड़ताल और कार्य बहिस्कार करने के लिए बाध्य होंगे।

# शोभायात्रा की झांकी देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचारः** सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक रूप में अपनी अलग पहचान बनाने वाले भगवतीगंज बाजार में रामलीला व भरत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन 82 वर्षों से लगातार जारी है। विजय दशमी के एक दिन बाद यहां पर श्री राम भरत मिलाप शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान विभिन्न प्रकार की झाकियों को देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा पड़ा।

भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार की देर रात श्री श्री 108 रामलीला संकीर्तन समिति भगवतीगंज के द्वारा मंडी समिति से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सेना के जवान, चंद्रयान, भारत माता, हवन करते श्रृषि मुनि, कदम्ब पेड़ के नीचे माता यशोदा व बाल कृष्ण, गरूण पर विराजे भगवान विष्णु, कालिया नाग पर नृत्य करते भगवान कृष्ण, कैलाश पर्वत पर विराजमान भोलेनाथ, कमल पर विराजमान ब्रम्हा जी, वीणा लिए माता सरस्वती, हनुमान जी व राम लक्ष्मण जानकी सहित तमाम झाकियां मौजूद रहीं। राम भरत मिलाप की शोभायात्रा बलरामपुर चीनीमिल, मालगोदाम तिराहा, स्टेशन चौराहा, रामलीला मैदान होते हुए भरत मिलाप चौराहे पर पहुंची। भरत मिलाप लीला के दौरान भाई श्री राम और भरत जब आपस में गले मिलते हैं तो दोनों की आंखों से प्रेम की अश्रुधारा बहने लगती है। लंका विजय कर अयोध्या लौटे प्रभु श्री राम उनके अनुज लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के मिलन का लीला देख श्रद्धालुओं के आंखें नम हो गई। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व पीएसी के जवान मुस्तैद रहे। शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह यात्रा को रोककर आरती उतारी गई। कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में श्री बालाजी परिवार सहित अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, दुलीचंद गोयल, महेश अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल, सुनील कुमार गुप्ता, राजेश केसरवानी, रवि कुमार गुप्ता, राज कुमार अग्रवाल, राकेश चन्द्र केसरवानी, सुभाष अग्रवाल, राजेन्द्र माहेश्वरी, प्रीतम सिंधी, प्रमोद चौधरी, ओम प्रकाश गुप्ता, सुशील कुमार गुप्ता, नंदलाल, राधेश्याम गुप्ता, भानू साहू, शरद गुप्ता सहित तमाम लोगों का विशेष योगदान रहा।


भगवतीगंज में राम भरत मिलाप का मनमोहक दृश्य।

# धारदार हथियार से मां व बेटे की हत्या

## कमरे में संदिग्ध हालत में मिला दोनों का शव, जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रेहार सोनार के मजरे सोनार ऊंचवा में खेत के बीच बने मकान में रह रहे मां- बेटे की मंगलवार को धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। दोनों का शव कमरे में संदिग्ध हालत में पाया गया है। मृतक का नाम मन्नू उर्फ रामलाल(45), मृतका लखराजी (80)की है। मन्नू के चचेरे ससुर ने पुलिस को तहरीर देकर मृतक पर अपनी मां की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मन्नू को किसने मारा इस बात का उल्लेख तहरीर में नहीं है। मृतक की पत्नी व उसके बच्चे घर से गायब हैं।

**ससुराल में रहता था मृतक :** मृतक मन्नू उर्फ़ रामलाल मूलतः ग्राम कोठारे थाना इकौना जनपद श्रावस्ती का निवासी था। वह अपनी पत्नी और पांच बच्चों के साथ सोनार निवासी चचेरे ससुर गोरखनाथ के घर रहकर मेहनत मजदूरी करता था। मृतक की मां लखराजी करीब 4-5 दिन पहले बेटे से मिलने उसके ससुराल आई थी। आसपास के लोग चर्चा कर रहे थे कि इस घर में लोगों के बीच 3-4 दिनों से झगड़ा हो रहा था। घटना गत सोमवार की बताई जा रही है। मृतक के घर के आसपास गन्ने का खेत है। पड़ोस में किसी का मकान नहीं है।आबादी मृतक के घर से करीब एक किमी दूर है। मंगलवार को मृतक के चचेरे ससुर गोरखनाथ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके दामाद मन्नू ने पहले अपने मां की गला दबाकर हत्या कर दी। लेकिन गोरखनाथ ने मन्नू को किसने मारा इसका उल्लेख नहीं किया है। मौके पर गोरखनाथ के चेहरे पर किसी तरह का दुख और पश्चाताप नहीं दिख रहा था। वह एसपी और अन्य पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी के बाद भी दरवाजे पर बंधे मवेशियों को चारा- पानी पिला रहा था। गोरखनाथ का व्यवहार संदिग्ध लग रहा था। गोरखनाथ उनका दामाद तथा परिवार के अन्य सदस्य गांव के बाहर मजदूरी करते हैं। गांव वालों से यह लोग कोई विशेष संबंध नहीं रखते थे।


घटनास्थल पर मामले की जांच करते एसपी विकास कुमार। अमृत विचार

**पांचों बच्चों के साथ घर से गायब है पत्नी**

मृतक मन्नू की पत्नी पूनम अपने पांच बच्चों के साथ घर से गायब है। इसका पता किसी को नहीं है मृतक के सबसे बड़े बेटे की भी शादी 2 साल पहले हो चुकी है। मृतक की पत्नी का गायब होना मामले को और पेचीदा बना रहा है। पत्नी तथा बच्चों को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा भी कर रहे हैं।

**फॉरेंसिक टीम ने जुटाये साक्ष्य**

मौके पर पहुंची पुलिस विभाग की फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य इकठ्ठा किया है। घटनास्थल पर ही खून लगा धारदार हथियार भी बरामद किया गया है। दरवाजे पर कई जगह खून के निशान भी मिले हैं।

**बोले एसपी**

प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक रंजिश का बताया जा रहा है। मौके पर पहुंचे एसपी विकास कुमार ने बताया कि शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शीघ्र ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## यूपी आयुष यूजी की दूसरी काउंसिलिंग आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष कॉलेजों में पहली काउंसिलिंग के बाद भी रिक्त रहने वाली स्नातक सीटों पर दाखिले के लिए बुधवार से दूसरी काउंसिलिंग शुरू होगी। निदेशक होम्योपैथी एवं नोडल अधिकारी प्रो.अरविंद कुमार वर्मा के नेतृत्व में संचालित होने वाली काउंसिलिंग में 19 को मेरिट सूची जारी की जाएगी और 22 अक्टूबर से दाखिले शुरू हो जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि 18 तक अभ्यर्थी धरोहर राशि जमा करेंगे और अगले दिन मेरिट सूची जारी होगी। मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थियों से 19 अक्टूबर से मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं ली जाएंगी, साथ ही दस्तावेजों की जांच के बाद सीट आवंटित कर दी जाएंगी। सीट आवंटन के बाद 28 अक्टूबर तक अभ्यर्थियों को संबन्धित कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। होम्योथेपी निदेशक ने बताया कि दूसरी काउंसिलिंग में वही अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिन्हें पहली काउंसिलिंग में सीट आवंटित न हुई हो।

## मेरठ महापंचायत में शामिल होंगे अधिवक्ता

**बलरामपुर, अमृत विचार :** अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट प्रदेश में लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदेश भर के अधिवक्ता 18 अक्तूबर को मेरठ में महापंचायत करेंगे। मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महामंत्री ने प्रदेश के सभी बार संघ को पत्र भेजकर सहयोग मांगा है। मेरठ बार संघ अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह और महामंत्री आनंद कश्यप ने भेजे पत्र में प्रदेश में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू करने की मांग की है। उन्होंने सभी जनपद के बार संघ पदाधिकारियों व उनके प्रतिनिधि को बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है। बैठक में अधिवक्ताओं के हित के मुद्दों, मौलिक अधिकारों के हनन और उत्पीड़न पर शासन स्तर पर निष्क्रियता बरते जाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा। इस संबंध में जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह और महामंत्री संजय तिवारी ने बताया कि अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल को मेरठ की बैठक में शामिल होने के लिए भेजा जाएगा।

## खेत में मिले प्रतिबंधित पशु के अवशेष

**श्री दत्तगंज, बलरामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली उतरौला क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरा राम चन्दर में स्थित मल्लही समय माता मंदिर जाने वाले मार्ग पर खेत मे प्रतिबंधित पशु का अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई । ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर कोतवाली उतरौला प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। घटना की जानकारी होने पर आस पास क्षेत्रों के लोग मौके पर पहुंचना शुरू कर दिए और नाराजगी जताई। स्थानीय निवासी अमित कुमार पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# जिले में सरकार खरीदेगी 30 हजार मीट्रिक टन धान,1 नवंबर से होगी खरीद

संवाददाता,बलरामपुर

- चार एजेंसियां बनाएंगी 28 क्रय केंद्र 298 किसान करा चुके हैं पंजीकरण

**अमृत विचारः** खरीफ फसल धान की खरीदारी एक नवंबर से शुरू होगी। इस बार जिले को 30 हजार मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य दिया गया है।

किसानों से धान खरीदने के लिए चार एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। चारों एजेंसियों 28 क्रय केंद्र खोलकर धान की खरीदारी करेंगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत धान बेचने के लिए अब तक 298 किसानों ने पंजीकरण कराया है। हालांकि इनमें से अभी एक भी किसानों का नाम व भूमि का सत्यापन नहीं हो सका है।

शासन के निर्देशानुसार एक नवंबर से धान की खरीद शुरू की जाएगी। इस बार सामान्य धान 2300 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों से खरीदा जाएगा। वहीं ग्रेड ए का धान 2320 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। विपणन विभाग में किसानों का पंजीकरण चल रहा है। किसान जन सुविधा केंद्र या स्वयं के मोबाइल से पंजीकरण करा सकते हैं। जिले में एक नवंबर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक धान की खरीदारी होगी। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी निश्चल आनंद ने बताया कि धान खरीदने के लिए 28 क्रय केंद्र बनाए जाएंगे। खाद्य एवं रसद विभाग, पीसीएफ व यूपीएसएस नौ-नौ तथा भारतीय खाद्य निगम एक क्रय केंद्र बनाएगा। धान बेचने के लिए अब 298 किसानों ने अपना पंजीकरण भी करा लिया है। बलरामपुर तहसील में 86, तुलसीपुर में 199 तथा उतरैला में मात्र 13 किसानों ने ही पंजीकरण कराया है।

**सक्रिय बैंक खातों में ही होगा भुगतान :** विपणन विभाग किसानों से पंजीकरण कराते समय सक्रिय बैंक खाता का नंबर देने की अपील कर रहा है। इस बार धान खरीद का भुगतान उन्हें बैंक खातों में किया जाएगा, जो सक्रिय होंगे। जिन बैंक खातों में हाल ही में लेनदेन किया गया है। बिना पंजीकरण कराए किसान अपनी उपज न्यूनतम समर्थन योजना के तहत नहीं बेच जाएगा।

## सार-संक्षेप

### अकीदत के साथ निकाला गया 11वीं शरीफ का जुलूस


11वीं शरीफ जुलूस की अगुवाई करते मुस्लिम धर्मगुरु। अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** गौस पाक की याद में मंगलवार को ग्यारहवीं शरीफ का जुलूस शाहजहांनी दरगाह से निकाला गया। यह जुलूस अपने पुराने एवं निर्धारित मार्गों से होकर गुज़रा, जिसमें हाटन रोड, नेहरू क्रॉस, पुरानी पुलिस चौकी, जामा मस्जिद से होते हुए बाबा मुहम्मद वली शाह की दरगाह से गुज़रकर गोंडा मोड़ तिराहा, बाबा भीमराव अंबेडकर चौराहा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा और बाजार की मुख्य सड़कों से होते हुए बाबा शाहजहांनी के मजार पर संपन्न हुआ।इस जुलूस में अकीदतमंदों की मोटर साइकिलों और वाहनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतिम चरण में मुस्लिम धर्मगुरुओं ने गौस पाक, जिनका पूरा नाम शेख अब्दुल कादिर जिलानी रहमतुल्लाह अलैह है, उनके जीवन और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला।इस मौके पर पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था बेहद चौकस रही। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### 26 वीं जनपदीय एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता शुरू


ऊंची कूद में प्रतिभाग करता स्कूली खिलाड़ी। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद व स्कूल गेम्स फेडरेशन के निर्देश पर ए जी हाशमी कॉलेज सहदुलानगर के संयोजकत्व मे मंगलवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम बलरामपुर में सुबह 10 बजे से 26वीं जनपदीय एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता शुरू हुई। कार्यक्रम की शुरुआत बी एस ए बलरामपुर शुभम शुक्ला, लेखाधिकारी बलरामपुर नित्यानंद चतुर्वेदी (पीईएस) प्रधानाचार्य ने किया। मुख्य अतिथि शुभम शुक्ला ने खिलाड़ियों से सलामी ली और स्वस्थ खेल आयोजन के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह, हरि प्रकाश वर्मा, अशोक पाण्डेय, साधना पाण्डेय, मनीराम तिवारी, मारूफ, अजीत श्रीवास्तव, रीता चौधरी, के पी यादव सहित कई स्कूलों के उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के सामने 100दौड़ का आयोजन हुआ। 200 मीटर लम्बी कूद दौड़ बालिका सीनियर में कोमल वर्मा एजी हाशमी प्रथम, शालिनी सोनी एस आर टी सी द्वीतीयऔर मनीषा वर्मा भारतीय उतरौला तृतीय रहे। 200 मी जूनियर बालिका मे कंचन डी ए वी प्रथम, शांति वर्मा द्वितीय ए जी हाशमी व तृतीय स्थान पर अंशु देवी स ब भा पटेल रहे। सब जूनियर मे विपश्वी मौर्या एजी हाशमी प्रथम, साधना ए जी हाशिमद्वितीय व दिशा पटेल एस आर टी सी तृतीय रहे। लम्बी कूद मे बालिका वर्ग मे भाविका डी ए वी प्रथम, विपश्वी एजी हाशमी द्वितीय व दिशा पटेल एजी हाशमी तृतीय रहे। सीनियर बालिका वर्ग मे प्रथम गीता प्रथम एजी हाशमी, द्वितीय नायमा ए जी हाशिम, व तृतीय रेनू तिवारी मॉडर्न स्कूल रहे।

### बच्चों को बताया गया हाथ धुलने का तरीका

**बलरामपुर अमृत विचार ।** विकास भवन के पास स्थित सुंदर दास राम लाल इंटर कॉलेज में विश्व हैंडवाश दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को हाथ धुलने का तरीका बताते हुए साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा नर्सरी से पांच तक के विद्यार्थियों को साबुन से हाथ धुलवाया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य एनएन मिश्र ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है। इसलिए बचपन से ही विद्यार्थियों को विभिन्न तरीकों से स्वच्छता का संदेश दिया जाता है। खाने के पहले व खाने के बाद, शौच के बाद हर व्यक्ति को साबुन से अच्छी तरह हाथ अवश्य धोना चाहिए। इस अवरस पर उप प्रधानाचार्य लोकेश श्रीवास्तव, उमेश कुमार व शनि सिंह आदि मौजूद रहे।


स्कूल में बने वॉश बेसिन पर हाथ धुलते बच्चे।

**निर्देश** डीएम ने तहसील और उप निबंधक कार्यालय का किया निरीक्षण

# 3 वर्ष से अधिक के कोई भी राजस्ववाद लंबित न रहें

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचारः** सरकारी कार्यालय में बेहतर कार्यप्रणाली एवं जनमानस का कार्य सुगमता से बिना किसी मध्यस्थ के हो,इसके लिए पवन अग्रवाल द्वारा सरकारी कार्यों का निरंतर निरीक्षण जारी हैं। इसी क्रम में डीएम द्वारा तहसील तुलसीपुर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ई-डिस्ट्रिक्ट कक्ष, खतौनी कक्ष, भूलेख कक्ष, राजस्व अभिलेखागार संग्रह अनुभाग आदि पटलों का निरीक्षण किया एवं संबंधित पटलों के अभिलेखों की गहन जांच की। सभी पत्रावलियों एवं अभिलेखों को नियमित रूप से अपडेट एवं सुव्यवस्थित रखे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने पटल सहायक आदित्येंद्र कुमार वर्मा को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने कहा कि 3 वर्ष से अधिक के कोई भी राजस्ववाद लंबित न रहे। सभी का प्राथमिकता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने मत्स्य पट्टा आवंटन पत्रावलियों को भी देखा एवं मत्स्य पट्टा आवंटन के उपरांत निर्धारित फीस न जमा करने वाले अवंटियों का पट्टा निरस्त कर आरसी जारी करने के निर्देश दिये। इसके उपरांत डीएम ने तहसील भवन में द्वितीय तल पर स्थित उप निबंधक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उप निबंधक कार्यालय तुलसीपुर में रजिस्ट्री के लिए आए जनमानस के लिए बैठने के लिए कोई व्यवस्था नहीं पाई गई तथा लोगों के लिए कोई टोकन की भी व्यवस्था नहीं थी। इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की । उन्होंने निर्देश दिया कि रजिस्ट्री के लिए आने वाले जनमानस के लिए टोकन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। डीएम ने कड़े निर्देश दिए की रजिस्ट्री कार्यालय में आने वाले रजिस्ट्रीकर्ता के बयान के बाद की रजिस्ट्री की जाए तथा तहसील को शतप्रतिशत रजिस्ट्री की ऑनलाइन सूचना प्रेषित करें।


तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते डीएम पवन अग्रवाल। अमृत विचार

# औद्योगिक निवेश के लिए तुलसीपुर में बनेगा प्लेज पार्क


प्लेज पार्क के लिए जमीन का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद में समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने,उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं जनपद में निवेश को बढ़ावा देने के लिए डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा जनपद में प्लीज पार्क की स्थापना के लिए तहसील तुलसीपुर के ग्राम बड़गो में चिन्हित 15 एकड़ भूमि स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्लेज पार्क स्थापना के लिए उद्यमी को बेहतर संपर्क मार्ग, विद्युत की सुचारू की व्यवस्था उपलब्ध का जायजा लिया एवं उपायुक्त उद्योग को सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करा लिए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम तुलसीपुर, उपयुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडे , उद्यमी बृजेश सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मूर्खा यत्र न पूज्यते धान्यं यत्र सुसंचितम्।
दंपत्यो कलहं नास्ति तत्र श्रीः स्वयमागतः॥

जहां मूर्ख को सम्मान न मिलता हो, जहां अनाज अच्छे तरीके से रखा जाता हो और जहां पति-पत्नी के बीच में लड़ाई न होती हो, वहां लक्ष्मी खुद आ जाती है।

## संपादकीय

# प्रौद्योगिकी और नैतिकता

आधुनिक तकनीक की मदद से हमारी कार्य करने की क्षमता का विस्तार हुआ है, जिससे आधुनिक तकनीक के विकास और उपयोग के संबंध में कई नैतिक मुद्दे सामने आए हैं। नैतिकता और प्रौद्योगिकी ने आधुनिक काल की शुरुआत से ही एक दूसरे को तेजी से प्रभावित किया है। प्रौद्योगिकी की नैतिकता का मतलब है, आधुनिक तकनीक के विकास और इस्तेमाल से जुड़े नैतिक विचारों और निहितार्थों का आकलन करना। प्रौद्योगिकी की नैतिकता में जिम्मेदारी, जोखिम, न्याय, समानता, और आजादी जैसे विषयों पर ध्यान दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल दुनिया के लिए वैश्विक नियम और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के नैतिक इस्तेमाल पर जोर देते रहे हैं। भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में परिवर्तित करने के उद्देश्य से डिजिटल इंडिया कार्यक्रम शुरू किया गया था। देश में डिजिटल इंडिया पहल के नौ वर्ष पूरे हो चुके हैं। वर्तमान में भारत विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल रूप से जुड़ा लोकतंत्र है। भारत का डिजिटल परिवर्तन उल्लेखनीय रहा है, बेहतर कनेक्टिविटी और तकनीकी क्षमताओं के चलते इसके नागरिकों की डिजिटल तक पहुंच और समावेशिता में वृद्धि हुई है।

भारत की डिजिटल परिवर्तन यात्रा ने समाज के हर पहलू को प्रभावित किया है, जिससे टिकाऊ, सस्ती और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी के आधार पर सभी के लिए डिजिटल पहुंच, सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी और डिजिटल समावेशन सुनिश्चित हुआ है। डिजिटल इंडिया एक सशक्त भारत का प्रतीक है जिससे लोगों का जीवनयापन और ज्यादा आसान होता जा रहा है एवं पारदर्शिता भी बढ़ रही है। महत्वपूर्ण है कि मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। वास्तव में आज जितने भी डिजिटल उपकरण और एप्लीकेशंस हैं, वो किसी भी देश की सीमा से परे हैं। साइबर खतरे तेजी से बदल रहे हैं और हमले के तरीके भी बदलते रहते हैं। इसलिए कोई भी देश अकेले इन खतरों से अपने नागरिकों की रक्षा नहीं कर सकता। आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा, ग्लोबल संस्थाओं को आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठानी होगी। वास्तव में समय आ गया है वैश्विक संस्थाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम-आधारित रूपरेखा के महत्व को स्वीकार करना होगा।

# भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में अनूठी अवधारणा



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

धर्मनिरपेक्षता, जिसे अंग्रेजी में सेकुलरिज्म कहा जाता है, आधुनिक युग का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दार्शनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनैतिक विचार है।

सभ्यताओं के विकास के प्रारंभ से मनुष्यों में सबसे अधिक एकता और एकजुटता कबीले और धर्म को लेकर रही है। इसीलिए अन्य भिन्नताओं की तुलना में कबीलाई और धार्मिक भिन्नता के आधार पर भेदभाव, अन्याय और अत्याचार के उदाहरणों से मानव का इतिहास भरा हुआ है। बड़े समाजों और देशों के अस्तित्व में आने के साथ कबीले का अस्तित्व तो समाप्त हो गया, लेकिन धर्म का प्रभाव और व्यापक हुआ। इसीलिए प्राचीन काल और मध्यकाल में धार्मिक सहिष्णुता एक अति प्रशंसित और उच्च मूल्य रहा है, लेकिन आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता मनुष्यता के लिए आवश्यक कुछ बड़े मूल्यों में से एक है।

धर्मनिरपेक्षता, जिसे अंग्रेजी में सेकुलरिज्म कहा जाता है, आधुनिक युग का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दार्शनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनैतिक विचार है। अंग्रेजी का 'सेकुलर' शब्द लैटिन भाषा के सेक्यूलम शब्द से बना है और सेक्यूलम का अर्थ है 'एक पीढ़ी, 'एक मनुष्य की जीवनावधि ', 'एक समय का युग ', या 'एक शताब्दी'। सामान्यतः यह शब्द धार्मिक और आध्यात्मिक के विपरीत लौकिक और ऐहिक के अर्थ मंध प्रयोग किया जाता था। इस शब्द को सन 1851 में एक नया अर्थ देते हुए धर्मेतर सामाजिक और राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग करने का श्रेय जार्ज जैकब होलियोक (अप्रैल, 1817 - जनवरी, 1906) को दिया जाता है। लेखक, संपादक, सहकारिकता आंदोलन के प्रोत्साहक होलियोक एक अंग्रेज थे। होलियोक का धर्मनिरपेक्षता संबंधी विचार मानवतावाद की आधुनिक परिभाषाओं से बहुत मिलता-जुलता है और यह नास्तिकता से कहीं अधिक व्यापक है।

होलियोक नास्तिकता शब्द को नकारात्मक और अपर्याप्त मानते थे और वे इससे कुछ अधिक सकारात्मक और सटीक शब्द की तलाश में थे। धर्मनिरपेक्षता से उनका तात्पर्य है, 'जो जीवन के तात्कालिक कर्तव्य के रूप में मनुष्य की शारीरिक, नैतिक और बौद्धिक प्रकृति के विकास को संभव सर्वोच्च बिंदु तक ले जाना चाहता है, जो नास्तिकता, आस्तिकता या धर्म के अलावा प्राकृतिक नैतिकता की व्यावहारिक पर्याप्तता को विकसित करता है, जो भौतिक साधनों द्वारा मानव सुधार को बढ़ावा देने को अपनी कार्यविधि के रूप में चुनता है और इन सकारात्मक समझौतों को एकता के सामान्य बंधन के रूप में उन सभी के लिए प्रस्तावित करता है और जो तर्क द्वारा जीवन को विनियमित करेंगे और सेवा द्वारा इसे उत्कृष्ट बनाएंगे।'

भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में एक अनूठी अवधारणा है। देश की आवश्यकताओं और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए इसे अपनाया गया है। यह समाज में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा तर्कवाद को प्रोत्साहित करती है, जो देश को एक आधुनिक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने के लिए आवश्यक है।

आज बदलते समय के साथ जीवन के मूल्य, दर्शन, दृष्टियां और शैलियां भी बदल गई हैं। मनुष्य की गतिशीलता अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। व्यक्तियों, समाजों और देशों की दृष्टि से दुनिया विभिन्नताओं का एक समुच्चय है। इसमें विभिन्न रंगों, रूपों, नस्लों, धर्मों, पंथों, विश्वासों, आस्थाओं, मान्यताओं, सभ्यताओं, संस्कृतियों, विचारों, परंपराओं आदि के लोग रहते हैं। व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर समायोजन और बदलाव अनिवार्य हो गया है। इतिहास ने प्रतियोगिता और प्रतिद्वंद्विता का वर्तमान रूप और स्तर कभी नहीं देखा। परिवर्तन की गति अभूतपूर्व हो गई है। ऐसी स्थिति में धर्मनिरपेक्षता की नीति का अनुसरण करके ही कोई समाज या देश प्रगति कर सकता है, अपने को प्रासंगिक और अद्यतन बनाए रख सकता है।

धर्मनिरपेक्षता एक जटिल और गत्यात्मक विचार है। अन्य विचारों या विषयों की तरह इसकी भी सर्वमान्य और सुस्पष्ट परिभाषा अब तक नहीं गढ़ी जा सकी। मानव समाज की प्रगति धर्मनिरपेक्षता के विचार को आधुनिक तार्किक समाज में मानक सामाजिक व्यवहार के रूप में लेकर आई है। दार्शनिक विचार के रूप में धर्मनिरपेक्षता धर्म का आश्रय लिए बिना केवल भौतिक दुनिया से प्राप्त मूल्यों और सिद्धांतों के आधार पर जीवन की व्याख्या करती है। राजनीतिक और सामाजिक दर्शन की यह वह व्यवस्था है, जो पूजा, आराधना और धार्मिक विश्वासों के सभी रूपों को अस्वीकार करती है। यह धर्म को परे रखकर भौतिक और सांसारिक जीवन की समस्याओं का हल दुनियावी दृष्टि से तलाशती है। वह इहलोक की समस्याओं का हल परलोक या अलौकिक शक्ति में या उसके माध्यम से नहीं तलाशती, बल्कि वह इहलोक की समस्याओं का हल विज्ञान, अनुसंधान और विकास से तलाशती है। यह धर्म और धार्मिकता से संबद्ध विचारों को इहलोक से अलग रखती है। अर्थ, शिक्षा, न्याय, स्वास्थ्य आदि से संबंधित नीतियां और विधान बनाने में उसकी दृष्टि दुनियावी रहती है, धार्मिक नहीं। दार्शनिक दृष्टि से धर्मनिरपेक्षता का आधार नास्तिकता में है। व्यक्ति के जीवन मूल्य उसकी बुद्धि, विवेक और तर्कसंगत सोच व वैज्ञानिक दृष्टि का परिणाम हैं, न कि उसके धर्म का।

बीसवीं शताब्दी में दुनिया के कई राज्य सत्ताओं ने धर्मनिरपेक्षता को अपनी नीति में शामिल किया। हमारे देश की धर्म, भाषा, वेशभूषा, रूप, रंग, जाति, वर्ण, नस्ल, क्षेत्र आदि विविधताओं को देखते हुए हमारे संविधान निर्माताओं ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान में सम्मिलित किया है। भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता को परिभाषित करते हुए 42 वें संविधान संशोधन, 1976 द्वारा इसकी प्रस्तावना में 'पंथ निरपेक्ष' शब्द को जोड़ा गया। यहां पंथनिरपेक्षता का अर्थ है कि भारत सरकार धर्म के मामले में तटस्थ रहेगी। धर्मनिरपेक्षता में धर्म और धार्मिक विषयों को इहलौकिक विषयों से जानबूझकर दूर या तटस्थ रखा जाता है। धर्मनिरपेक्षता राज्य द्वारा किसी विशेष धर्म को संरक्षण देने से रोकती है।

राज्य राजनीति या किसी गैर-धार्मिक मामले से धर्म को दूर रखता है तथा धर्म के आधार पर किसी से भी कोई भेदभाव नहीं करता है। विशेष बात यह है कि राज्य किसी धर्म का विरोध नहीं करता है, वरन् सभी नागरिकों को अपने धार्मिक विश्वासों और मान्यताओं को पूर्ण स्वतंत्रता से मानने की छूट देता है। धर्म व्यक्ति का नितांत निजी मामला है, जिसमें राज्य तब तक हस्तक्षेप नहीं करता, जब तक कि विभिन्न धर्मों की मूल धारणाओं में आपस में टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। व्यक्ति अपनी धार्मिक पहचान के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होता है इसलिए वह किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के हिंसापूर्ण व्यवहार के विरुद्ध सुरक्षा प्राप्त करना चाहेगा। यह सुरक्षा सिर्फ धर्मनिरपेक्ष राज्य ही प्रदान कर सकता है।

भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में एक अनूठी अवधारणा है। देश की आवश्यकताओं और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए इसे अपनाया गया है। यह समाज में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा तर्कवाद को प्रोत्साहित करती है, जो देश को एक आधुनिक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने के लिए आवश्यक है। यह एक सकारात्मक, क्रांतिकारी और व्यापक अवधारणा है, जो विविधता को मजबूती प्रदान करती है। यह एक उदार एवं व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, जो 'सर्व धर्म समभाव' की भावना से परिचालित है। धर्मनिरपेक्षता सभी को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करती है। इसमें किसी भी समुदाय का अन्य समुदायों पर वर्चस्व स्थापित नहीं होता है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को मज़बूती प्रदान करती है तथा धर्म को राजनीति से पृथक करने का कार्य करती है।

धर्मनिरपेक्षता का लक्ष्य नैतिकता तथा मानव कल्याण को बढ़ावा देना है, जो सभी धर्मों का मूल उद्देश्य भी है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में धर्मनिरपेक्षता को लेकर आरोप लगाया जाता है कि यह पश्चिम से आयातित है अर्थात इसका उत्स और विकास ईसाइयत में खोजा जाता है। पश्चिमी धर्मनिरपेक्षता, जहां धर्म एवं राज्य के बीच पूर्ण संबंधविच्छेद पर आधारित है, वहीं भारतीय संदर्भ में यह अंतर धार्मिक समानता पर आधारित है। पश्चिम में धर्मनिरपेक्षता का पूर्णतः नकारात्मक एवं अलगाववादी स्वरूप दृष्टिगोचर होता है, वहीं भारत में यह समग्र रूप से सभी धर्मों का सम्मान करने की सांवैधानिक मान्यता पर आधारित है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता ने अंतःधार्मिक और अंतर धार्मिक वर्चस्व पर एक साथ ध्यान केंद्रित किया है। इसने हिंदुओं के अंदर दलितों और महिलाओं के उत्पीड़न और भारतीय मुसलमानों अथवा ईसाइयों के अंदर महिलाओं के प्रति भेदभाव तथा बहुसंख्यक समुदाय द्वारा अल्पसंख्यक धार्मिक समुदायों के अधिकारों पर उत्पन्न किए जा सकने वाले खतरों का विरोध किया है, जो इसे पश्चिमी धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा से भिन्न बनाती है।

## प्रसंगवश

# सिर्फ़ सोचने से होता क्या है

घर का सामान आमतौर पर हम ही लाते हैं। बाजार पास है। टहलते हुए चले जाते हैं। ले आते हैं। काफी सामान कैंटीन से भी आ जाता है, जो सामान यहां नहीं मिलता उसके लिए मॉल चले जाते हैं। घर का सामान आनलाइन नहीं ही मंगाते हैं।

दो दिन पहले चना और कुछ और सामान लाना था। हमने जाने में कुछ देर की। तब तक बेटे का फोन आ गया। बातचीत में उसको पता चला कि ये सामान लाना है तो उसने कहा -'अभी आर्डर कर देते हैं। दस मिनट में आ जाएगा।' खाने-पीने का सामान, केक वगैरह बच्चे पहले भी मंगाते रहे हैं आनलाइन आर्डर करके, लेकिन दाल-चना, परचून की दुकान वाली चीजें नहीं मंगाई गईं थीं अब तक। बच्चे ने सामान आर्डर कर दिया। 'ब्लिंकइट' एप से। लिंक हमको दे दिया। बताया दस मिनट में आ जाएगा सामान। दस मिनट में सामान घर आ जाना एप के नाम को ही सार्थक करता लगा। 'ब्लिंकइट' मतलब -पलक झपकते। दस मिनट से कुछ पहले ही डिलीवरी बालक का फोन आ गया। वह मेरे घर से करीब दो किलोमीटर दूर था। फोन किया तो मैंने उसको रास्ता बताया। वह आया तो मैंने उससे पूछा - 'पता तो यहां का दिया था। दो किलोमीटर दूर कैसे पहुंच गए?' बालक ने बताया कि लोकेशन वहीं की दिखा रहा था। इसीलिए वहां पहुंच गए।



अनूप शुक्ल
कानपुर

बालक से ब्लिंकइट के काम करने के तरीके के बारे में पूछा तो पता चला -'पास ही आवास-विकास में बड़ा स्टोर है। आर्डर मिलते ही डिलीवरी बालक सामान लेकर लपकते हैं, पहुंचाने के लिए। दस मिनट में डिलीवर हो जाता है। दस मिनट में नहीं डिलीवर होता है सामान तो कारण बताना पड़ता है। बालक की मोटरसाइकिल पर ढेर धूल जमी थी। हमने कहा -'साफ रखा करो।' तो बोला बालक -'समय ही नहीं मिलता।' समय न मिलने की कहानी बताते हुए बोला बालक -'काम बहुत करना पड़ता है। सुबह से शाम तक डिलीवरी करते हैं। कंपनी वाले पैसा बचाने के लिए लड़के कम रखते हैं। सामान देकर बालक चला गया। हमको एक नई सामान सेवा की जानकारी हुई। शाम को एक और सामान का आर्डर किया बेटे ने। सुबह यह रह गया था। सामान देने के लिए आया बालक फिर दो किलोमीटर दूर था। पता यहां का था, लेकिन लोकेशन दो किलोमीटर दूर की। डिलीवरी बालक ने कहा -'लोकेशन यहां की ही है। आपके घर कैसे आएं?'

हमने रास्ता समझाया, लेकिन बालक अपनी परेशानी बताता रहा। उसकी समस्या यह भी थी या सही समझे तो यह ही थी कि दो किलोमीटर अतिरिक्त चलने में हुए तेल का भुगतान कौन करेगा? हमने कहा -'आ जाओ। देख लेंगे।' बालक आया। सामान लेने के बाद हमने पूछा -'पता तो यहीं का है। तुम क्या वहां डिलीवर कर देते जहां लोकेशन के हिसाब पहुंचे थे?'उसने कहा-"आपकी बात सही है, लेकिन हमको भुगतान लोकेशन के हिसाब से होता है। लोकेशन से अलग डिलीवरी करने पर तेल का पैसा अपने पास से लगता है।' पता चला कि बेटे ने चूंकि बाहर से आर्डर किया था सामान इसलिए लोकेशन और पते में अंतर था। अगर हम करते घर से आर्डर तो लोकेशन और पता एक रहता। बेटे ने चार सौ किलोमीटर दूर से किया था आर्डर। चार सौ किलोमीटर दूर से आर्डर करने पर लोकेशन और पते में दो किलोमीटर का अंतर आया। मतलब ब्लिंकइट एप में 0.5 प्रतिशत की शुद्धता से दूरी का हिसाब करता है।

बालक ने बताया कि वह यह काम करते हुए पढ़ाई भी करता है। कुछ कंपटीशन की तैयारी भी कर रहा है। उसकी बहन भी नर्सिंग का कोर्स कर रही है। दोनों साथ रहते हैं। संघर्ष है, लेकिन मेहनत जारी है। आर्डर के हिसाब से एक डिलीवरी के लिए बालक को तीस रुपये मिलने थे। हमने आपने वायदे के मुताबिक़ उसे दे दिए। वह चला गया। बालक के जाने के बाद हम काफी देर से इस बारे में सोचते रहे कि आज हर काम के लिए सेवाएं उपलब्ध हैं। आप पैसा खर्च कीजिए हर सुविधा आपके पास हाजिर है। पैसे के जोर पर लोग अपनी सरकार तक बनवा ले रहे हैं। एक से एक बदमाश लोग मसीहा बने बैठे हैं इधर-उधर के पैसे के बल पर, लेकिन वो लोग क्या करें जिनके पास पैसे नहीं हैं? जिनके लिए जिंदगी जीना ही मुहाल है वे कौन सी सेवा लें? काश कोई ऐसा एप होता जो लोगों की न्यूनतम जरूरतों का इंतजाम करने में सहायक होता, लेकिन हमारे सिर्फ सोचने से क्या होता है? दुनिया तो अपने चलन के हिसाब चलती है।

# भूख मिटाने के लक्ष्य में ईमानदार कोशिशें नदारद



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

'विश्व खाद्य दिवस' अपने शुरुआती दिनों से ही बहुत खास दिन रहा है। खाद पदार्थों की उपलब्धता से आज भी कई मुल्क सामना कर रहे हैं।

भूख के आंकड़े न सिर्फ भारत, बल्कि विश्व भर में डरावने हैं। इस विषय पर हकीकत वाली तस्वीर निश्चित रूप से रोंगटे खड़ी करती है। संसार में 11 में से एक व्यक्ति आज भी रात में भूखे पेट सोने को मजबूर है। दुनिया के 73 करोड़ आबादी अब भी रोजाना भूखे पेट हैं। इनमें वो देश भी शामिल हैं, जो तरक्की की दिन रात डींगे हांगते हैं। बहरहाल 2024 की हंगर इंडेक्स रिपोर्ट के बीच 'विश्व खाद्य दिवस' को मनाना अपने आप में बहुत मायने रखता है। मायने इसलिए, ताकि हंगर रिपोर्ट के बहाने आज भुखमरी जैसे गंभीर विषय पर गंभीरता से विमर्श किया जा सकता है।

संसार गुजरे 45 वर्षों से 'विश्व खाद्य दिवस' मनाता आया है, जिसकी शुरुआत वर्ष-1979 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की सालाना बैठक में सदस्य देशों की आम सहमति से 16 अक्टूबर को ये दिवस मुकर्रर हुआ था। वो ऐसा वक्त था, जब आधी दुनिया भूख से कराहने को मजबूर थी। दरअसल इसी समय करीब 45 मुल्क ऐसे थे, जो गुलामी की बेड़ियों से नए-नए आजाद हुए थे। तब उनके सामने पेट भरने की सबसे बड़ी चुनौती थी। क्या बुजुर्ग, क्या बच्चे सभी भूख-प्यास से बिलखते थे। हालांकि भारत को आजाद हुए तब तीन दशक हो चुके थे, बिगड़ी स्थिति को हमने काबू कर लिया था। स्थित ऐसी भी हो गई थी कि अन्य भूखे देशों की सहायता भी करने लगे थे।

'विश्व खाद्य दिवस' अपने शुरुआती दिनों से ही बहुत खास दिन रहा है। खाद पदार्थों की उपलब्धता से आज भी कई मुल्क सामना कर रहे हैं। मौजूदा वक्त में कई देशों में जंग छिड़ी हैं, जिससे वहां की स्थिति भयाभय बनी हुई है। इसलिए भूख और गरीबी से लड़ने और भोजन के अधिकार को अपनाने की ओर आज का दिन ऐसे मजलूमों को संबल देता है।

पिछले सप्ताह आई 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट-2024' उन देशों को सतर्क करती है, जिनकी स्थिति भूख को लेकर अब भी ज्यादा अच्छी नहीं बताई गई है। रिपोर्ट में भारत का स्थान 127 देशों में 105 वां है, हालांकि पिछले सालों की तुलना में रैंक में मामूली सा सुधार हुआ है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत 125 देशों में 111 वें स्थान पर था। बावजूद इसके गंभीरता से मंथन करने की हमें भी जरूरत है। असमानता और गरीबी से निपटने, उनकी उपलब्धता बढ़ाने के लिए स्वस्थ भोजन विकल्प चुनने, भोजन की बर्बादी को कम करने और पर्यावरण की रक्षा करने में हम सभी की भूमिकाएं होती हैं।

भोजन की बर्बादी बड़ा मुद्दा उभरकर सामने आया है। इसे तत्काल प्रभाव से रोके जाने की जरूरत है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को संदेह है कि क्या अगली पीढ़ी तक भूख को मिटाने का लक्ष्य पूरा हो पाएगा या नहीं? दरअसल ये ऐसा यक्ष प्रश्न है, जो सभी को सोचने पर मजबूर करता है। फिलहाल आज का दिन भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से भी मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल रहते हैं। ये खास दिन भूख से पीड़ित लोगों के लिए वैश्विक जागरूकता और उनके खाद अधिकारों पर कार्रवाई को भी बढ़ावा देता है। खाद पदार्थों में अब मिलावट का होना कोई नई बात नहीं? दूषित खाने से लोगों का बीमार होना भी अब आम बात हो गई। ऐसे लोग खाद अधिकारों को इस्तेमाल करें, उसके लिए भी 'विश्व खाद्य दिवस' सभी को प्रेरित करता है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कई देशों में भुखमरी के हालात और पैदा हुए हैं। अन्य देशों द्वारा अगर मानवीय सहायता न की जाए, तो वहां स्थिति और बदतर हो जाती। भूखमरी के शिकार देशों की जहां तक बात है तो भूख के मामले में हैती अब भी सबसे ऊपर है। वहां कई अन्य परेशानियों के अलावा बार-बार प्राकृतिक आपदाओं का आना भी भूखमरी को बढ़ाने का कारण बना हुआ है। इसी कारण हैती की लगभग 65 प्रतिशत आबादी भूख का दंश झेलने को मजबूर है। वहां आधे से ज्यादा लोग आज भी गरीबी रेखा से नीचे हैं। वहीं, भूख पर आईसीएमआर की रिपोर्ट पर गौर करें, तो हिंदुस्तान में 2018 में 19 करोड़ लोग ऐसे थे, जिन्हें रोज दो वक्त का भरपेट खाना नहीं मिला। वर्ष-2022 में ये संख्या बढ़कर 35 करोड़ हुआ। तब 14 करोड़ लोग रात में भूखे पेट सोए। हांलाकि इन आंकड़ों में बीते दो वर्षों में सुधार हुआ है। केंद्र सरकार की मुफ्त आनाज वितरण योजना ने इन आंकड़ों को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस योजना को बीते सप्ताह 2028 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है। भूख से लड़ाई लंबी है, इसे कम करने के लिए समूचे संसार को ईमानदारी से प्रयास करने होंगे।

## सोशल फोरम

# धारणा के युद्ध में असली हार

आजकल धारणा (परसेप्शन) बनाने का खेल बुरी तरह चल रहा है। राजनेता और सरकारें धारणा बनाने में व्यस्त रहते हैं और यह भी सही है कि धारणाएं ही उन्हें चुनाव जितवाने 'उनकी सरकार बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका में होती है। एक तरह से धारणा युद्ध चल रहा है। 'हम हैं तो संभव है, हम ही कर सकते हैं, हम कर रहे हैं, हमने ही सब तीर मारे है, पहले वाला तो बेकार था, यही सब बोला बतियाया जा रहा है। मतलब ढोल भले ही फटी हो, पर बताओ कि उससे निकलने वाला संगीत पहले कभी नहीं बजा और न ही कोई ऐसा मधुर संगीत बजा सकता है।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

धारणा बनाने के लिए सब कुछ किया जा रहा है, यहां तक कि सत्य की हत्या की जा रही है। भविष्य के सपने दिखाए जा रहे हैं। धारणा बनाने के वास्ते खबर को तोड़ मरोड़ करने के लिए लाखों लोगों को नौकरी पर रखा गया है। झूठ पर झूठ परोसा जा रहा है एक फ़ेक या तोड़ी मरोड़ी खबर को लाखों लोग वाट्सअप पर फारवर्ड कर रहे है। सत्यता क्या है, इससे किसी को कोई मतलब नहीं बस हउके रहो, लगे रहो मुन्ना भाई , फारवर्ड करते रहो। मीडिया जैसे महत्वपूर्ण तबके के तमाम नामचीन लोग निजी स्वार्थ वश इस अभियान में शामिल हो गए हैं। गोया वे भी इस युद्ध के सैनिक है। बहस के ज्यादातर आकंडे मैनुप्लेटिड हैं । चौराहों पर अपने अपने पसंदीदा चैनल की बातों को सही मानते लोग बहस कर रहे हैं, लोग हैं कि ताल ठोक रहे हैं, अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, ताली बजा रहे हैं, मरने मारने पर उतारूं है।

जो जितना ज्यादा धारणा आक्रमण माहिर है, उतना ही सफल हो रहा है, जिसके पास पैसा है, ताक़त है, दबाव है, नाटक है, कला है, वह उतनी अच्छी धारणा बनाने में सफल होगा और हो रहा है, सत्यता चाहे जो हो, नैतिकता चाहे जो कहे। आम जनता बेचारी जो सुनती है, उसके साथ नदी की तरह बस बही जा रही है। समझ ही नहीं पा रही है कि सत्यता क्या है , झूठ क्या है , झूठा कौन है ? मेरा समझना है कि धारणा के इस युद्ध में असली हार आम जनता की और बड़े नक्शे पर देश की हो रही है। सही आंकड़े , सत्य बातें, सही स्थिति सामने आए तभी तो सही निर्णय हो ।

-फेसबुक वॉल से

# दलित भी योद्धा हुए हैं यहां



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लखनऊ में एक हजार साल पहले लाखन पासी नामक वीर और राजा हुए हैं, जिन्होंने विशाल किला बनवाया था। अब इस जगह मेडिकल कालेज, मच्छी भवन आदि कई इमारतें हैं। कुछ लोग लखनऊ नगर के नामकरण का आधार भी इस नाम को ही मानते हैं।

सामान्यतया यह माना जाता है कि दलित, जिन्हें प्राचीन वर्ण व्यवस्था वाली भाषा में शूद्र कहा गया है, समाज में उपेक्षित रहे और उनका कार्य सेवा करना ही था। इसमें कुछ सच्चाई भी है। हालांकि यह पूर्ण सत्य नहीं है और इस वर्ग के लोग युद्धवीर से लेकर राजा तक रहे हैं। मगध में इसी वर्ग के महापद्मनंद एक प्रतापी राजा हुए, जिन्होंने अपने शौर्य के बल पर अपने राज्य को विस्तीर्ण किया। छठी शताब्दी में शूद्रक नामक राजा हुए, जो कवि भी थे।'मृच्छकटिकम्' उन्हीं की रचना है। उनकी जाति का खुलासा तो नहीं किया गया, किंतु नाम के अनुसार स्यात वे शूद्र वर्ग के ही थे।

शिवाजी की वीरता असंदिग्ध है। उन्हें इतिहासकारों का एक वर्ग शूद्र और दूसरा क्षत्रिय मानता है। वैसे स्थानीय ब्राह्मणों ने उनका राजतिलक करने से इंकार कर दिया था और इस हेतु काशी से लोग बुलाए गए थे,तो कुछ बात तो रही होगी। रामायण काल में वानरों और रीछों के पराक्रम को कौन नहीं जानता! ये जन जातीय लोग थे; क्षत्रिय कदापि नहीं। महाभारत का भील जन जातीय वीर एकलव्य प्रसिद्ध ही है। कोई आठ सौ साल पहले मध्य काल में महोबे के राजा परमाल (परमार्दिदेव) और उनके सामंत आह्ला ऊदल विख्यात हैं। उन्होंने अनेक युद्ध किए। परमाल चंदेल और आह्ला बंधु तो बनाफर क्षत्रिय थे, किंतु उनके साथ धनुवा तेली और लला तमोली भी युद्ध करने जाते थे। पृथ्वीराज चौहान से हुए युद्धों में धनुवा का मुकाबला धांधू नामक योद्धा से होता था।" धीरज आह्ला की वरनी है, ऊदल चौड़ा की तलवार। धांधू धनुवा की वरनी मा चटकै पेशकब्ज कै मार"।। ये धीरज और चौड़ा इतिहासोल्लिखित धीर पुंडीर एवं चामुंडराय ही हैं। इतना ही नहीं एक कोरी बिरादरी का खुनखुन नामक शूरमा भी था ता दूसरा रूपन बारी। आह्लखंड में शादियों में और उनके लिए लड़ाइयां हुई हैं। रूपन, यों तो विवाहों में बारी बिरादरी वाला ही काम करते थे और लड़की वाले के दरवाजे 'ऐपन बारी'लेकर जाते थे, किंतु नेग में वे लघु युद्ध मांगते। कन्या पक्ष के लोग सकते में आ जाते कि वर पक्ष के बारी भी योद्धा हैं और फिर एक छोटा-मोटा युद्ध होता।" चारि घरी पर चली सिरोही औ बहि चली रक्त कै धार"।

लखनऊ में एक हजार साल पहले लाखन पासी नामक वीर और राजा हुए हैं, जिन्होंने विशाल किला बनवाया था। अब इस जगह मेडिकल कालेज, मच्छी भवन आदि कई इमारतें हैं। कुछ लोग लखनऊ नगर के नामकरण का आधार भी इस नाम को ही मानते हैं। इस क्रम में बिजली पासी का भी नामोल्लेख जरूरी है, जिन्होंने वर्तमान उत्तर प्रदेश के एक भाग पर शासन किया था और राजा सुहेलदेव का भी। ये दोनों अप्रतिम योद्धा थे।

# हर क्षेत्र में जरूरत है प्रेरित किए जाने की

आप कर्मचारियों का मनोबल और प्रेरणा कैसे बढ़ाते हैं? कर्मचारी प्रेरणा को प्रभावित करने वाले कारक क्या हैं? प्रेरित करने के लिए सिर्फ पैसे से ज्यादा प्रेरणा की जरूरत होती है लोग मूल्यवान महसूस करना चाहते हैं, टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं और यह महसूस करना चाहते हैं कि वे कंपनी के लिए मायने रखते हैं। यह कर्मचारी प्रेरणा इस बात पर निर्भर करती है कि अपने कर्मचारियों को उनके कार्य दिवस के लिए कैसे उत्सुक बनाया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

किसी कंपनी की सफलता के लिए कर्मचारी प्रेरणा तकनीकें जरूरी हैं। जब आप जानते हैं कि कर्मचारियों को कैसे प्रेरित किया जाए तो आप उनसे सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करेंगे। प्रेरित कर्मचारी कड़ी मेहनत करेंगे और खुद को कंपनी के मिशन के लिए समर्पित करेंगे। खुश कर्मचारी अधिक उत्पादक होते हैं और दूसरी नौकरी की तलाश करने के बजाय कंपनी के साथ बने रहने की अधिक संभावना होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि व्यवसाय क्या है, निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र में कर्मचारी प्रेरणा एक दूसरे के समान ही महत्वपूर्ण हैं। कर्मचारी उत्पादकता बढ़ाने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक स्ट्रक्चरल स्टील डिजाइन और डिटेलिंग कंपनी टीम डिटेलिंग सॉल्यूशंस ने अपने कर्मचारियों को 28 कारें और 29 बाइक उपहार में दी हैं, उनके एक अधिकारी का कहना था कि कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहना के रूप में हुंडई, मारुति सुजुकी और मर्सिडीज बेंज जैसी कई नई कारें तोहफे में दी गई।

यह समझने की बात है कि प्रतिस्पर्धा के आज के दौर में अपने कर्मचारियों को प्रेरित और उत्साहित करते रहना बहुत आवश्यक है। प्रेरणा जो किसी व्यक्ति को अच्छे काम पर प्रदर्शन करने के लिए होती है। यह वह चीज है, जो किसी व्यक्ति को सुबह उठने और काम पर जाने के लिए उत्साहित करती है। जब कर्मचारी प्रेरित होते हैं तो उनके उत्पादक, रचनात्मक और अपने काम में लगे रहने की संभावना अधिक होती है। जरूरत है कर्मचारियों को निरंतर प्रेरित और उत्साहित किया जाए।

# आभूषण डकैती कांड में आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

## सीजेएम नवनीत सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए हाजिरी दर्ज कर 29 तक बढ़ाई हिरासत

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बहुचर्चित आभूषण डकैती कांड में जेल में बंद चार आरोपियों की न्यायिक हिरासत 29 अक्टूबर तक सीजेएम ने बढ़ा दी है। मंगलवार को आरोपी विनय शुक्ल, अरविंद यादव, विवेक सिंह, विपिन सिंह, दुर्गेश प्रताप सिंह, सचिन सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, त्रिभुवन कोरी और अजय यादव की जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग सीजेएम नवनीत सिंह ने हाजिरी दर्ज की तथा न्यायिक हिरासत अब 29 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि आठ आरोपी जिला कारागार सुलतानपुर में निरुद्ध हैं। वहीं मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी विपिन सिंह रायबरेली जेल में निरुद्ध है।

### हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

थाना क्षेत्र जयसिंहपुर के मेहदिया में आठ माह पूर्व राममिलन यादव पर घातक हमला के चलते उनकी मृत्यु के मामले में जिला जज जयप्रकाश पांडेय की अदालत ने आरोपी दुर्गेश यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी। यह मामला थाना जयसिंहपुर के अंतर्गत दर्ज हुआ था, जिसमें आरोपी पर आरोप है कि पेड़ काटने के विवाद के दौरान उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर राममिलन यादव पर घातक हमला किया, जिसके चलते उनकी मृत्यु हो गई। आरोपी की ओर से पेश किए गए तर्कों को अदालत ने अपर्याप्त माना और यह भी कहा कि सह-अभियुक्तों की जमानत पूर्व में खारिज की जा चुकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मृतक के सिर पर गंभीर चोट के चलते उनकी मृत्यु हुई थी। अदालत ने अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए दुर्गेश यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी, और कहा कि जमानत देना न्यायोचित नहीं होगा।


दीवानी न्यायालय परिसर में वादकारी व अधिवक्तागण। अमृत विचार

### पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी के केस में दरोगा तलब

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कादीपुर में 22 साल पहले हुई एक दुर्घटना के बाद हुए उपद्रव के मामले में पूर्व सपा विधायक रामचंद्र चौधरी विशेष कोर्ट एमपी–एमएलए में अपने वकील अरविंद सिंह राजा के साथ हाजिर हाजिर हुए। कोर्ट न्यायाधीश एकता वर्मा ने अभियोजन गवाह तत्कालीन दरोगा पारसनाथ वर्मा को तलब करते हुए सुनवाई के लिए 22 अक्टूबर की तारीख नियत की है। अभियोजन के मुताबिक 17 अक्टूबर 2002 में छात्रा पूनम की मृत्यु के बाद लोगों ने मार्ग जाम कर दिया था और पुलिस पर हमला किया था। आरोपियों में पूर्व सपा विधायक रामचंद्र चौधरी कांग्रेसी नेता अभिषेक सिंह राणा , सर्वेश सिंह, जितेंद्र सिंह, लाल बहादुर, शिवभूषण सिंह, पंकज, वेद प्रकाश, विपिन सहित कई लोग पर तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह ने केस दर्ज कराया था । चार्जशीट दाखिल होने के बाद केस अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

### पूर्व मंत्री जंग बहादुर के मामले में सुनवाई 23 को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह के खिलाफ हत्या की साजिश मामले में मंगलवार को सिपाही लक्ष्मीकांत से जिरह की कार्रवाई न आने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। मामले में अगली सुनवाई 23 अक्टूबर को होगी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय के मुताबिक 2001 में दर्ज हुए केस में राजकुमार की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। पुलिस जांच के दौरान पूर्व मंत्री और उनके सहयोगी राम विलास की भूमिका हत्या की साजिश में पाई गई थी।

### इसौली विधायक ताहिर के केस में सुनवाई टली

**संवाददाता, सुलतानपुर :** वन अधिनियम के तहत आरोपी इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान के मामले में मंगलवार पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई टल गई। मामले में सुनवाई के लिए 30 अक्टूबर की तारीख नियत की गई है। इसौली विधायक ताहिर खान पर तत्कालीन प्रभारी अधिकारी वन विभाग दरोगा मुकेश कुमार ने तीन फरवरी 2000 की घटना में वन विभाग अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया था।

## एक नजर

### बेटी के हमलावर पिता पर मां ने दर्ज कराया केस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** हालियापुर थाना क्षेत्र के कंधई पुरवा निवासी दुर्गा प्रसाद यादव पर उनकी पत्नी मीरा देवी ने केस दर्ज कराया है। मीरा ने बताया कि उसकी 25 वर्षीय तलाक शुदा बेटी कोमल पर उसके पति ने विवाद के चलते गड़ासे से हमला बोल दिया था। पिता ने उसकी शादी कहीं तय कर रखी थी, लेकिन वह जाने से इंकार कर रही थी। जिससे नाराज पिता ने उस पर गड़ासे से हमला बोल दिया था। फिलहाल उसका इलाज ट्रामा सेंटर अयोध्या में चल रहा है। थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की है।

### घर ले जाकर युवक को पीटा, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के डीहढग्गूपुर निवासी शिव सागर सिंह ने तहरीर दी है। बताया कि पड़ोसी अनिल सिंह के पुत्र वीरू सिंह ने उसके भतीजे प्रिंस सिंह को सोमवार की शाम बहला फुसलाकर घर से ले गए। आरोप है जहां उसने प्रिंस की लाठी डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी व गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। लेकिन किसी तरह बच कर प्रिंस घर पहुंचा और सारी बात बताई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में लगी आग

**सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** चौक से चंद कदम दूर इंडियन बैंक के बगल गली में नरोत्तमपुर निवासी दीपक वर्मा की इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। दीपक ने बताया कि शाम करीब सात बजे दुकान बंद कर घर चला गया। तभी बगल रहने वालों ने फोन कर बताया कि दुकान में धुंआ उठ रहा है। दीपक जब तक लौट कर दुकान पर आया दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था। पीड़ित ने बताया कि लगी आग से करीब दो लाख का नुक़सान हुआ है।

# एक दिन में पैसा दोगुना करने की लालच में गवां दिये 1.80 लाख

● शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच-पड़ताल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** एक दिन में ही पैसे दो गुने करने के लालच में व्यवसाई ने एक लाख 80 हजार रुपये गवा दिया। जब उसे ठगी का एहसास हुआ तो पुलिस को तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

अंबेडकर नगर जिले के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के नेवतारियां मुस्तफाबाद निवासी राकेश कुमार ने जिले के बंधुआकला थाने में तहरीर दी है। राकेश ने बताया कि उसकी अकबरपुर बसखारी मार्ग पर दुकान है। सुलतानपुर जिले के धम्मौर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी सलमान जो कि अंबेडकर नगर में ही रहते हैं, अपने आपको स्पोर्ट्समैन बता दोस्ती कर ली हैं। सलमान ने बताया कि आजमगढ़ निवासी विजय प्रताप, अंबेडकर नगर निवासी फूल चंद उसके अच्छे दोस्त हैं। काफी बड़ा व्यवसाय भी हैं। उनका एक दिन में ही पैसे को दोगुना कर देते हैं। आरोप है कि सलमान के कहने पर उसने रिश्तेदार से 70 हजार, झिनकू पंडित से एक लाख व दुकान से 10 हजार कुल एक लाख 80 हजार रुपए एकत्रित किया। पैसे लेकर सलमान के साथ पहले बाइक से कटका आए। फिर सलमान ने किसी से फोन पर बात की। इसके बाद हम लोग बंधुआ कला थाना क्षेत्र के सहाबागंज ओवर ब्रिज के नीचे पहुंचे। तभी दो लोग बाइक से आए और एक लाख 80 हजार लेकर तीन गड्डी देते हुए फाड़कर सौ सौ की नोट दिखा चले गए। सलमान भी चला गया। बाद में जब देखा तो ऊपर सिर्फ सौ की नोट चिपकी थी। बाकी नमक का पैकेट था। ठगी की जानकारी होते ही वह थाने पहुंच तहरीर दी है। बंधुआ कला थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# रेलवे कर्मचारियों को दिया कर्मयोगी का प्रशिक्षण

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** मंगलवार को कोचिंग डिपो अधिकारी सुलतानपुर के कार्यालय में कर्मयोगी का प्रशिक्षण हित निरीक्षक जेपी यादव द्वारा दिया गया। ये प्रशिक्षण मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ के निर्देश पर दिया जा रहा है। कर्मयोगी के तहत रेलवे कर्मचारियों को भारतीय न्याय संघिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं साइबर फ्रॉड से बचने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा मंत्री पंकज दुबे, मिडिया प्रभारी मिथिलेश पांडेय, कोचिंग डिपो अधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव, विपिन कुमार, रामविलास आदि रहे।

# तालाब किनारे मिला युवक का शव

● परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मंगलवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब के किनारे एक युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौंसा गोपी का पुरवा निवासी प्रवेश उर्फ कल्लू (34) का शव तालाब में उतराता देखा गया। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने परिजनों व जयसिंहपुर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे जयसिंहपुर कोतवाल व बरौसा चौकी इंचार्ज ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों के मुताबिक प्रवेश ट्रक चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। सोमवार को ट्रक में गिट्टी लेकर आया था। खाली कर घर आया था। शाम को फिर गिट्टी लोड करने की बात कहते हुए घर से निकला था। मंगलवार की सुबह उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में पाया गया। मृतक की आंख पर चोट के निशान मिले हैं। जयसिंहपुर कोतवाल अनिरूद्ध कुमार सिंह ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।


घटनास्थल पर मौजूद जयसिंहपुर कोतवाल व पुलिस टीम। अमृत विचार

# दूध डेयरी से नकदी व मशीन चोरी

गोसाईगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** दुर्गा पूजा महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस पेट्रोलिंग कर रही है। वही चोर अब गावों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। बीती रात अज्ञात चोरों ने एक डेयरी की खिड़की तोड़ अंदर जा रखे गए नकदी व मशीन पर हाथ साफ कर फरार हो गए।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मोतीगंज बाजार के समीप बैदहा गांव में प्राथमिक पाठशाला के बगल मोनू उर्फ लवकेश दूध की डेयरी चलाता है। सोमवार को दूध खरीद उसकी सप्लाई कर घर चला गया। बुधवार की सुबह दूध खरीदने डेयरी पर पहुंचा तो टूटी खिड़की देख सन्न रह गया। अंदर जाकर देख तो सामान बिखरा पड़ा था। गल्ले में रखी 17 हजार की नगदी के साथ दूध खरीदने वाली मशीन गायब थी। जिसकी जानकारी उसने डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे डायल 112 के पुलिस कर्मी जांच पड़ताल कर रहे हैं।


चाट की दुकान में चोरों द्वारा लगाई गई सेंध। अमृत विचार

### दीवार काटकर हजारों की चोरी

**कादीपुर, सुलतानपुरः** सोमवार की रात चोरों ने कस्बे के चादा मार्ग पर अमृत लाल चाट भंडार की दुकान के कमरे के पिछले हिस्से की दीवार को काटकर कमरे में घुस गए। कमरे में रखा स्टेपलाइजर, इनवर्टर, बैटरी, टेबल फैन एवं पांच सौ रुपये नकद उठा ले गए। मंगलवार को पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित तहरीर कोतवाली में दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भुगतान के लिए डीएम से मिले वेंडर

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जल जीवन मिशन में कराए गए कार्यो के भुगतान के लिए वेंडरों ने मंगलवार को डीएम से गुहार लगाई है। डीएम ने भुगतान कराने का आश्वाशन दिया तब वेंडर डीएम दरबार से वापस लौटे।

डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में वेंडरों ने बताया कि वह लोग सह कम्पनी के दबाव में जल जीवन मिशन का लगभग 85 फीसदी कार्य कर चुके है। भुगतान मांगने जाने पर धमकी देते हुए मारपीट पर उतर आते हैं। वेंडरों ने बताया कि वह लोग वी टी एल गाजा की सह कम्पनी के 2इंफ्राजन लिमिटेड के द्वारा भदैया विकास खंड में जल जीवन मिशन का कार्य कर रहे हैं। सह कम्पनी ने दबाव डालकर 85 फीसदी कार्य करवा चुकी हैं। चार महीने से कराए गए कार्य का भुगतान नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि कंपनी के मैनेजर आशीष तिवारी स्थानीय निवासी महेशुआ प्रधान सुरेश सिंह उर्फ बजरंग बली की शह पर भुगतान नहीं कर रहे हैं। जब भी कोई वेंडर भुगतान के लिए जाता है तो डायल 112 की पुलिस बुला डरा धमका कर वापस भेज देते हैं। वेंडरों ने डीएम, एस पी के साथ नगर कोतवाल व प्रोजेक्ट मैनेजर को भी सौंपा है। इस दौरान दुर्गा कंस्ट्रक्शन, धर्मा इंटरप्राइजेज, एम के इंटरप्राइजेज सहित अन्य फर्मों के वेंडर मौजूद रहे।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर निकले वेंडर। अमृत विचार

# उद्यान विभाग से किसानों को मिले आलू के सड़े बीज

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सोमवार को मोतिगरपुर के गोरसरा गांव के किसान अजय वर्मा उद्यान पार्क अमहट से पचास किलोग्राम बीज के पैकेट में मोहन प्रजाति सफेद आलू के दो बोरी बीज 1385 रूपये प्रति पैकेट घर लाए। घर पर किसान ने जब बोरी खोलकर बीज को बाहर निकाला तो उसके होश उड़ गए। किसान की मानें तो एक बोरी में करीब पैंतीस किलोग्राम आलू सड़ी हुई निकली।

पारसपट्टी गांव के किसान अशोक वर्मा व राकेश वर्मा, साबरमती व केवला वर्मा ने बताया कि एक बोरी आलू का बीज लाया गया जिसमें आधा सड़ा हुआ है। हांसापुर गांव के किसान कपिलदेव सिंह व विवेक पांडेय ने बताया कि बोरी में पचास प्रतिशत आलू का बीज सड़ा हुआ निकला है। हांसापुर गांव के किसान अंकित व अखिलेश ने बताया की लाल आलू का बीज कोफरी सिंदूरी प्रजाति का उद्यान विभाग से मिला है, बीज बढ़िया है। किसानों का कहना है की सड़ा हुआ आलू का बीज वितरित किया जाना किसानों के साथ धोखा है। किसान कपिलदेव सिंह व अजय वर्मा ने मामले की शिकायत आईजीआरएस के माध्यम से जिलाधिकारी से किया है।

# स्वच्छता अभियान को मिलेगी रफ्तारः चेयरमैन

● जेसीबी, फॉगिंग मशीन और 25 कूड़ा गाड़ियों का लोकार्पण

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मंगलवार को नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के कार्यालय प्रांगण में नगर की सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में एक जेसीबी, एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन और 25 मानव चालित रिक्शा कूड़ा गाड़ियों का विधिवत पूजन कर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर पालिका के अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज, सभासदगण और पालिका के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि दुर्गापूजा मेले और आगामी दीपावली-छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करना बेहद आवश्यक था। नगर के सभी 25 वार्डों को एक-एक मानव चालित रिक्शा कूड़ा गाड़ी प्रदान की गई है, जिससे कूड़ा उठान की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। नई जेसीबी का उपयोग सड़क किनारे पड़े मलबे और अन्य अवरोधों को हटाने में किया जाएगा, जबकि फॉगिंग मशीन से मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में सभासद मंगरू प्रजापति, अरविंद यादव, अजय सिंह, अरशद हबीब, दिनेश चौरसिया, अफजल अंसारी, अरूण कुमार तिवारी, आरिफ अंसारी, देवानंद, गिरीश मिश्र, सन्दीप गुप्ता, विजय कुमार जायसवाल, अखिलेश मिश्र, भैयादीप सिंह, अहमद भाई, अनिल कुमार राजू समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। साथ ही सफाई निरीक्षक अधूलिका, कार्यालय अधीक्षक पुनीत कुमार गुप्ता, हनुमान सिंह, प्रशान्त रावत, दीपक रावत और अन्य कर्मचारी भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। पालिकाध्यक्ष ने सभी से नगर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह पहल स्वच्छता अभियान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी, जिससे नगर के निवासियों को एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिलेगा।


जेसीबी व कूड़ा गाड़ियों का लोकार्पण करते चेयरमैन प्रवीन कुमार अग्रवाल।

## सार-संक्षेप

### बिजेथुआ महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी को किया आमंत्रित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** परिस्थितियों अनुकूल रहीं तो इस बार विजेथुआ महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शिरकत कर सकते हैं। कादीपुर विधायक राजेश गौतम व सत्यपथ फाउंडेशन के संरक्षक व कार्यक्रम के आयोजन विवेक तिवारी ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से की मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम के लिए आमंत्रण पत्र दिया। विवेक तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बिजेथुआ महोत्सव के आयोजन पर प्रसन्नता जताई है और आगमन का आश्वासन दिया है। बिजेथुआ महावीरन धाम में 26 से 30 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे विजेथुआ महोत्सव की तैयारियों के साथ साथ अतिथियों व रामकथा प्रेमियों को आमंत्रित करने का सिलसिला जारी है। विधायक गौतम ने कहा कि सीएम ने आमंत्रण का स्वीकार किया है। वहीं, महोत्सव में स्वतंत्र देव सिंह भी महोत्सव में शामिल होंगे।


मुख्यमंत्री को विजेथुआ महोत्सव का आमंत्रण देते आयोजक विवेक तिवारी व विधायक राजेश गौतम।

### हमारी सनातन संस्कृति से जुड़े होते हैं पर्वः एसडीएम

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पर्व हमारी सनातन संस्कृति से जुड़े हुए हैं। जिन्हें हम अपनी परंपराओं के अनुसार मनाते हैं। यह बात उपजिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी ने कही। वे सोमवार की रात कस्बे के पटेल नगर में शिव शक्ति पूजा समिति की तरफ से आयोजित डांडिया एवं गरबा महोत्सव के कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। डांडिया एवं गरबा जैसे कार्यक्रम धर्म के साथ अर्थ के लिए भी कारगर होता है। यह रोजगार का भी माध्यम है। यह रोजगार का भी एक बड़ा माध्यम है। सीओ विनय गौतम ने कहा कि हमारी संस्कृति उत्सव से ही मजबूत होती है। इस अवसर पर विपुल बरनवाल एवं अंकुर बरनवाल ने उपजिलाधिकारी एवं सीओ को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानितकिया। कार्यक्रम का संचालन संदीप अग्रहरि ने किया। मौके पर विपुल, मनीष अग्रहरि, साक्षी बरनवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### विभिन्न मांगों को लेकर एएनएम ने दिया ज्ञापन

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ में तैनात एएनएम ने विभिन्न मांगों को लेकर सीएचसी अधीक्षक को ज्ञापन दिया । मांगे पूरी न होने पर दी धरना प्रदर्शन की बात कही। विकासखंड लम्भुआ क्षेत्र के स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर तैनात दो दर्जन से अधिक एएनएम ने ऑनलाइन हाजिरी के विरोध मे प्रदर्शन किया और ऑनलाइन हाजिरी पर अपनी कड़ी आपत्ति जताई। ऑनलाइन हाजिरी समेत संविदा एएनएम को समान वेतन,ओ .पी .एस लागू करने,उपकेन्द्र में चौकीदार नियुक्त करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ . अनिल सिंह को ज्ञापन दिया है। एएनएम दीपशिखा श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय आदेश अनुसार उप केंद्र के सामने और पीछे से फोटो खींचकर अपलोड करना है जिसे नेटवर्क समेत अन्य समस्याओं से होना संभव नहीं हो पाता है। उन्होंने बताया कि विभिन्न मांगों को लेकर अधीक्षक को पत्र सौंपा गया है,मांगे ना पूरी होने पर सभी सहायक नर्सिंग मिडवाइफरी द्वारा आने वाले किसी दिवस में टीकाकरण नही किया जाएगा। वही हम लोग अनिश्चितकालीन धरना देने के लिए बाध्य होंगे।इस मौके पर सुजीत यादव,नीतू निषाद, रेहाना बेगम, नीरज वर्मा, वीरांगना निगम, माधुरी कश्यप आदि सहायक नर्सिंग मिडवाइफरी मौजूद रहे।


पंडाल पर कराया गया कन्या पूजन। अमृत विचार

### कन्या पूजन के साथ हुआ भंडारे का आयोजन

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के देहली बाजार स्थित सोमवार देर रात्रि श्री बाल दुर्गा पूजा समिति अतौला में विधि विधान से कन्या पूजन व भोज के बाद भव्य भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कन्या पूजन समाजसेवी कुलभद्र सिंह ने किया चरण धोकर, चुनरी टीका से पूजन किया। वही मां वैष्णो दुर्गा पूजा समिति तिराहा शुकुलपुर देहली बाजार में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पहले समिति के रमेश विश्वकर्मा,सरदार पांडेय ने विधि विधान से कन्या पूजन कर कन्या भोज करवाया, देवी स्वरूपा कन्याओं को प्रणाम किया। उसके बाद क्षेत्र से श्रद्धालु भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सोनू पांडेय,अमित पांडेय, राजकुमार मिश्रा,अरुण मिश्रा, राजू,नितिन,आकाश,राजन, सत्यदेव पाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आस्था

### आदर्श रामलीला समिति डींगूरपुर चौहानपुर में दिखती है गंगा–जमुनी तहजीब

# केवट ने श्रीराम व मां सीता को पार कराई नदी

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** रामलीला मंचन में कलाकारों ने सोमवार की रात राम वनगमन, राम केवट संवाद व भरत-मिलाप का सजीव मंचन कर दर्शकों को विचलित व रोमांचित किया। समाजसेवी मुकुंद मिश्र व आशुतोष पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर रामलीला मंचन का शुभारंभ किया।

आदर्श रामलीला समिति चौहानपुर डींगूरपुर क्षेत्र में गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल है। चार दशक से चल रही भगवान राम की लीलाओं पर दोनों समुदाय के लोग सजीव मंचन करते हैं। सोमवार को रामलीला मंचन में राम वन गमन जाने की खबर सुनते ही अयोध्यावासी विचलित हो उठे। उधर अयोध्यावासी श्रीराम, सीता व लक्ष्मण के साथ प्रभु की सेवा में चलने के लिए तैयार हो जाते हैं राम के लाख समझाने के बाद भी नहीं मानते हैं अंततः राम को विवाह होकर विश्राम के बहाने सोते हुए छोड़कर जाना पड़ता है आगे उनकी मुलाकात निषाद राज से होती है का मनोहर परिदृश्य का मंचन कर भाव भिभोर किया। राम केवट संवाद के दौरान नदी उतराई के लिए सीता माता की अंगूठी निषाद को देने व निषाद राज के न लेने के दृश्य ने लोगों को रोमांचित किया। चित्रकूट में राम और भरत के मिलाप का मंचन कर कलाकारों ने दर्शकों को व्याकुल कर दिया। मुख्य अतिथि समाजसेवी मुकुंद मिश्र ने कहा राम की लीला से लोगो को सीख लेनी चाहिए।जिस प्रकार भगवान श्री राम के चरित्र संजीव वर्णन मंच के माध्यम से किया जा रहा है। उनकी अच्छाइयों को ग्रहण कीजिए । इस मौके पर मंटू पांडेय, मुनव्वर अली, राकेश वर्मा , अवधेश वर्मा, शालू मिश्रा, राजन पाण्डेय, दिलशाद अली, प्रशांत सिंह, टिंकू सिंह आदि मौजूद रहे।


रामलीला में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### श्रीराम-भरत का मिलाप देख नम हुईं श्रद्धालुओं की आंखें

**कादीपुर, सुलतानपुर :** सोमवार की रात कस्बे के दोस्तपुर मार्ग से प्रभु राम की मनमोहक झांकी निकालकर शाहगंज मार्ग, चादा मार्ग, सुल्तानपुर मार्ग एवं पुरानी बाजार तथा तहसील तिराहे होते हुए पटेल चौक पर पहुंची। जहां पर प्रभु राम एवं भारत का मिला हुआ। दोनों भाई गले मिलकर लिपट गए। इस मनमोहक दृश्य को देखकर श्रद्धालुओं ने जय श्री राम का उद्घोष किया। इसी स्थान पर लक्ष्मण और शत्रुघ्न आपस में मिले। नगर भ्रमण के दौरान जगह–जगह शोभा यात्रा की श्रद्धालुओं आरती उतारते हुए पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर देवेंद्र उपाध्याय ने भगवान शंकर एवं श्री कृष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी, सीओ विनय गौतम तथा नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चौहान ने प्रभु की आरती उतारी। मौके पर केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति के अध्यक्ष आनंद प्रकाश द्विवेदी,महामंत्री ललित कसौधन, विनोद कुमार श्रीवास्तव ,सर्वेश कुमार सिंह, उत्कर्ष मोदनवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजित राम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### लखनऊ-छपरा विशेष वंदेभारत ट्रेन का संचालन

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 02270/02269 लखनऊ-छपरा-लखनऊ वंदेभारत विशेष गाड़ी का संचालन लखनऊ से 25, 26, 27, 28, 30 एवं 31 अक्टूबर तथा 01, 02, 03, 04, 06, 07 एवं 08 नवम्बर को तथा छपरा से 25, 26, 27, 28, 30, 31 अक्टूबर तथा 01, 02, 03, 04, 06, 07 एवं 08 नवम्बर को 11 फेरों के लिए किया जायेगा। 02270 लखनऊ-छपरा वंदेभारत पूजा विशेष गाड़ी लखनऊ से 14.15 बजे प्रस्थान कर सुल्तानपुर से 16.07 बजे, वाराणसी से 18.25 बजे, गाजीपुर सिटी से 19.35 बजे, बलिया से 20.25 बजे तथा सुरेमनपुर से 20.57 बजे छूटकर छपरा 21.30 बजे पहुंचेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### कंप्यूटरीकृत पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम की हुई शुरुआत

गोरखपुर, अमृत विचार। पार्सल को ट्रैक करने के लिए एवं ग्राहक सुविधा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे के 27 स्टेशनों पर कम्प्यूटरीकृत पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम लगाया गया है, जिसके माध्यम से उपभोक्ता, लगेज (पार्सल) को आसानी से ट्रैक कर पार्सल से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। गोमतीनगर स्टेशन पर भी यह सुविधा शुरू कर दी गई है। पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से उपभोक्ताओं को लगेज बुक करने के बाद ट्रेन में उसे चढ़ाने से लेकर गंतव्य स्थान तक पहुंचने की सारी जानकारी मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त लगेज ले जाने वाली ट्रेन की जानकारी एवं लोकेशन ऑनलाइन उपलब्ध होती है। इस प्रणाली को पूर्वोत्तर रेलवे के 35 स्टेशनों पर लगाने की स्वीकृति प्रदान हो चुकी है। 26 स्टेशनों पर पहले से क्रियाशील है, गोमतीनगर स्टेशन पर इस प्रणाली की प्रारंभ हो जाने के साथ पूर्वोत्तर रेलवे के 27 स्टेशनों पर पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम क्रियाशील है।

# निर्माण कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश

## डीएम ने बैठक कर की कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों से ली जानकारी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी।

अमृत विचार। वृहद निर्माण से सम्बन्धित समस्त कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं से संबंधित अधिकारियों से जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी ली गयी। जनपद में कराये जा रहे निर्माण कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये जाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देश दिया कि भूमि से संबंधित किसी भी कार्यदायी संस्था का प्रकरण लम्बित चल रहा हो तो उसके निस्तारण के संबध में कार्यवाही संबंधित उपजिलाधिकारी से मिलकर सुनिश्चित करायें। सीएनडीएस विभाग के अधूरे कार्यों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिन भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, उन्हें हैंडओवर कराने का निर्देश दिया। जिन विभागों का टेन्डर हो गया है, शीघ्र ही समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराकर कार्य प्रारम्भ करायें। आवास विकास परिषद, सीएनडीएस, यूपी सिडको व अन्य सभी कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देश दिया कि जो भी कार्य चल रहा है, उसे समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करायें। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएस यादव, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि कमल किशोर, इटवा आशीष भारद्वाज, बांसी विवेक राय तथा समस्त संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं अधिशासी अभियन्ता, अधिकारी उपस्थित थे।

### निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर. द्वारा चिल्हिया रजवाहा नहर के किमी. शून्य से 5.4 तक पुनर्स्थापना, सीमांकन कार्य व पुलिया के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नहर की पटरी पर मिट्टी डालकर चौड़ाई बढ़ाये गये कार्य को देखा गया। 1-2 मीटर का वाक्स बना है, रेडियस 5.5 मीटर है। 50 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। कल्वर्ट में हनी कम्बिंग पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने पुल के प्रोजेक्ट कास्ट से 2 प्रतिशत की कटौती करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने 31 दिसम्बर 2024 तक निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

# कबाड़ की दुकान पर बेच रहे थे सरकारी किताबें, चार गिरफ्तार

संवाददाता, बांसी, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। थाना कोतवाली बांसी पुलिस द्वारा सरकारी स्कूल के बच्चों को निःशुल्क बांटने हेतु प्राप्त पुस्तकों को अवैध रूप से कबाड़ी के दुकान पर बेचने के आरोप में 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

मंगलवार को कोतवाली प्रभारी रामकृपाल शुक्ला को सूचना मिली कि सरकारी स्कूल के बच्चों को निःशुल्क बांटने हेतु प्राप्त पुस्तकों को अवैध रूप से मंगल बाजार स्थित कबाड़ी की दुकान पर बेचा जा रहा है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा कबाड़ी के दुकान वाले से पूछताछ की गई तो ज्ञात हुआ कि सरकारी स्कूल की किताबें वीआरसी बांसी के कार्यालय सहायक व चपरासी द्वारा बेची गईं हैं। 2 नफर कबाड़ी दुकानदार तथा 2 नफर पुस्तक बेचने वाले अभियुक्तों को वीआरसी बांसी से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए आरोपी अंकित कसेरा पुत्र अरूण कुमार कसेरा निवासी मोहल्ला शास्त्रीनगर, प्रतीक कसेरा उर्फ गोपाल पुत्र अरुण कुमार उर्फ बिहारी निवासी मोहल्ला शास्त्रीनगर थाना कोतवाली बांसी, सहाबुद्दीन पुत्र स्व मो. इस्लाम निवासी नेउरी थाना मिश्रौलिया सिद्धार्थ नगर तथा रामजस पुत्र चन्द्रभान निवासी प्रतापनगर बांसी को गिरफ्तार कर लिया है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करते रहें अधिकारी : डीएम

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

- बैठक में केंद्रों की व्यवस्थाएं ठीक रखने के दिए निर्देश

अमृत विचार। जिला कार्यक्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर बाल विकास विभाग का कार्य नहीं दिख रहा है। सभी आंगनबाड़ी केन्द्र समय से खुलें। सभी कर्मचारी मिलकर कार्य करें। जो आंगनबाड़ी केन्द्र प्राथमिक विद्यालय के निकट हैं तथा अन्य सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्रतिदिन हॉटकुक्ड बनना चाहिए। जिलाधिकारी ने मुख्य सेविका एवं सीडीपीओ को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ने सभी धात्री महिलाओं, कुपोषित बच्चों को 1 किग्रा चावल या राशन मिलना चाहिए। वीएचएनडी दिवस पर कोटेदार से लेकर आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वितरण कराने का निर्देश दिया। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री बीएचएनडी दिवस पर बच्चों को चेक करने के लिए चार प्रकार मशीन उपलब्ध कराई गई है। किसी भी दशा में बुधवार और शनिवार को किसी भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री को अवकाश नहीं दिया जायेगा। बहुत ही अपरिहार्य स्थिति में ही अवकाश दिया जाये। आंगनबाड़ी केन्द्र पर पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष 80 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि बीएचएनडी दिवस पर त्यौहार जैसा महौल होना चाहिए। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करायें। सैम बच्चों का पहचान 7.5 प्रतिशत तथा मैम बच्चों का 11.5 प्रतिशत से नीचे नहीं होना चाहिए।

# बहन की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। सितंबर माह में हुई एक युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके फरार भाई लवकुश को भी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। इस हत्याकांड में मृतका के पिता सुखराज को घटना के समय ही पकड़ा जा चुका है। बताया जाता है कि मंगलवार को अपनी बहन की हत्या का आरोपित लवकुश गौतम उर्फ कल्लू पुत्र सुखराज को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। डुमरियागंज थाने के प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार यादव ने बताया कि मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि अभियुक्त लवकुश गौतम उर्फ कल्लू बेवा चौराहे से कहीं फरार होने के फिराक में है, मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा अभियुक्त को पकड़ लिया गया।

# फाइलें दुरुस्त करने में जुटा रहा प्रशासन

संवाददाता, गोरखपुर

- राजस्व परिषद अध्यक्ष का आगमन आज
- एसडीएम ने कार्यों की समीक्षा कर लेखपालों को दी चेतावनी

अमृत विचार। राजस्व परिषद अध्यक्ष अनिल कुमार के बुधवार को आगमन से पहले तहसील प्रशासन व जिला प्रशासन अपने-अपने कार्यालयों एवं न्यायालयों रिकॉर्ड रुम का सफाई अभियान युद्ध स्तर पर कराकर फाइलों को व्यवस्थित ढंग से रखने का कार्य किया। राजस्व परिषद अध्यक्ष अनिल कुमार बुधवार को एनेक्सी भवन सभागार में अधिकारियों संग बैठक करेंगे। गुरुवार को जनपद के किसी भी तहसील का भ्रमण कर फाइलों के रखरखाव व न्यायालयों में लंबित मुकदमों का निरीक्षण करेंगे। उससे पूर्व सदर तहसील में किए गए साफ सफाई फाइलों के रखरखाव मुकदमों का निस्तारण लेखपालों द्वारा आइजीआरएस, जाति निवास आय अंश निर्धारण सहित अन्य किए गए कार्यों का समीक्षा का जायजा लिया। ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी तहसील सभागार में बैठक के दौरान राजस्व निरीक्षक और लेखपालों द्वारा अपने क्षेत्र में भूमि विवाद का संतोषजनक जबाव नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा ग्राम सभाओं में अवैध कब्जे को चिह्नित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में विवादित भूमि रजिस्टर की स्थिति की समीक्षा की। आइजीआरएस जाति-निवास, अंश निर्धारण सहित कार्यों को कुशलतापूर्वक न कार्य करने वाले लेखपालों को फटकार लगाया। बार-बार निर्देशित किए जाने के बावजूद भी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं होने वाले लेखपालों को चेतावनी दिया। यदि लापरवाही से कोई घटना घटित हुई तो उसकी जवाबदेही किसकी होगी। एसडीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें। राजस्व निरीक्षक हों या लेखपाल, उन्हें अपने क्षेत्र के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं का धरातल पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# अभिलेखों के उचित रखरखाव के निर्देश

## सीडीओ ने विकास खण्ड डुमरियागंज कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार। अमृत विचार

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड डुमरियागंज कार्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया गया। कार्यालय के सभी पटल पर अभिलेखों का रखरखाव व पत्रावली का अवलोकन किया गया। स्थापना पटल पर कर्मचारियों के सर्विस बुक, जीपीएफ पासबुक का अवलोकन किया गया।

जन शिकायत रजिस्टर, तहसील दिवस रजिस्टर एवं आरटीआई रजिस्टर का अवलोकन करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। लेखा पटल का कार्य राकेश सोनकर का द्वारा देखा जा रहा है। ग्रांट रजिस्टर अपूर्ण पाया गया, जिसे पूर्ण करने के निर्देश दिया गया। निर्माण कार्य की पत्रावली में नोटशीट पर व एमबी पर जेई व सभी के नाम, पदनाम सहित मुहर लगने के निर्देश दिया गया। भुगतान के पूर्व सत्यापन कराने के निर्देश दिया गया। मनरेगा सेल में निर्माण कार्य की पत्रावली का अवलोकन किया गया। सीआईबी सहित पूर्ण कार्य का फोटो लगाने के निर्देश दिया गया तथा मापन करने वाले कर्मचारियों एवं कार्य सत्यापित करने वाले अधिकारी का नाम व पदनाम सहित मुहर लगवाने के निर्देश दिये गये। मनरेगा सेल में समस्त अभिलेख, रजिस्टर आदि पूर्ण करने के निर्देश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत निर्धरित 8.4.9 के मानक व सभी पत्रावली में आवश्यक चेक लिस्ट के अनुसार अभिलेख संरक्षित किये जायें।

सहायक विकास अधिकारी, पंचायत कार्यालय में मास्टर रजिस्टर सभी सचिव के हस्ताक्षर कराने के निर्देश दिया गया। रजिस्टर पूर्ण करने के निर्देश दिया गया एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, डुमरियागंज कार्यालय में पुष्टाहार के स्टॉक एवं वितरण कार्य का भी मुख्य अधिकारी ने निरीक्षण किया।

# निरस्त ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस की गई बहाल

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोरखपुर-गोंडा रेल खंड पर स्थित डोमिनगढ़-जगतबेला के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग कार्य एवं गोरखपुर कैंट-गोरखपुर तीसरे लाइन के परिप्रेक्ष्य में डोमिनगढ़ स्टेशन पर 14 से 25 अक्टूबर तक प्री-नान इंटरलॉकिंग कार्य तथा 26 एवं 27 अक्टूबर को नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, रि-शिड्यूलिंग एवं नियंत्रण किया गया था, जिनमें कुछ गाड़ियों का ट्रेन संचालन की बहाली, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन में संशोधन, मार्ग परिवर्तन में संशोधन तथा नियंत्रण में संशोधन किया जायेगा।

पूर्व में 16 से 26 अक्टूबर तक निरस्त की गयी 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस का संचलन 16 से 22 अक्टूबर तक बहाल कर दिया गया है। पूर्व में 17 से 27 अक्टूबर तक निरस्त की गयी 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस का संचालन 17 से 23 अक्टूबर तक बहाल कर दिया गया है।

**संशोधित मार्ग परिवर्तन:** कटिहार से 16 अक्टूबर को चलने वाली 05736 कटिहार-अमृतसर विशेष गाड़ी निर्धारित गोरखपुर-बस्ती-गोण्डा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलायी जायेगी।

### परिवर्तित मार्ग से चलेंगी कई ट्रेनें, शार्ट टर्मिनेशन व शार्ट ओरिजिनेशन में संशोधन

गोरखपुर से 16 एवं 23 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 09112 गोरखपुर-वडोदरा विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोमतीनगर-ऐशबाग-मानकनगर के रास्ते गोरखपुर के स्थान पर गोमतीनगर से 09.30 बजे चलकर ऐशबाग से 10.32 बजे छूटेगी। यह गाड़ी गोरखपुर से लखनऊ के मध्य निरस्त रहेगी।

आनन्द विहार टर्मिनस से 16 एवं 23 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 15058 आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आलमनगर के रास्ते गोरखपुर के स्थान पर लखनऊ जं. स्टेशन पर 02.00 बजे पहुंच कर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी लखनऊ से गोरखपुर के मध्य निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 17 एवं 24 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 15057 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आलमनगर के रास्ते गोरखपुर के स्थान पर लखनऊ जं. से 02.22 बजे चलायी जायेगी। यह गाड़ी गोरखपुर से लखनऊ के मध्य निरस्त रहेगी। दौराई से 19 एवं 26 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 09657 दौराई-बढ़नी विशेष गाड़ी बढ़नी के स्थान पर गोमतीनगर स्टेशन पर 08.50 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी गोमतीनगर से बढ़नी के मध्य निरस्त रहेगी।

छपरा से 14 से 27 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 15105 छपरा-नौतनवा एक्सप्रेस नौतनवा के स्थान पर गोरखपुर कैंट स्टेशन पर 09.45 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी गोरखपुर कैंट से नौतनवा के मध्य निरस्त रहेगी।

# ई-रिक्शा की टक्कर से अधेड़ की मौत

बांसी, सिद्धार्थ नगर, अमृत विचार। बांसी कोतवाली क्षेत्र के बांसी धानी मार्ग पर गोहर चौराहे पर एक ई-रिक्शा की टक्कर से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भरमा निवासी लक्ष्मीकांत पांडे (49) पुत्र स्व. महाराज मणि पांडे मंगलवार को अपने ग्राम भरमा से पैदल ही दवा लेने मंगलवार की सुबह 9 बजे गोहर चौराहे पर अपनी तरफ से चल रहे थे। इसी दौरान गोनहा की तरफ से ई-रिक्शा चालक जो लापरवाही पूर्वक गाड़ी चला रहा था, उसने तेज ठोकर मार दिया। जिससे लक्ष्मीकांत पांडे को गंभीर चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के लिए परिजन उन्हें लेकर पीएचसी बांसी गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# 288 गांवों में बनेंगी डिजिटल लाइब्रेरी

## कवायद शुरू, ग्राम पंचायतों का किया जा रहा चयन

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



अमृत विचार। ग्रामीण क्षेत्र के 288 गांवों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की कवायद शुरू हो गई है। ग्राम पंचायतों का चयन भी किया जा रहा है। लाइब्रेरी का निर्माण होने से युवाओं को पठन-पाठन के लिए एक अतिरिक्त जगह मिल जाएगी।

जानकारी के अनुसार, एक ग्राम पंचायत में चार लाख की लागत से डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जानी है। जिसमें दो लाख की धनराशि से प्रतियोगी परीक्षा की किताबें खरीदने और शेष दो लाख से युवाओं को बैठकर पढ़ने के लिए कुर्सी, टेबल सहित अन्य उपकरण की व्यवस्था करने का प्रावधान है। लाइब्रेरी में प्रमुख अखबार भी रखे जाएंगे। लाइब्रेरी में ग्रंथ के साथ इतिहास की प्रमुख किताबें भी मौजूद रहेंगी, जिसे गांव के वृद्ध लोग भी पढ़ सकेंगे। लाइब्रेरी का संचालन पंचायत भवन अथवा सीएससी सेंटर पर सुबह 10 से शाम पांच बजे तक होगा। सरकार के फैसले की गांव के युवाओं द्वारा तारीफ की जा रही है। बर्डपुर के नंदराम यादव कहते हैं कि लाइब्रेरी से गांव के युवकों को गांव में सकारात्मक सोच के साथ दिशा भी मिलेगी।

> शासन से मिले लक्ष्य के अनुसार ग्राम पंचायतों को चिह्नित किया जा रहा है। इस क्रम में पहले चरण के तहत 288 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी का संचालन किया जाएगा। शेष ग्राम पंचायतों में शासन के अगले निर्देश पर चयन का कार्य किया जायेगा।
> -पवन कुमार, डीपीआरओ

# बैदौला चौराहे के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू, चौड़ी होगी सड़क

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। पूर्व में सुनिश्चित चौराहे के सौंदर्यीकरण कार्य के क्रम में मंगलवार को बैदौला चौराहे का सौंदर्यीकरण कार्य शुरू हो गया। डुमरियागंज के बैदौला चौराहे पर योगा पृथ्वी मुद्रा की स्टेच्यू लगाए जाने एवं सुंदरीकरण का कार्य ईओ महेश प्रताप श्रीवास्तव एवं सभासद उमाशंकर की उपस्थिति में शुरू करा दिया गया। ईओ महेश प्रताप श्रीवास्तव ने बताया कि सर्वप्रथम चौराहे के दोनों तरफ रोड एवं नाले के बीच में सीसी पटरी का निर्माण कराया जाएगा, जिससे सड़क की चौड़ाई और बढ़ जाएगी तथा आवागमन वाहनों को मुड़ने में काफी आसानी होगी।

सीसी पटरी निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात बैदौला चौराहे पर गोल्डेन कलर में योगा पृथ्वी मुद्रा की स्टेच्यू लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। चौराहे का सुंदरीकरण हो जाने से नगर की सुंदरता और बढ़ जाएगी। कार्य शुरू होने के दौरान ईओ महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा संबंधित ठेकेदार को कार्य मानक और गुणवत्ता पूर्वक करने के लिए कड़े निर्देश दिए गए।

## सार-संक्षेप

### रांची-गोरखपुर साप्ताहिक विशेष ट्रेन शुरू



ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं सांसद व अधिकारी।

गोरखपुर, अमृत विचार। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 08629 रांची-गोरखपुर उद्घाटन विशेष गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर रांची स्टेशन पर सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, दक्षिण पूर्व रेलवे के वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के लिये रांची एवं गोरखपुर के मध्य साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस गाड़ी में साधारण द्वितीय श्रेणी के 2, शयनयान श्रेणी के 6, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 4, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 1, जनरेटर सह लगेजयान का 1 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 1 कोच सहित कुल 15 कोच लगाये जायेंगे।

### स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर निकाली गई रैली

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय, गोरखपुर तथा लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का आयोजन किया गया। इसी क्रम में, स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर के अन्तिम दिन 15 अक्टूबर, 2024 को पूर्वोत्तर रेलवे पर 'समीक्षा/ब्रीफिंग एवं स्वच्छ जागरूकता रैली' थीम के अन्तर्गत लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सम्पादित किये गये क्रियाकलापों की समीक्षा की गई एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया।

### बारिश न होने से सूख रही धान की फसल

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। धान की फसल में बाली निकलने का समय हो रहा है। ऐसे में मौसम की बेरुखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश न होने के कारण धान की फसल सूख रही है। इससे परेशान होकर किसान निजी संसाधनों का उपयोग करके फसल बचाने में जुट गए हैं, जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अगस्त माह में बारिश ठीक-ठाक होने से फसलों की स्थिति बेहतर थी, लेकिन सितंबर माह में बारिश कम होने से फसलों की स्थिति ठीक नहीं रही। बारिश की कमी से अब अक्टूबर में धान की फसलें सूख रही हैं। वहीं, आकाश में काले बादल लगातार मंडरा रहे हैं, जिसको देखकर किसानों के अंदर एक उम्मीद जगती है कि शायद अब बारिश हो जाय, लेकिन उड़ते बादलों ने किसानों के यह उम्मीद तोड़ दी है। बारिश न होने से किसान चिंतित हैं। वहीं, धान की सूखती फसलों को बचाने के लिए अधिकांश किसानों ने पंपिंग सेट से अपने खेतों में पानी चलाना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के राम गोपाल, सूर्यनाथ त्रिपाठी, अजीत सिंह आदि किसानों का कहना है कि 300 रुपये प्रति घंटा भाड़ा देकर पंपिंग सेट से धान में पानी चलवाना मजबूरी हो गई है, जिससे किसानों की लागत बढ़ती जा रही है।

**समस्या** रेल पास बनवाने के लिए घंटों लगना पड़ रहा लाइन में

# सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को झेलनी पड़ रही दिक्कत

संवाददाता, गोरखपुर

- डीआरएम ऑफिस के सीनियर बाबू व सहायक महिला बाबू पर परेशान करने व अभद्रता करने का लगाया आरोप

अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे से सेवानिवृत्त हुए रेल कर्मचारी अपने रेल पास के लिए लखनऊ डीआरएम ऑफिस के घंटों लाइन लगे रहते हैं, सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कोई सुधि लेने वाला नहीं है। बताते चलें कि लखनऊ मंडल डीआरएम ऑफिस के सीनियर पास बाबू से दूरदराज से आए पेंशनर दुखी हो जाते हैं।

कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बताया कि हम अपनी पेंशन तथा अन्य कार्यों के लिए कभी कभार लखनऊ डीआरएम ऑफिस आते हैं और वहीं से अपना रेल सेवा पास बनवा लेते हैं। ऑनलाइन की हम लोगों को जानकारी नहीं है, इस कारण हम लोग अपना पास लखनऊ डीआरएम ऑफिस जाकर बनवाते हैं। लेकिन यहां के सीनियर बड़े बाबू तथा सहायक महिला बाबू द्वारा हम लोगों को जानबूझकर परेशान किया जाता है।

जनपद महाराजगंज आनंद नगर से आये सेवानिवृत्त कर्मचारी सुनील यादव ने बताया कि हम बहुत पहले ही रिटायर हो गये हैं, ऐसे में लखनऊ आकर अपना रेल सेवा पास बनवाते रहते हैं, लेकिन कुछ समय से हमको समस्या झेलनी पड़ रही है। यहां के बाबू का व्यवहार सही नहीं है। वह उल्टा सीधा बोलते भी रहते हैं और यह भी कहते हैं कि जहां शिकायत करनी हो, कर दो, हमारी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ता है। मंगलवार को ऐसा ही नजारा देखने को मिला।

इतना नहीं गोरखपुर से भी आए सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने दुखी मन से कहा कि अगर हम लोग इतना पढ़े लिखे होते तो ऑनलाइन पास बनवा लेते, लेकिन यहां का रवैया काफी खराब है। एक कर्मचारी ने यहां तक कहा कि हमको पास बनाकर दे दिया, लेकिन पास पर साइन ही नहीं किया, फिर कुछ दूर जाकर जब मैंने देखा कि पास पर बाबू का साइन नहीं है तो दोबारा जाकर मैंने पास पर साइन करवाया। इतना ही नहीं सुबह पास बनवाने को देते हैं तो भी कहते हैं कि अभी बहुत काम है, शाम को आइएगा।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कहा कि इन लोगों का रवैया बहुत ही खराब है, जिस पर उच्च अधिकारियों का ध्यान देना अति आवश्यक है।

# मानव श्रृंखला बनाकर दिया महिला सशक्तीकरण का संदेश

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की पारिजात इकाई, माता शबरी इकाई एवं आर्यभट्ट इकाई के स्वयंसेवकों ने मंगलवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत मानव श्रृंखला बनाकर समाज में महिलाओं के स्थान को मजबूत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने महिला सुरक्षा एवं सम्मान का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की मिशन शक्ति नोडल अधिकारी डॉ. इंदु चौधरी ने कहा कि मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें सशक्त बनाना और सामाजिक बदलाव लाना है। यह अभियान महिलाओं को न केवल एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करता है, बल्कि उनके विकास के लिए भी अवसर उपलब्ध कराता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने कहा कि समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने से न केवल महिलाओं की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि यह समग्र विकास और प्रगति में भी सहायक होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आयुष कुमार पाठक, डॉ. अभिषेक सिंह धनन्जय पाण्डेय, समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं सभी इकाई के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# समीक्षा में सीडीओ ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का दिया निर्देश

## कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि, उद्यान, मत्स्य और दुग्ध विकास विभाग की हुई समीक्षा बैठक

संवाददाता, संतकबीरनगर


विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक करते सीडीओ जयकेश त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को कृषि, उद्यान, मत्स्य और दुग्ध विकास सहित अन्य विकास विभागों द्वारा संचालित विकास परक और लाभार्थी परक योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति, गुणवत्ता व कार्य योजना से सम्बंधित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

कृषि विभाग के कार्यों और योजनाओं की समीक्षा के दौरान जनपद में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि आईजीआरएस पर कुल 91 मामले लंबित हैं। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड अंतर्गत कृषि रक्षा रसायन डीबीटी, बीज डीबीटी, पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, पीएम कुसुम योजना की प्रगति शत-प्रतिशत पूर्ण है। जिसके चलते जनपद को 'ए' श्रेणी प्राप्त हुई है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद में बीज वितरण लक्ष्य के सापेक्ष तिलहन फसलों की तोरिया और सरसों के बीज प्राप्त हुए हैं। रबी फसलों की बुआई के लिए यूरिया, डीएपी, एसएसपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। नवंबर माह से रबी फसलों की बुवाई की जाएगी, जिसके लिए तैयारियां पूरी करा ली गई हैं। सहकारिता और कृषि विभाग के विक्रय केंद्रों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 2 लाख 8 हजार किसानों को 18वीं किश्त प्रेषित की गई है। उन्होंने बताया कि अभी भी 15 हजार 590 किसानों की ई-केवाईसी नहीं हुई है। जिसके चलते उन्हें 16वीं, 17वीं और 18वीं किस्त नहीं भेजी जा सकी है। मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिकता के आधार पर वंचित सभी किसानों की शत् प्रतिशत ई-केवाईसी कराए जाने का निर्देश दिया।

### 94 प्रतिशत खरीफ फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे पूरा

**संवाददाता, संतकबीरनगर।** समीक्षा बैठक के दौरान उप कृषि निदेशक ने बताया कि डिजिटल क्राप सर्वे के अंतर्गत 94 प्रतिशत खरीफ फसलों का सर्वे कार्य पूरा करा लिया गया है। शेष कार्य 20 अक्टूबर तक पूर्ण करा लिया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी ने आकांक्षात्मक ब्लॉक पौली में एक कृषक उत्पादक संगठन और खोले जाने के निर्देश दिया। साथ ही सभी आकांक्षात्मक ब्लॉकों में पीएम किसान योजना की प्रगति शत् प्रतिशत किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि कृषक उत्पादक संगठनों को उर्वरक, कीटनाशक, बीज, खाद, मंडी, जीएसटी आदि सभी वांछित सुविधाएं उपलब्ध करा दी जायं।

# बखिरा झील स्थित बौधरा बाबा स्थान पर बनेगी हाईटेक नर्सरी

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचारः** विभागीय समीक्षा के दौरान जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत कृषि विज्ञान केंद्र बगही में निर्माणाधीन हाईटेक नर्सरी के निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। विद्युत कनेक्शन के लिए प्रयास जारी है। दूसरी हाई टेक नर्सरी के लिए बखिरा झील क्षेत्र में बौधरा बाबा स्थान के पास भूमि उपलब्ध है। उसके चिन्हांकन की कार्यवाही की जा रही है।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत खरीफ मौसम की फसलों में केला रोपण, आम रोपण, करौंदा रोपण और खरीफ प्याज के बीज वितरण का कार्यक्रम पूर्ण करा लिया गया है। रबी सीजन को लेकर चयन प्रक्रिया चल रही है। रबी मौसम में शाकभाजी, प्याज, गेंदा, ग्लैडियोलस और मखाना के कार्यक्रम प्राप्त हुए हैं। समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने पाली हाउस, कोल्ड स्टोरेज के नए प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की प्रगति 'ए' प्लस है। उन्होंने विभाग की योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को आच्छादित किये जाने से सम्बंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, उप कृषि निदेशक डा. राकेश कुमार सिंह, उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, कृषि अधिकारी डॉ सर्वेश यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी सीपी सिंह, मत्स्य अधिकारी शशि प्रकाश, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक वीके गुप्ता सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है खेल : त्रिपाठी

संवाददाता, सेमरियावां, संतकबीरनगर


समापन समारोह को संबोधित करते माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मंगलवार को एएचएग्री इंटर कालेज दुधारा में माध्यमिक विद्यालयों की 27वीं एथलेटिक्स खेल महाकुंभ का समापन समारोह उल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री अनिरूद्ध त्रिपाठी ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता हमें अनुशासन, टीम भावना व कठिन परिस्थितियों में जीत की भावना सिखाता है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ ने कहा कि दुधारा स्थित विद्यालय ने अद्भुत एथलेटिक्स खेल महाकुंभ का आयोजन कर छात्र छात्राओं का हौसला बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि यह प्रतियोगिता हमारे लिए एक यादगार और गर्व का समय रहा है। जिसमें हमने अपने छात्र-छात्राओं की प्रतिभा और क्षमता को देखने व परखने का मौका मिला। आयोजक प्रधानाचार्य मुनीर आलम ने आए हुए अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया। संचालन उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी व कमर आलम सिद्दीकी ने किया। समापन समारोह में प्रधानाचार्य मुजीबुल्लाह खान, जमाल अहमद, फिरोज अहमद, सतेंद्र कुमार, शैलेन्द्र शुक्ला, मोहम्मद शफीक, खेल शिक्षक जोखू प्रसाद, दिवाकर उपाध्याय, सुधीर कुमार, निसार अहमद, विजय कुमार, विवेकानंद यादव, दिवाकर उपाध्याय, सोनिया, सबिता यादव सहित उपस्थित सभी पत्रकारों को सम्मानित किया गया। छात्रा प्रतिभा, माधुरी, साधना, काजल, रेनू और मुस्कान ने शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रंगोली प्रतियोगिता में संजना, सुहानी, राधा, खुशबू और मुस्कान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# भाजपा नेता ने स्वामी प्रसाद मौर्य पर कसा तंज

संवाददाता, कुशीनगर


एनपी कुशवाहा।

**अमृत विचारः** भाजपा नेता व राष्ट्रीय कुशवाहा शाक्य सैनी मौर्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एनपी कुशवाहा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री व राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य पर जमकर निशाना साधा।

पडरौना में एनपी कुशवाहा ने प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा सरकार की जमकर तारीफ की। धार्मिक टिप्पणी पर स्वामी प्रसाद मौर्य को आड़े हाथों लिया। कहा कि उनकी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने विवादित व अमर्यादित पोस्ट शेयर कर हिन्दू जन भावनाओं को ठेस पहुंचाया। उनकी गलती का खामियाजा समाज के निर्दोष लोगों को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जो नेता भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहा जिनकी बेटी भाजपा से सांसद चुनी गई वही आज भाजपा सरकार को गुंडाराज व जंगल राज की उपाधि दे रहे हैं। ये अवसरवादी नेता अनर्गल प्रलाप कर प्रदेश का सौहार्द्र बिगाड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है।

# ममता अध्यक्ष तो अवधेश बनाए गये यूनियन महामंत्री

संवाददाता, बस्ती

**अमृत विचार।** सयुंक्त नर्सेस संविदा कर्मचारी यूनियन जिला कार्यकारिणी का अधिवेशन सोमवार को हुआ। इसमें ममता कश्यप अध्यक्ष और अवधेश मिश्र महामंत्री बनाए गए। जिला कार्यकारिणी के गठन में स्वाती गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जया चौधरी व राम करन जिला मंत्री, पूजा व प्रीती पांडेय जिला संगठन मंत्री, राकेश चौधरी जिला मीडिया प्रभारी व निकिता श्रीवास्तव को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान समान कार्य, समान शिक्षा के आधार पर वेतन दिए जाने की आवाज बुलंद की गई। यूआईपी स्थित एएनएम टीसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत नर्सेस की दूसरे राज्यों की भांति समायोजन की मांग उठाई गई। प्रदेश अध्यक्ष पूजा गुप्ता ने कहा कि संविदा स्टाफ नर्स के हक के लिए लड़ाई जारी रहेगी। बताया कि जिला संयोजक व जिला वरिष्ठ सलाहकार का चयन के लिए जल्द बैठक की जाएगी। प्रदेश संरक्षक राजेश पांडेय व प्रदेश महामंत्री हरिओम ने कहा कि एकजुटता से ही हक और अधिकार प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर सीमा चौधरी, अनीता देवी, अनीता, रूबी शर्मा आदि मौजूद रहीं।

# 1200 करोड़ से चमकेंगी जिले की 723 सड़कें

संवाददाता, बस्ती

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर विभिन्न योजनाओं के तहत पीडब्ल्यूडी ने जिले की 723 सड़कों का नए सिरे से प्रस्ताव तैयार किया है। इसमें विधानसभावार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का सुझाव भी शामिल किया गया है। यदि प्रस्ताव को स्वीकृति मिली तो पीडब्ल्यूडी के हाथ भी काम से भर जाएंगे। कुल 1200 करोड़ रुपये की लागत से जिले की यह सभी सड़कें चमकाई जाएंगी। इसमें 34 छोटे पुलों का भी निर्माण शामिल है।

इस साल पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड- एक और प्रांतीय खंड के अधीन सड़कों का प्रस्ताव तीन महीने पहले ही तैयार करके भेजा गया था। लेकिन, इसमें जनप्रतिनिधियों की सहमति और सुझाव नहीं लिए गए थे। उच्च स्तर पर यह मामला पहुंचा तो शासन ने पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। निर्देश दिए गए कि जिले की सड़कों का प्रस्ताव दोबारा तैयार कराकर भेजा गया। इस बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव को भी अहमियत देनी थी। पीडब्ल्यूडी दोनों शाखा के अभियंताओं ने सप्ताह भर जनप्रतिनिधियों के संपर्क में रहकर मंथन किया। इसके बाद नए सिरे से खस्ताहाल सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया। इस बार विभिन्न योजनाओं में कुल 723 सड़कों के निर्माण की योजना बनाई गई है।

### डीएम की संस्तुति पर भेजा जाएगा प्रस्ताव

पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता इं. अवधेश प्रसाद ने बताया कि नए सिरे से जिले की सड़कों का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। डीएम की संस्तुति पर यह शासन में भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 221 सड़कों की होगी विशेष मरम्मत

इस बार विशेष मरम्मत योजना में जिले की 221 खस्ताहाल सड़कों को शामिल किया गया है। इन सड़कों की कुल 353 .600 किमी है। इन्हें दुरुस्त बनाने में 67 .51 करोड़ रुपये की आवश्यकता महसूस की गई है। इसमें अधिकांश तौर पर ग्रामीण क्षेत्र की ब्लॉक और तहसील मुख्यालय तथा प्रमुख कस्बों को जोड़ने वाली सड़क है। जबकि 12 सड़कों का पुर्ननिर्माण भी किया जाना है। इसकी लंबाई 21 .97 किमी और लागत 7 .47 करोड़ है।

**चौड़ीकरण में शामिल हैं 21 सड़कें :** जिले की 21 प्रमुख सड़कों को चौड़ीकरण योजना में शामिल किया गया है। इसमें जनपद मुख्यालय से जुड़ी बस्ती-कांटे मार्ग को आठ किमी तक 14 मीटर जबकि शेष 12 किमी लंबाई में यह सड़क 10 मीटर चौड़ी की जानी है। इसी तरह बस्ती- डुमरियागंज मार्ग की चौड़ाई सात मीटर से बढ़ाकर 12 मीटर की जानी है। जिले की सीमा 34 किमी लंबाई में इस सड़क को तैयार करने में डेढ़ सौ करोड़ का एस्टीमेट भी तैयार हो गया है। इसी तरह गोटवा- चिलमा मार्ग को भी 5 .5 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र की 17 अन्य सड़कें भी चौड़ीकरण के लिए शामिल हैं। जबकि धर्मार्थ कार्य योजना में 33 किमी लंबी चार सड़क शामिल है। 92 .43 करोड़ की लागत से यह सड़कें बनाई जाएंगी।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए शिक्षकों ने ली शपथ

संवाददाता, सेमरियावां, संतकबीरनगर


विद्यालयों को निपुण बनाने का संकल्प लेते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर सेमरियावां ब्लाक के सभी 12 न्याय पंचायतों में शिक्षक संकुल और शिक्षकों की बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुई। न्याय पंचायत सेमरियावां के शिक्षकों की बैठक जूनियर हाईस्कूल सेमरियावां के कक्षा कक्ष में सम्पन्न हुई। इस बैठक में निपुण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए शिक्षकों ने शपथ लिया कि न्याय पंचायत और ब्लॉक के सभी विद्यालयों को निपुण बनाएंगे।

खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देश पर सेमरियावां, बाघनगर, उशरा शहीद, कान पारा, दुधारा, परसा, तिलजा, बजहरा, सालेहपुर, पैली, उमिला, बूधाबांध के संकुल शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन डीसीएफ भी भरे गए। इस मासिक बैठक में विज्ञान किट, गणित किट, प्रिंट रिच मैटीरियल, शिक्षक संदर्शिका, निपुण तालिका, अभ्यास पुस्तिका, नैट की तैयारी, उपचारात्मक शिक्षण, राष्ट्रीय अविष्कार अभियान, दीक्षा ऐप के उपयोग आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। नोडल शिक्षक जफीर अली ने फाइव प्वाइंट टूल किट के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक विद्यालय में टीम भावना से शिक्षण कार्य करें। अपने अपने विद्यालय को निपुण बनाने का संकल्प लें। इस बैठक में मुबारक हुसैन, इम्तियाज अहमद, शिवचरण गुप्ता, शमां अजीज खान, नबील्लाह, ज्ञान चंद, नुजहत बतूल, रजिया खातून, रेहाना खातून, जबीहुन्निसा, आमिना खातून आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# एक ही रात में 8 घरों में चोरी

**कुशीनगर। अमृत विचारः** जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के पटेरा बुजुर्ग गांव में सोमवार रात्रि को अज्ञात चोरों ने आठ घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना में मोबाइल, जेवर सहित विभिन्न समान चोरों ने हाथ साफ किया है। पीड़ित मंहथ कुशवाहा, मीन अंसारी, शाहरूख, रामकिशुन यादव, झमन अंसारी, नसरूदीन, खेलावन कुशवाहा, बंस गोपाल, गनेश आदि ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह को इसकी सूचना 112 नंबर पुलिस को दिया तो पुलिस मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। नाराज गांव के जितेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में मंहथ कुशवाहा, पप्पू अंसारी, समसेर, मुस्तफा आदि गांव के लोगों ने प्रदर्शन किया।

# सभी थानों को मिले कम्प्यूटर समेत अत्याधुनिक उपकरण


विभिन्न थानों को आवश्यक उपकरण वितरित करते अपर पुलिस अधीक्षक।

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाईन में जनपद के सभी थानों और कार्यालयों को कम्प्यूटर और दैनिक उपयोग के सामानों का वितरण किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कम्प्यूटर, यूपीएस, आयल समेत दैनिक उपयोग और कार्यालय के उपयोग सम्बन्धी सामग्रियों का वितरण करते हुए मातहतों को अपराध नियंत्रण पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और जनता को त्वरित न्याय मिलता है तो आम जनता में पुलिस की बेहतर छवि बनती है। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा सहित विभिन्न थानों और कार्यालयों के जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### हर मण्डल में 100 सक्रिय सदस्य बनाएगी भाजपा

**संकबीरनगर, अमृत विचार।** भाजपा कार्यालय पर मंगलवार को सक्रिय सदस्यता अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई। सत्यापन अधिकारी कृष्णा नंद राय ने कहा की सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से सदस्यता अभियान बहुत तेजी से बढ़ा है। हमारे पास सक्रियता सदस्यता अभियान को पूरा करने के लिए काफी समय है। इस अभियान में और तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पंचायत चुनाव होने हैं। इसलिए हर ग्राम सभाओं में जाकर अधिक से अधिक संख्या मे सदस्य बनाने का काम करना है। हर मंडल मे कम से कम 100 सक्रिय सदस्य बनाए जाने हैं। जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम ने कहा कि यह कार्यशाला हमारे संगठन के विस्तार की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। जिलाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि जिले के सभी जन प्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अथक परिश्रम करके पहले चरण का लक्ष्य पूरा कर लिया है। कार्यशाला का संचालन महामंत्री गणेश पांडेय ने किया। कार्यशाला मे पूर्व जिलाध्यक्ष सेतबान राय, अनिरुद्ध निषाद, मुरली मनोहर चौरसिया, डॉ. सत्यपाल पाल, सुनीता अग्रहरि, ज्ञानेंद्र मिश्र, हैप्पी राय, उर्मिला त्रिपाठी, बागी यादव, भगवानदास, रामनैन शर्मा, मीडिया प्रभारी ब्रह्मानंद पांडेय, अशोक कुमार उर्फ साधू यादव, संतलाल मौर्य, शत्रुघ्न, कन्हैया वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### कृषि भवन सभागार में महिला किसान दिवस का आयोजन

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** उप कृषि निदेशक डॉ. राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार यादव की अध्यक्षता में किसान कल्याण केन्द्र कृषि भवन सभागार में महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने मौजूद अधिकारियों, प्रतिनिधियों और महिला कृषकों का स्वागत करते हुए विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया। यंत्रीकरण योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य, टोकन और लॉटरी की विस्तृत जानकारी देते हुए पराली पराली न जलाने का अनुरोध कराते हुए उसके प्रबन्धन और डी-कम्पोजर की जानकारी दिया।

### नगरपालिका ईओ ने तीन दिनों में मांगी रिपोर्ट

**संवाददाता, संतकबीरनगर, अमृत विचार :** नगरपालिका क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को अपने पालतू कुत्तों और गाय भैंस की जानकारी नगरपालिका को देनी होगी। दुधारू पशुओं की गणना के साथ ही उन्हें टीके लगे हैं या नहीं इस बात की भी जानकारी जुटाई जा रही है। इसके अलावा पालतू कुत्तों की नस्ल और उन्हें एंटी रैबीज इंजेक्शन लगे हैं या नहीं इसकी सूची तैयार कराने का काम शुरू करा दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए नगरपालिका ईओ अवधेश कुमार भारती ने बताया कि लोग अच्छी नस्ल के कुत्तों को तो इंजेक्शन लगवा देते हैं लेकिन देशी नस्ल के कुत्तों को इंजेक्शन लगवाने में लापरवाही बरतते हैं। इसके अलावा सड़कों पर विचरण करने वाले पालतू पशुओं के मालिकों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई भी सम्भव हो जाएगी। एक सवाल के जवाब में ईओ अवधेश कुमार भारती ने कहा कि आवारा कुत्तों को पकड़ने की भी योजना तैयार कराई जा रही है। शीघ्र ही शहर की सड़कों पर विचरण करने वाले कुत्तों और मवेशियों को पकड़ कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया जाएगा।

### प्रभु श्रीराम के प्रति अभद्र टिप्पणी को लेकर आक्रोश

**संवाददाता, कुशीनगर। अमृत विचार :** कुशीनगर के बिशनपुर थाना क्षेत्र में विशेष समुदाय के दो लोगों द्वारा सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर भगवान राम के प्रति अभद्र टिप्पणी के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। मामले में 19 वर्षीय सलमान अंसारी पुत्र मुन्ना अंसारी व 45 वर्षीय मुन्ना उर्फ मुस्ताक अंसारी द्वारा किए गए अभद्र टिप्पणी का मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोग नाराजगी जताते हुए मौके पर पहुंचे। मामले की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक बिशुनपुरा मय फोर्स मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया बुझाया व जांच पड़ताल में लगे रहे। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज, प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज की फोर्स भी मौके पर पहुंची। घटना के संबंध में हिंदूवादी नेता राजन जायसवाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुअसं 405/24 धारा 196, 352,351(2) बीएनएस व धारा 66,66एफ आईटी एक्ट में सलमान अंसारी पुत्र मुन्ना उर्फ मुस्ताक अंसारी व मुन्ना उर्फ मुस्ताक अंसारी उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र अलाउद्दीन निवासी वार्ड नंबर 8 नगर पंचायत दुदही थाना बिशनपुर जनपद कुशीनगर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही में जुट गई।

### शोक सभा आयोजित कर दिवंगत प्राचार्य को किया गया याद


दिवंगत प्राचार्य के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रबंध निदेशक और शिक्षक।

**संवाददाता, संतकबीरनगर, अमृत विचार :** पं अंबिका प्रताप नारायण पीजी कॉलेज डुमरी में मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सूर्या ग्रुप के चेयरमैन डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी के साथ ही विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने एपीएन महिला डिग्री कॉलेज के दिवंगत प्राचार्य डॉ. शिवेंद्र बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए संस्थान के चेयरमैन डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि दिवंगत प्राचार्य डॉ. शिवेंद्र बहादुर सिंह का संस्थान से लगभग दो दशकों से भी पुराना रिश्ता रहा है। परिवार के जिम्मेदार सदस्य के रूप में उन्होंने संस्थान को अपने खून पसीने से अभिसिंचित किया। उन्होंने कहा कि सिंह एक अनुशासन प्रिय शिक्षक के साथ ही शानदार व्यक्तित्व के स्वामी थे। उनके आकस्मिक निधन से संस्थान के साथ ही उन्हें व्यक्तिगत क्षति हुई है। डॉ. चतुर्वेदी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए परिवार को इस अपार कष्ट को सहने की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रविंद्र यादव समेत संस्थान के तमाम शिक्षकों ने दिवंगत प्राचार्य की सरलता और विद्वता को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान प्राचार्य राकेश श्रीवास्तव, डीएन पांडेय, पवन यादव, आनंद ओझा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### कोटेदारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, कुशीनगर। अमृत विचार :** कोटेदारों ने मंगलवार को अपने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से सम्बोधित ज्ञापन हाटा उपजिलाधिकारी प्रभाकर सिंह को सौपा ।ज्ञापन में कोटेदारों ने कहा है कि प्रदेश के कोटेदारों का खाद्यान्न एवं चीनी का लाभांश बढ़ाने व मानदेय दिए जाने सहित अन्य मांगें शामिल हैं ।इस दौरान अखिलेश्वर नाथ यादव, सुरेन्द्र चौहान, श्रीराम सिंह, रामेश्वर मणि त्रिपाठी, कमलेश सिंह, ओमप्रकाश राव, सहित अन्य मौजूद रहे।

### किसान दिवस का आयोजन आज

संतकबीरनगर, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी ने बताया कि अक्टूबर माह के किसान दिवस का आयोजन आज जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में होगा। अपराह्न 1 बजे से आयोजित किसान दिवस में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

**प्रस्ताव** अभी तक केवल होल ब्लड (पीआरबीसी) ही संरक्षित करने की हैं व्यवस्था, महज 300 यूनिट क्षमता का ब्लड बैंक, डिमांड बढ़कर 400 यूनिट तक पहुंची

# सेपरेशन यूनिट बने तो हाईटेक हो जाए जिला अस्पताल का ब्लड बैंक

संवाददाता, बस्ती

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल में संचालित ब्लड बैंक को हाईटेक बनाने की कवायद छिड़ी तो है लेकिन, महकमें के उच्च पदस्थ अधिकारियों ने अभी रूचि नहीं ली है। यहीं वजह है कि इस ब्लड बैंक की न तो क्षमता बढ़ पाई और न ही यहां ब्लड कंपोनेंट प्लाज्मा, प्लेटलेट, क्रॉयोप्रेसीपिटेट तैयार करने की कोई व्यवस्था है। महज 300 यूनिट होल ब्लड (पीआरबीसी) ही संरक्षित करने का इंतजाम है। ऐसे में यदि ब्लड सेपरेशन यूनिट की स्थापना हो तो इस ब्लड बैंक की उपयोगिता बढ़ जाएगी।

ब्लड बैंक का दायरा बढ़ाने के लिए प्रस्ताव तैयार करके शासन में भेज दिया गया है। इसी के बाद मामला ठंडे बस्ते में है। शासन स्तर पर पैरवी न होने के कारण जिला अस्पताल का ब्लड बैंक उपेक्षित है। यहां महीने में औसतन साढे तीन सौ से चार यूनिट ब्लड की डिमांड हो गई है। जबकि इस ब्लड बैंक की क्षमता केवल तीन सौ यूनिट की है। डेढ़- डेढ़ सौ यूनिट क्षमता के दो फ्रीजर ही अभी तक उपलब्ध हो सकें हैं। इसमें केवल होल ब्लड यानी शरीर से निकाला गया लाल रक्त (पीआरबीसी) ही रखने की व्यवस्था है। इस क्षमता के अनुसार ही अनुदान में ब्लड भी यहां लिया जाता है। इससे अधिक मात्रा में ब्लड यदि मिल रहा है तो क्षमता न होने के कारण मेडिकल कॉलेज के ओपेक चिकित्सालय कैली को स्थानांतरित कर दिया जा रहा है। ब्लड बैंक का दायरा बढ़ाने के लिए कैली की तर्ज पर यहां भी ब्लड सेपरेशन यूनिट की मांग बढ़ गई है। इसमें ब्लड को कंपोनेंट में तब्दील करने की व्यवस्था रहती है। इसके लिए सेपरेशन मशीन एवं अन्य संयत्रों की जरूरत होती है। ब्लड बैंक की ओर से इस व्यवस्था के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

### पिछले महीने बढ़ गई थी प्लेटलेट की डिमांड

जिले में पिछले महीने डेंगू का प्रकोप बढ़ने के साथ प्लेटलेट की डिमांड बढ़ गई थी। जिला अस्पताल ऐसे मरीजों को कैली में रेफर कर रहा था। वहीं कैली में प्लेटलेट नहीं मिल पा रहा था। विवश होकर लोग बाहर से महंगे दर पर इसकी खरीदारी कर रहे थे।

> ब्लड बैंक में सेपरेशन यूनिट की स्थापना के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। अभी कोई निर्णय नहीं आया है। 300 यूनिट होल ब्लड रखने की व्यवस्था यहां फिलहाल है। आवश्यकता के अनुसार मरीजों को यह उपलब्ध कराया जाता है।
>
> -डॉ. दीपक श्रीवास्तव, प्रभारी, ब्लड बैंक, जिला अस्पताल।

### जिले में केवल दो ब्लड बैंक

सरकारी चिकित्सीय व्यवस्था में केवल दो ब्लड बैंक संचालित है। जिला अस्पताल में साधारण ब्लड बैंक और दूसरा ओपेक चिकित्सालय कैली में सेपरेशन यूनिट से लैस ब्लड बैंक है। जबकि रेड ब्लड और उसके कंपोनेंट की डिमांड ज्यादा है। कंपोनेंट में प्लेटलेट, प्लाज्मा और क्रॉयोप्रेसीपिटेट केवल कैली में मिलता है। डिमांड के अनुसार इसकी उपलब्धता अक्सर कम रहती है। यदि जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में कंपोनेंट तैयार होने की व्यवस्था बन जाए तो काफी हद तक समस्या खत्म हो सकती है।

### क्या हैं ब्लड सेपरेशन यूनिट

ब्लड सेपरेशन यूनिट में सेपरेटर मशीन के जरिये लाल रक्त को मथा जाता है। इससे ब्लड में शामिल प्लेटलेट, एफएफपी (फ्रेश फ्रोजेन प्लाज्मा), क्रॉयोप्रेसीपिटेट कंपोनेंट अलग करके संरक्षित कर लिए जाते हैं। डिमांड के अनुसार मरीजों को यह कंपोनेंट मुहैया कराया जाता है। इससे ब्लड बैंक की उपयोगिता बढ़ जाती है। आसपास के जनपदों में भी कंपोनेंट की डिमांड पूरी की जाती है। जिसे ब्लड बैंक में यह यूनिट नहीं है वहां सिर्फ पीआरबीसी यानी लाल रक्त ही संरक्षित किया जाता है।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 78,200 |
| सोना रवा | 78,050 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 93,100 |
| चांदी (999) | 93,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 4.5% रहने का अनुमान : डिप्टी गवर्नर

### रिजर्व बैंक के 90वें वर्ष पर हुए सम्मेलन को देबब्रत पात्रा ने किया संबोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने कहा है कि खुदरा मुद्रास्फीति 2024-25 में औसतन 4.5% रहने और 2025-26 में लक्ष्य के अनुरूप होने का अनुमान है। सरकार ने रिजर्व बैंक को यह निर्देश दिया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 2% की घट-बढ़ के साथ 4% पर रहे। तीन महीनों में यह 6% से नीचे रही है।

पात्रा ने कहा कि 2025-26 में स्थायी रूप से लक्ष्य के अनुरूप रहने से पहले 2024-25 में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 4.5 प्रतिशत के करीब रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित उच्च स्तरीय सम्मेलन में पात्रा ने कहा कि खाद्य और ईंधन की कीमतों में बार-बार उतार चढ़ाव ने मौद्रिक नीति के संचालन को चुनौती दी है। पात्रा ने कहा कि भारत में मूल्य स्थिरता एक साझा जिम्मेदारी है, जिसके तहत सरकार लक्ष्य तय करती है और केंद्रीय बैंक इसे हासिल करता है। उन्होंने कहा कि इससे वित्तीय स्थिरता, राजकोषीय मजबूती या वृद्धि के लिए जोखिम पैदा किए बिना मौद्रिक-राजकोषीय समन्वय की अनुमति मिलती है।



- **सरकार ने 4% रखने का दिया था निर्देश, तीन महीनों में 6% से रही है नीचे**
- **खाद्य और ईंधन की कीमतों में बार-बार उतार चढ़ाव ने मौद्रिक नीति के संचालन को दी चुनौती**

### मौद्रिक नीति को लेकर आएंगी और भी चुनौतियां

पात्रा ने कहा कि आने वाले वर्षों में, मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप रखने पर आधारित मौद्रिक नीति को लेकर और भी बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। केंद्रीय बैंकों के समक्ष जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न समस्याओं को लेकर चुनौतियां हैं। इससे खाद्यान्न और ऊर्जा की कमी और उत्पादक क्षमता में गिरावट जैसे आपूर्ति झटके की आशंका है।

# जीटीटी : शेयर बाजार में एक स्मार्ट ट्रेडिंग रणनीति

शेयर बाजार में गुड टिल टाइड (जीटीटी) आदेश एक प्रभावी ट्रेडिंग उपकरण है, जो निवेशकों को अपने आदेशों को लंबी अवधि तक सक्रिय रखने की अनुमति देता है। यह आदेश तब तक लागू रहता है जब तक कि वह पूरी नहीं हो जाता या मैन्युअल रूप से रद्द नहीं किया जाता। जीटीटी की मदद से निवेशक बाजार की गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं, बिना बार-बार अपने ऑर्डर को अपडेट किए। हालांकि, इसके साथ जुड़े जोखिमों को समझना जरूरी है, ताकि आप अपने निवेश निर्णयों को सही ढंग से ले सकें। आइए इसे जानें...



### कैसे काम करता है

- **ऑर्डर देना :** आप जीटीटी आदेश देकर इच्छित कीमत और मात्रा तय करते हैं। यदि आप किसी स्टॉक को 500 पर खरीदना चाहते हैं, तो जीटीटी आदेश सेट कर सकते हैं।
- **सक्रिय रहना :** यह आदेश तब तक सक्रिय रहता है जब तक, वह ट्रिगर प्राइस पर नहीं पहुंचता और पूरा नहीं होता। आप इसे मैन्युअल रूप से रद नहीं करते।
- **पूरा होना :** जब स्टॉक की कीमत आपके सेट किए गए मूल्य तक पहुंचती है, तब जीटीटी आदेश सक्रिय हो जाता है और ऑर्डर पूरा होता है।

### निवेशकों को लाभ

- **लचीलापन :** जीटीटी ऑर्डर को लंबे समय तक बनाए रखने की सुविधा देता है, जिससे वे बाजार की उतार-चढ़ाव का फायदा उठा सकते हैं।
- **सुविधा :** बार-बार अपने ऑर्डर को चेक करने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे समय की बचत होती है।
- **शांति :** निवेशक बिना तनाव के अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, क्योंकि ऑर्डर अपने आप सक्रिय होता है।

### जीटीटी के प्रकार

जीटीटी लिमिट ऑर्डर के साथ उपयोग होता है, जिसमें आप एक निश्चित कीमत पर खरीदने या बेचने का आदेश देते हैं।

### जोखिम

- **बाजार में तेजी :** यदि स्टॉक की कीमत बढ़ती है और आप जीटीटी सेट करते हैं, तो लाभ से वंचित हो सकते हैं।
- **खराब प्रदर्शन :** यदि स्टॉक की कीमत लगातार घटती है, तो आप नुकसान में भी जा सकते हैं, खासकर अगर आपने एक उच्च ट्रिगर प्राइस सेट किया हो।
- **मैन्युअल रदीकरण :** कभी-कभी, निवेशक अपने ऑर्डर को मैन्युअल रूप से रद्द करना भूल सकते हैं, जिससे अवांछित खरीद या बिक्री हो सकती है।

## रियल एस्टेट में इक्विटी निवेश 4 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी निवेश 4% घटकर 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। संपत्ति सलाहकार एनारॉक के अनुसार कार्यालय परिसंपत्तियों में कम निवेश के कारण कुल निवेश में कमी आई।

एनारॉक ने कहा कि इस वर्ष अप्रैल-सितंबर में सौदों की कुल संख्या घटकर 17 रह गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 24 थी। एनारॉक कैपिटल के प्रबंध निदेशक और सीईओ शोभित अग्रवाल ने कहा कि कार्यालय संपत्तियों में निजी इक्विटी निवेश मुख्य रूप से विदेशी निवेशक करते हैं।

# 6जी क्रांति के नेतृत्व को भारत तैयार : सिंधिया

**दिल्ली, एजेंसी**

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि भारत 6जी के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश के दूरसंचार क्षेत्र को तेजी से आगे बढ़ने वाला और महत्वाकांक्षी करार दिया। इंडिया मोबाइल कांग्रेस और विश्व दूरसंचार मानकीकरण (डब्ल्यूटीएसए) 2024 के उद्घाटन पर सिंधिया ने कहा कि यह हमारा विश्वास और हमारी प्रतिबद्धता है भारत ने 4जी में दुनिया का अनुसरण किया, हम 5जी में दुनिया के साथ आगे बढ़े, लेकिन हम 6जी में दुनिया का नेतृत्व करेंगे।

सिंधिया ने कहा कि भारत में सबसे तेजी से 5जी सेवाएं शुरू कीं। केवल 21 महीने के अंतराल में 98% जिलों और 90% गांवों तक इसे पहुंचाया गया। प्रधानमंत्री मोदी का न केवल 6जी प्रौद्योगिकी को अपनाने का बल्कि देश को अग्रणी बनाने का लक्ष्य है। सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार अधिनियम 2023 में हाल में किए बदलाव की रूपरेखा इस आधार पर तैयार की गई कि भारत के दूरसंचार ढांचे का आधुनिकीकरण हो सके, उपग्रह संचार के उच्च क्षमता वाले क्षेत्र जैसे अनसुलझे क्षेत्रों पर प्रकाश डाला जा सके, डिजिटल युग की चुनौतियों का समाधान किया जा सके, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा है।



- **इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में संचार मंत्री बोले- 21 महीने में 98% जिलों और 90% गांवों तक पहुंचाया 5 जी**

### गोयल ने कहा, टेल्को से टेक्नो की तरफ बढ़ाएं कदम

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत में उच्च गुणवत्ता वाली दूरसंचार सेवाओं और उपकरणों के साथ दुनिया का प्रौद्योगिकी प्रदाता बनने की काफी संभावनाएं हैं। गोयल ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 सम्मेलन में कहा कि आइए, हम टेल्को (दूरसंचार कंपनी) से टेक्नो (प्रौद्योगिकी) की तरफ कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि 4जी सेवाओं की शुरुआत के मामले में भारत थोड़ा पीछे था लेकिन 5जी सेवाओं के मामले में देश समानांतर रूप से इसकी पेशकश कर रहा है।

# 5 वर्षों में 5 लाख नौकरियां टाटा समूह करेगा सृजित : चंद्रशेखरन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह पांच साल में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में विनिर्माण क्षेत्र में पांच लाख नौकरियों का सृजन करेगा। भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन फाउंडेशन (आईएफक्यूएम) द्वारा आयोजित संगोष्ठी में टाटा संस के चेयरमैन ने कहा कि भारत विकास की नीति के बिना विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर में हमारे (टाटा समूह के) निवेश, प्रीसीजन मैन्यूफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में हमारे निवेश के बीच मुझे लगता है कि हम अगले पांच वर्षों में पांच लाख विनिर्माण नौकरियों का सृजन करेंगे। असम में समूह के सेमीकंडक्टर संयंत्र तथा इलेक्ट्रिक वाहनों व बैटरी के लिए अन्य नई विनिर्माण इकाइयों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हम कई संयंत्र स्थापित कर रहे हैं।



- **टाटा संस के चेयरमैन ने कहा- विकास नीति के बिना विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है**

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### सत्येंद्र जैन की जमानत पर फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की विशेष अदालत ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में कथित रूप से शामिल दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रथम लिंक विशेष न्यायाधीश कावेरी बानेगा ने दलीलें पूरी होने के बाद मामले को 18 अक्टूबर को आदेश सुनाने के लिए स्थगित कर दिया। जैन के वकील ने पहले अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया कि गवाहों को प्रभावित करने की कोई आशंका नहीं है, और अगर अदालत ने उन्हें नियमित जमानत दी तो भागने का भी कोई खतरा नहीं है।

### इंडिगो की इमरजेंसी लैंडिंग, 70 यात्री सुरक्षित

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर मंगलवार अपराह्न एक बजे इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में सवार सभी 70 यात्री सुरक्षित हैं। यह फ्लाइट एक बजे जगदलपुर से रायपुर के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान के 12 मिनट बाद ही खिड़की टूटने से आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए फ्लाइट को एयरपोर्ट पर उतार लिया।

### जयपुर में ट्रक ने चार लोगों को रौंदा, मौत

**जयपुर।** जयपुर के मुरलीपुरा इलाके में ट्रक ने सड़क किनारे खड़े चार लोगों को कुचल दिया, जिससे सभी की मौत हो गई। दुर्घटना पुलिस थाना (पश्चिम) के थानाधिकारी जयदेव सिंह ने बताया कि यह हादसा सोमवार देर रात हुआ जब चार लोग काम के बाद घर जाने के लिए मुरलीपुरा इलाके में 200 फुट बाईपास पर खड़े थे तभी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतकों में लालचंद बुनकर, जगदीश प्रसाद गुर्जर, शंकर लाल गुर्जर शामिल हैं ये सभी चंदवाजी इलाके के रहने वाले थे। चौथे मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

### 104 किलो पटाखे के साथ दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 104 किलोग्राम पटाखे जब्त किए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को बाहरी दिल्ली के सुल्तान पुरी इलाके में व्यक्ति द्वारा खाद्य पदार्थों में पटाखे छिपाकर ले जाने की सूचना मिली थी। टीम ने एक बाइक को रोका और चालक मोहम्मद आकिब को पकड़ लिया। उन्होंने बाइक पर रखे प्लास्टिक के बैग की जांच की और खाद्य पदार्थों में छिपा कर रखे पटाखे बरामद किए।

# सभ्यता के इतिहास से समझ होगी विकसित

### गुजरात में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने के निर्णय का मोदी ने किया स्वागत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने के उनकी सरकार के फैसले का उद्देश्य सभ्यता के इतिहास के बारे में लोगों की समझ विकसित करना है। उन्होंने पेशेवरों के सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर आइए, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करें शीर्षक से पोस्ट में कहा कि नई परियोजना निश्चित रूप से इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के बीच समान रूप से उत्साह बढ़ाएगी।

मोदी ने कहा कि इस तरह के प्रयास से पर्यटन अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, जिसे वह भारत में विकास के एक प्रमुख ताकत के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जब पर्यटन बढ़ता है तो आय बढ़ती है। मैं आप सभी अग्रणी और सम्मानित पेशेवरों से आग्रह करता हूं कि आप पर्यटन क्षेत्र में नए अवसरों का पता लगाएं और इस पर अपने विचार मेरे साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि इस तरह, हम एक मजबूत अर्थव्यवस्था में योगदान देंगे और साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने समृद्ध अतीत को संरक्षित करेंगे। यह परिसर प्राचीन लोथल को डॉक शहर की मिनी प्रतिकृति के रूप में फिर से जीवंत करेगा। मोदी ने कहा कि लोथल एक समय सभ्यताओं, विचारों और वस्तुओं का जीवंत समागम स्थल था और खुदाई से इसकी भूमिका एक महत्वपूर्ण समुद्री केंद्र के रूप में दिखती है।



- **आइए, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करें शीर्षक प्रधानमंत्री ने सोशल मंच पर किया पोस्ट**

### 10 वर्षों में देखा गया बदलाव

मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में इस प्रवृत्ति में बदलाव देखा गया है। इसी भावना के साथ उनकी सरकार ने एक जीवंत राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे सभ्यता के इतिहास की हमारी समझ विकसित होगी। परिसर प्राचीन लोथल को डॉक सिटी की मिनी-प्रतिकृति के रूप में जीवन में वापस लाएगा। इस परिसर के केंद्र में प्रतिष्ठित लाइटहाउस संग्रहालय खड़ा होगा, जो 77 मीटर ऊंचा है और यह दुनिया में अपनी तरह का सबसे ऊंचा होगा। लोथल अहमदाबाद जिले के धोलका तालुका में आता है और यह एनएच 47 तथा राज्य राजमार्ग 8 के निकट है, जो अहमदाबाद, भावनगर तथा राजकोट जैसे शहरी केंद्रों को उत्कृष्ट सड़क संपर्क देता है। यह अहमदाबाद-भावनगर रेलवे लाइन पर लोथल-भुरखी रेलवे स्टेशन से छह किमी दक्षिण-पूर्व में है। यह पुरातात्विक स्थल तीन गांवों से घिरा है : सरगवाला, उतेलिया और गुंडी, जहां कृषि मुख्य व्यवसाय है।

## मुफ्त सौगातों पर केंद्र और निर्वाचन आयोग से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** चुनावों के दौरान मुफ्त सौगातों का वादा करने के चलन के खिलाफ नई याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने केंद्र तथा निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने बेंगलुरु निवासी शशांक जे. श्रीधारा की याचिका पर केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किए। वकील श्रीनिवास द्वारा दायर याचिका में आयोग को राजनीतिक दलों को चुनाव से पहले मुफ्त सौगातें देने के वादे से रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के वादे सरकारी राजकोष पर बड़ा और बेहिसाबी वित्तीय बोझ डालते हैं।

# ध्यान भटकाने पर नहीं, जनता बुनियादी मुद्दों पर करेगी वोट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महंगाई के मुद्दे पर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता को भुखमरी में विश्वगुरु बना दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा के बाद यह भी कहा कि चुनावों में ध्यान भटकाने की राजनीति नहीं चलेगी क्योंकि जनता बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी।

खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि महंगाई का आलम ये है कि खाद्य सुरक्षा में गरीबों को राशन का प्रावधान होने के बावजूद मोदी ने देश की जनता को भुखमरी में विश्वगुरु बना दिया है! वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 105वें स्थान पर आ गया है। सितंबर महीने में रीटेल महंगाई बढ़कर 5.49 प्रतिशत पर पहुंची है, जो 9 महीने के उच्चतम स्तर पर है। अगस्त में ये 3.65 प्रतिशत पर थी। उन्होंने कहा कि मोदी ने पिछले साढ़े 10 सालों में साढ़े 10 सेकंड भी भाजपाई महंगाई की लूट में कमी नहीं की है। ध्यान भटकाने की राजनीति अब नहीं चलेगी, जनता बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी।



- **कांग्रेस अध्यक्ष ने महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा**

# पूर्व सीजेआई गोगोई के खिलाफ आरोपों से शीर्ष अदालत नाखुश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक याचिकाकर्ता की ओर से भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) रंजन गोगोई पर लगाए गए आरोपों से अप्रसन्न उच्चतम न्यायालय ने उसकी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी और सुरक्षा कर्मियों को उसे अदालत कक्ष से बाहर ले जाने का आदेश दिया। अरुण रामचंद्र हुबलीकर ने शीर्ष अदालत में सेवा से अपनी अवैध बर्खास्तगी के खिलाफ याचिका दायर की और सेवा विवाद में अतीत में दाखिल अर्जी को खारिज करने के लिए पूर्व प्रधान न्यायाधीश गोगोई के खिलाफ आंतरिक जांच कराने का अनुरोध किया।

आरोपों से नाराज न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीष चंद्र शर्मा की पीठ ने सुरक्षा कर्मियों से हुबलीकर को अदालत कक्ष से बाहर ले जाने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 30 सितंबर को पूर्व सीजेआई के खिलाफ जांच के अनुरोध वाली याचिका पर कड़ी आपत्ति जताई थी और याचिकाकर्ता से पक्षकारों की सूची से न्यायाधीश का नाम हटाने को कहा था।



- **याचिका खारिज कर याचिकाकर्ता को कक्ष से बाहर ले जाने का दिया आदेश**

## महाराष्ट्र को पटरी पर लाने तक रुकेगा नहीं यह बूढ़ा : शरद

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि वह महाराष्ट्र को सही रास्ते पर लाने तक आराम से नहीं बैठेंगे चाहे वह कितने ही बूढ़े क्यों न हो जाएं। पवार ने महाराष्ट्र में सातारा जिले के फलटण में कहा कि चाहे 84 वर्ष का हो जाऊं या 90, यह बूढ़ा नहीं रुकेगा। वह राकांपा नेता रामराजे नाइक निंबालकर के भाई संजीव राजे नाइक निंबालकर और फलटण के विधायक दीपक चह्वाण को राकांपा में शामिल करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

# मामले की जांच गंभीरता से जारी : सीबीआई

**आरजी कर मामला**

- **शीर्ष अदालत से कहा- एजेंसी घटना में अन्य लोगों की भूमिका की कर रही जांच**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीबीआई ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी की जांच अत्यंत गंभीरता से जारी है। सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष अपनी पांचवीं वस्तु-स्थिति रिपोर्ट पेश की।

मेहता ने पीठ से कहा कि आरोपी संजय रॉय के खिलाफ सात अक्टूबर को आरोपपत्र दायर हुआ था और सियालदह अदालत ने संज्ञान लिया है। पीठ ने कहा कि सीबीआई रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि एजेंसी जांच के हिस्से के रूप में अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर रही है। सीबीआई से तीन सप्ताह में एक और वस्तु-स्थिति रिपोर्ट मांगी गई है। चिकित्सा की सुरक्षा पर सिफारिश को गठित राष्ट्रीय कार्यबल के मुद्दे पर पीठ ने कहा कि सितंबर के पहले सप्ताह से इसकी कोई बैठक नहीं हुई है।

### दुर्गा पूजा कार्निवल स्थल के पास लगी निषेधाज्ञा रद



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को रेड रोड पर होने वाले दुर्गा पूजा कार्निवल स्थल के आस-पास लागू निषेधाज्ञा को रद कर दिया। निषेधाज्ञा रेड रोड के पास कुछ सड़कों और इलाकों पर लागू थे, जहां मंगलवार शाम राज्य सरकार द्वारा पूजा कार्निवल होना है। आरजी कर की घटना को लेकर आंदोलन कर रहे चिकित्सकों ने मध्य कोलकाता में रानी रश्मोनी रोड के पास द्रोह कार्निवल का आह्वान किया है। निषेधाज्ञा को चुनौती देने वाली चिकित्सकों की अर्जी पर न्यायमूर्ति रवि कृष्ण कपूर ने राज्य सरकार द्वारा लागू प्रतिबंध को खारिज कर दिया। बंगाल सरकार 2016 से दुर्गा पूजा कार्निवल आयोजित कर रही है।

## केरल में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अपने सरकारी आवास में मिले मृत

**कन्नूर (केरल)।** उत्तरी केरल के कन्नूर जिले में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) नवीन बाबू मंगलवार को पल्लीकुन्नू में अपने सरकारी आवास पर मृत मिले। इससे एक दिन पहले ही कन्नूर के जिलाधिकारी समेत एडीएम के अन्य सहकर्मियों ने उन्हें स्थानांतरण के बाद विदाई दी थी। पुलिस ने बताया कि नवीन को एक दिन पहले ही अपने गृह जनपद पथनमथिट्टा में एडीएम का पदभार संभालने के लिए जाना था, लेकिन मंगलवार सुबह उनका शव उनके सरकारी आवास पर फंदे से लटका हुआ मिला। उनके विदाई समारोह में बगैर निमंत्रण पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष पीपी दिव्या ने एडीएम पर गलत कार्य करने का आरोप लगाया गया था।

- **एक दिन पहले सहकर्मियों ने उन्हें स्थानांतरण पर दी थी विदाई**

# मणिपुर : मेइती, कुकी, नगा समुदाय के विधायकों ने दिल्ली में की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मणिपुर में 17 महीने पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद शांति बहाली के प्रयास के तहत मेइती, कुकी और नगा समुदायों से विधायकों ने मंगलवार को बैठक की। यह बैठक गृह मंत्रालय ने संघर्ष का समाधान करने के प्रयास के तहत बुलाई गई थी।

बैठक में मेइती से विस अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह और विधायक थोंगम बसंतकुमार सिंह एवं तोंगब्राम रबिन्द्रो तथा कुकी से लेतपाओ हाओकिप व नेमचा किपगेन (दोनों राज्य मंत्री)व नगा से विधायक राम मुइवा, अवांगबो न्यूमई और एल. दिखो शामिल हुए। गृह मंत्रालय के वार्ताकार एके मिश्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह एवं मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह शामिल नहीं हुए।

- **गृह मंत्रालय ने संघर्ष का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने को बुलाई बैठक**
- **गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह नहीं हुए शामिल**

## पंजाब में पंचायत चुनावों पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में चल रहे ग्राम पंचायत चुनावों पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार करते हुए कहा कि मतदान के दिन (15 अक्टूबर) चुनाव पर रोक लगाने से अराजकता पैदा हो जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पार्दीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनाव रोकने से संबंधित कोई अंतरिम आदेश पारित कराने से इनकार किया, लेकिन पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया गया था।

- **कोर्ट ने कहा- मतदान के दिन चुनाव पर रोक से पैदा हो सकती है अराजकता**

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई पुलिस ने राकांपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आरोपी की पहचान हरीशकुमार बालकराम (23) के रूप में हुई है जो उत्तर प्रदेश के बहराइच का रहने वाला है। बालकराम महाराष्ट्र के पुणे में कबाड़ विक्रेता था। आरोपी भी सिद्दीकी की हत्या की साजिश में शामिल है। उसे बहराइच से पकड़ा गया। साथ ही सिद्दीकी की हत्या के सिलसिले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने पहले कथित शूटर हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह, उत्तर प्रदेश के धर्मराज राजेश कश्यप और सह-साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर को पुणे से गिरफ्तार किया था। बहराइच निवासी एक अन्य संदिग्ध शूटर शिवकुमार गौतम फरार है।

- **उप्र के बहराइच का है बालकराम संदिग्ध शूटर गौतम अब भी फरार**

# लक्ष्य, मालविका डेनमार्क ओपन के पहले दौर में बाहर

**ओडेन्से, एजेंसी**



- चीन के लू गुआंग जू के खिलाफ सेन ने खेला कड़ा मुकाबला
- रितुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों की जोड़ी को भी मिली हार

भारत के लक्ष्य सेन को चीन के लू गुआंग जू के खिलाफ कड़ा संघर्ष करने के बावजूद मंगलवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर होना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप (2021) के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य शुरुआती गेम को आसानी से जीतने के बावजूद मैच को भुनाने में नाकाम रहे। चीन के खिलाड़ी से उन्हें 70 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12 19-21 14-21 से शिकस्त मिली।

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाला अल्मोड़ा का यह 22 वर्षीय खिलाड़ी पिछले सप्ताह फिनलैंड में आर्कटिक ओपन के दूसरे दौर में हार गया था। चीन ओपन में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली मालविका बंसोड भी यहां शुरुआती दौर की बाधा पार करने में विफल रही। उन्हें वियतनाम की एंगुयेन थुये लिन्ह ने महिला एकल मैच में 21-13 21-12 से हराया। रितुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों की जोड़ी को भी पहले दौर में चीनी ताइपे के चांग चिंग हुई और या चिंग तुन की जोड़ी ने महिला युगल में 21-18, 24-22 से हराया। पेरिस ओलंपिक के बाद अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे लक्ष्य और लू के बीच शुरुआती सेट में करीबी मुकाबला हुआ। दोनों के बीच स्कोर 8-8 की बराबरी पर था लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक हासिल कर ब्रेक तक अपनी बढ़त 11-8 कर ली।

उन्होंने इसके बाद लगातार सात अंक हासिल कर अपनी बढ़त को 20-11 किया और आसानी से इस गेम को जीत लिया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में 8-2 की बढ़त बनाकर अच्छी शुरुआत की। लू इस अंतर को 11-12 करने में सफल रहे। भारतीय खिलाड़ी ने एक बार फिर से वापसी करते हुए 16-11 की बढ़त हासिल की लेकिन लू ने इसके बाद दमदार खेल और धैर्य का परिचय दिया जिससे उन्हें फायदा हुआ। उन्होंने 19-18 की बढ़त बनायी और फिर स्कोर 19-19 से बराबर होने पर दो अंक के साथ मुकाबला जीत लिया। लू इस लय को निर्णायक गेम में जारी रखने में सफल रहे। उन्होंने लक्ष्य पर दबाव कायम रखते हुए छह मैच प्वाइंट हासिल कर जीत दर्ज कर ली।

# महिला टी-20 टीम ने नहीं किया कोई सुधार : मिताली

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- भारत की पूर्व कप्तान बोलीं- खराब क्षेत्ररक्षण और बीच के ओवरों रन न बना पाना ही मुश्किल का सबब

भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने मंगलवार को महिला टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पिछले तीन वर्षों में खेल के विभिन्न विभागों में सुधार करने में विफल रहने को जिम्मेदार ठहराया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में यह पहली बार है कि भारत आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा। इससे टीम का विश्व कप खिताब जीतने का इंतजार और बढ़ गया। कप्तान के रूप में उनके भविष्य पर गंभीर सवालिया निशान लग गए।

मिताली ने कहा इस टूर्नामेंट में हर दूसरी टीम ने सीमित गहराई के बावजूद विकास दिखाया है, इसका सबसे अच्छा उदाहरण दक्षिण अफ्रीका है। भारतीय बल्लेबाजों के लिए बीच के ओवरों में रन बनाना मुश्किल साबित हो रहा और टीम को यह भारी पड़ रहा है। भारतीय टीम की हार का दोष खराब क्षेत्ररक्षण पर भी मढा और कहा कि रोड्रिग्ज और राधा के अलावा सभी ने क्षेत्ररक्षण में निराश किया।

### भारतीय टीम की रणनीति कारगर नहीं

मिताली ने दुबई से पीटीआई से कहा कि टीम के पतन का कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की परिस्थितियों से जल्दी सामंजस्य बैठाने में विफल रहने के साथ बल्लेबाजी में स्पष्टता की कमी और खराब क्षेत्ररक्षण था। भारत की पूर्व कप्तान मिताली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार ने इस बात को साबित किया कि इस टीम ने पिछले तीन साल में कोई सुधार नहीं किया है। मैं अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की बात करूं तो यह जीतने लायक मैच था। हमारे पास मौके थे लेकिन ऐसा लग रहा था कि हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी परिपाटी का पालन कर रहे हैं जिसमें मैच को आखिरी ओवरों तक ले जाकर हार का सामना करना शामिल है। यह रणनीति कारगर नहीं है। मुझे लगता है कि पिछले दो-तीन वर्षों में मैंने वास्तव में इस टीम में कोई विकास नहीं देखा है।

## खेल डायरी

### बांग्लादेश के मुख्य कोच हथुरुसिंघा निलंबित

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने पिछले साल भारत में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के दौरान एक खिलाड़ी के साथ अनुचित आचरण करने के कारण पुरुष टीम के मुख्य कोच चंडिका हाथुरुसिंघा को निलंबित कर दिया है। श्रीलंका के पूर्व ऑलराउंडर हाथुरुसिंघा के कोच रहते हुए बांग्लादेश को हाल में भारत के खिलाफ टेस्ट और टी-20 श्रृंखला के सभी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। बीसीबी ने उनकी जगह वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी फिल सिमंस को नियुक्त करने का फैसला किया है जो अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी तक यह पद संभालेंगे। वेबसाइट के अनुसार बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघा को पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान एक खिलाड़ी को थप्पड़ मारने के आरोप के बाद निलंबित कर दिया गया है।

### पीसीबी ने जमान को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट श्रृंखला में बल्लेबाज बाबर आजम को टीम से बाहर किए जाने के बाद फखर जमान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। फखर जमान ने दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच से बाबर आजम को बाहर किए जाने की खबर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस संबंध में टिप्पणी की थी। फखर ने इस फैसले को चिंताजनक बताते हुए कहा था कि पाकिस्तान के अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक बाबर आजम को बाहर किया जाना गलत संदेश देगा। फखर ने बोर्ड को खिलाड़ियों को नीचा दिखाने के बजाय उन्हें संरक्षित करने की मांग की थी। पीसीबी ने फखर जमान की इस पोस्ट पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बोर्ड ने कहा है कि एक केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी होने के नाते फखर को बोर्ड के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी।

### महिला कबड्डी लीग के चयन ट्रायल के बाद होगी नीलामी

**नई दिल्ली।** महिला कबड्डी लीग (डब्ल्यूकेएल) के उद्घाटन सत्र के लिए खिलाड़ियों को नीलामी से पहले राष्ट्रव्यापी चयन ट्रायल से गुजरना होगा। इस लीग के आयोजकों ने बिना कोई तारीख बताए मंगलवार को यह जानकारी दी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक इस लीग में बेंगलुरु हॉक्स, दिल्ली दुर्गास, गुजरात एंजल्स, हरियाणा हसलर्स, ग्रेट मराठा, राजस्थान रेडर्स, तेलुगु वॉरियर्स और यूपी गंगा स्ट्राइकर्स सहित कई टीमें शामिल होंगी। डब्ल्यूकेएल के चयन ट्रायल्स आगामी सत्र का एक बड़ा आकर्षण होंगे क्योंकि यह देश के हजारों महिला खिलाड़ियों के लिए अवसर प्रदान करेंगे। लीग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ सीमा ने कहा हमारा लक्ष्य सिर्फ एक लीग बनाना नहीं है। हम एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का प्रयास कर रहे हैं जहां महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिल सकें। डब्ल्यूकेएल का आयोजन राउंड-रॉबिन प्रारूप में होगा जिसके मुकाबले अपने घर के साथ प्रतिद्वंद्वी टीम के घर में भी खेले जायेंगे। इसमें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी की भी योजना है।

### सोनम ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत की सोनम मस्कर ने मंगलवार को आईएसएसएफ विश्वकप फाइनल 2024 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। आज यहां हुई स्पर्धा में 22 वर्षीय भारतीय निशानेबाज ने 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में 252.9 के स्कोर कर रजत पदक अपने नाम किया। वहीं चीन की युटिंग हुआंग ने 254.5 के स्कोर के साथ एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। फ्रांसीसी निशानेबाज ओसिएने मुलर ने 231.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। तिलोत्तमा सेन 167.7 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं। क्वालीफाइंग राउंड में सोनम मस्कर ने 11 निशानेबाजों के बीच 632.1 का स्कोर कर चौथा स्थान हासिल किया। तिलोत्तमा सेन ने कुल 628.9 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। शीर्ष आठ निशानेबाजों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। एना एनसेन ने 636.9 का क्वालीफाइंग विश्व रिकॉर्ड बनाया, लेकिन फाइनल में वह सातवें स्थान पर रहीं। यह आईएसएसएफ विश्वकप में सोनम का तीसरा पदक है। इस साल की शुरुआत में काहिरा में आईएसएसएफ विश्व कप में सोनम ने अर्जुन बाबूता के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में रजत पदक जीता था और 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया था।

# बेंगलुरु के मैदान पर आज होगा प्रतिभा का टेस्ट

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में नजरें गिल और जायसवाल पर, बारिश की संभावना

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी के स्टार यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में अपने बेहतरीन फॉर्म को आगे ले जाना चाहेंगे। विराट और कप्तान रोहित अपने करियर के आखिरी पड़ाव में है और गिल तथा जायसवाल पर उनकी विरासत को आगे ले जाने की महती जिम्मेदारी है। बेंगलुरु के मैदान पर दोनों की टीम की परीक्षा होगी। मैच से पहले बारिश की भी संभावनाएं हैं, मैच देर शुरू हो सकता है।

गिल ने पिछली दस पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक जमाए हैं जबकि जायसवाल ने पिछली आठ पारियों में एक दोहरा शतक और पांच अर्धशतक जड़े हैं। गिल ने तेज गेंदबाजों की इनकमिंग गेंदों के खिलाफ परेशानी से पार पा ली है लेकिन ऐसी गेंदों पर विकेट गंवाने से बचना होगा। वहीं जायसवाल भी तेज गेंदबाजों को आक्रामक शॉट खेलने के प्रयास में तीन बार आउट हुए हैं। न्यूजीलैंड के पास भी मैट हेनरी, विलियम ओ राउरकी और टिम साउदी के रूप में आक्रामक तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में गिल और जायसवाल पर जिम्मेदारी और भी बढ़ जाएगी क्योंकि विराट और रोहित सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं।



चिन्नास्वामी स्टेडियम पर मौसम बिगडने के चलते पिच कवर करते ग्रांउडमैन। ● एजेंसी

**मैच : सुबह 9:30 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, सिराज, आकाश दीप।

**न्यूजीलैंड :** टॉम लाथम (कप्तान), डेवोन कॉवे, केन विलियमसन, मार्क चैपमैन, विल यंग, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल ब्रासवेल, मिचेल सेंटनेर, रचिन रविंद्र, टॉम ब्लंडेल, ऐजाज पटेल, जैकब डफी, मैट हेनरी, टिम साउदी, विलियम ओ राउरकी।

### शुरू से हमारे नेतृत्व समूह का हिस्सा रहे हैं बुमराह : रोहित



**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किए जाने पर मंगलवार को यहां कहा कि यह तेज गेंदबाज खेल की बहुत अच्छी समझ रखता है और वह शुरू से टीम के नेतृत्व समूह का अभिन्न अंग रहा है। बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से यहां से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैच की शृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किया गया है। चयन समिति का यह फैसला चौंकाने वाला था क्योंकि बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला के लिए किसी भी खिलाड़ी को उप कप्तान नहीं बनाया गया था। इससे संकेत मिलते हैं कि बुमराह भविष्य में टेस्ट टीम की कमान संभाल सकते हैं। रोहित ने कहा बुमराह ने बहुत अधिक क्रिकेट खेली है। मैं उनके साथ काफी क्रिकेट खेल चुका हूं। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं। जितना मुझे पता है उन्होंने अभी तक एक टेस्ट मैच और कुछ टी-20 मैचों में कप्तानी की है।

### भारत को हराने की चुनौती के लिए तैयार हैं हम : लैथम

**बेंगलुरु।** न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने मंगलवार को स्वीकार किया कि हर विभाग में मजबूत भारत को हराना बहुत बड़ी चुनौती होगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। लैथम ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा इन हालात में बेशक आप स्पिनरों को देखते हैं। लैथम ने कहा उम्मीद है कि हम यहां के पिछले कुछ दौरों से मिले अनुभव का फायदा उठा पाएंगे। उन्हें पूर्व कप्तान केन विलियमसन की कमी खलेगी जो ग्रोइन की चोट के कारण दौरे के शुरुआती हिस्से से बाहर हो गए हैं। यह निराशाजनक है कि केन यहां नहीं है। उम्मीद करते हैं कि वह जल्द से जल्द तैयार होगा।

### ट्रॉफी जीतनी है तो बुमराह पर कसनी होगी लगाम : कमिंस

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को कहा कि अगर उनकी टीम को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतनी है तो उन्हें भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर लगाम कसने का तरीका ढूंढना होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने लगभग एक दशक से यह ट्रॉफी अपने पास सुरक्षित रखी है। इस बीच उसने दो बार ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया। कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में कहा मैं बुमराह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि वह एक शानदार गेंदबाज हैं। अगर हम उस पर लगाम कसने में सफल रहते हैं तो इससे हमें श्रृंखला जीतने में काफी मदद मिलेगी। कमिंस ने कहा कि उनकी टीम रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप की जीत से प्रेरणा लेगी।

### शमी फिट नहीं, उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं ले जाना चाहते हैं : रोहित

**बेंगलुरु।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को यहां कहा कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और टीम उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर ले जाने का जोखिम नहीं उठाना चाहती है। उन्होंने कहा कि घुटनों में सूजन के कारण इस तेज गेंदबाज को टखने के ऑपरेशन से उबरने में परेशानी आ रही है। शमी ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। रोहित ने कहा ईमानदारी से कहूं तो अभी हमारे लिए उनके बारे में फैसला करना काफी मुश्किल है कि वह वर्तमान श्रृंखला या ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं। हाल ही में उनके घुटने में सूजन थी, जो काफी असामान्य है।

# हॉकी इंडिया महिला लीग नीलामी के पहले चरण में उदिता को मिले 32 लाख



- श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने भारतीय डिफेंडर को खरीदा

**नई दिल्ली।** भारतीय डिफेंडर उदिता दुहान हॉकी इंडिया महिला लीग के पहले चरण के लिये सबसे महंगी बिकी जिन्हें श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने मंगलवार को नीलामी में 32 लाख रूपये में खरीदा। नीदरलैंड की ड्रैग फ्लिकर यिब्बी यानसेन को ओडिशा वारियर्स ने 29 लाख रूपये में खरीदा।

भारत की लालरेम्सियामी (बंगाल टाइगर्स 25 लाख), सुनेलिटा टोप्पो (दिल्ली एसजी पाइपर्स 24 लाख), संगीता कुमारी (दिल्ली एसजी पाइपर्स 22 लाख) पर भी अच्छी बोलियां लगी। विदेशी खिलाड़ियों में बेल्जियम की चार्लोट एंजेलबर्ट (सूरमा हॉकी क्लब 16 लाख), जर्मनी की चार्लोट स्टापेनहोर्स्ट (सूरमा हॉकी क्लब 16 लाख) और ऑस्ट्रेलिया की जेसलिन बार्टरम (ओडिशा वारियर्स 15 लाख) अच्छे दाम पर खरीदी गई। वंदना कटारिया को बंगाल टाइगर्स ने 10.5 लाख में खरीदा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे (20 लाख), इशिका चौधरी (16 लाख) और नेहा गोयल (10 लाख) को ओडिशा वारियर्स ने खरीदा। सविता (20 लाख), शर्मिला देवी (10 लाख) और निक्की प्रधान (12 लाख) को सूरमा क्लब ने खरीदा है।

# बरसों से महिला हॉकी लीग का इंतजार था : रानी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- पूर्व कप्तान बोलीं- कोच के रूप में वापस हॉकी से जुड़ना गर्व की बात

भारतीय महिला हॉकी की पोस्टर गर्ल रही पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने महिला लीग की शुरूआत को देश में खेल के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि उन्हें बरसों से इसका इंतजार था और अब खिलाड़ी के रूप में भले ही नहीं लेकिन कोच के तौर पर भी इससे जुड़कर वह गर्व महसूस कर रही हैं।

तोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम की कप्तान रही रानी देश में पहली बार शुरू हो रही हॉकी इंडिया महिला लीग में पंजाब और हरियाणा के सूरमा हॉकी क्लब की मेंटर और कोच होंगी। रानी ने यहां महिला लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी से इतर कहा हॉकी मेरा जुनून है। मैंने जितने समय खेला, जुनून के साथ खेला। मेरे दिमाग में हमेशा से यह था कि भारतीय हॉकी से जुड़ने के लिए जो भी मौका मिलेगा, उसे मैं स्वीकार जरूर करूंगी।

हॉकी मेरे दिमाग में हमेशा चलती रहती थी। भारत के लिए 212 मैचों में 134 गोल कर चुकी पद्मश्री से सम्मानित 30 वर्ष की इस खिलाड़ी ने कहा मैने राष्ट्रीय टीम में वापसी की बहुत कोशिश की लेकिन ओलंपिक से पहले हो नहीं पाया। इस महिला लीग के लिए हमने बहुत साल इंतजार किया है और जब यह शुरू हुई तो खिलाड़ी नहीं लेकिन कोचिंग स्टाफ के तौर पर जुड़कर भी बहुत अच्छा लग रहा है।

यह पूछने पर कि क्या लीग में खेलने की इच्छा नहीं थी, रानी ने कहा कि कई बार कठिन फैसले लेने पड़ते हैं हालांकि उन्होंने खेल से संन्यास के बारे में कोई खुलासा नहीं किया। मैं एक महिला खिलाड़ी हूं और मैने बहुत संघर्ष झेला है। एक खिलाड़ी हमेशा खिलाड़ी होता है। खेलने की ख्वाहिश कभी खत्म नहीं होती। कई बार आपको कठिन फैसला लेना होता है और मैने कोचिंग स्टाफ के साथ जुड़ने का फैसला किया। संन्यास के बारे में बोलना अभी मुश्किल है।

## बॉलीवुड हलचल



### परमसुंदरी में साथ दिखेगी सिद्धार्थ-जाह्नवी की जोड़ी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की जोड़ी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म परमसुंदरी में नजर आ सकती है। बॉलीवुड में चर्चा है कि मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर को लेकर रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा करेंगे। इस फिल्म का अस्थायी नाम परम सुंदरी रखा गया है। दिनेश विजान ने सिद्धार्थ-जाह्नवी के साथ एक एक्शन थ्रिलर प्लान की थी, जिसके लिए उन्होंने तुषार को साइन किया था। हालांकि वक्त के साथ दिनेश-सिद्धार्थ को लगा कि जिस स्क्रिप्ट पर वो काम कर रहे हैं, उसमें बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म करने का बहुत कम दम है। दर्शकों अलग तरह की फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं, जिस कारण उन्होंने एक नई स्क्रिप्ट का चुनाव किया है।

### प्राइम वीडियो ने सिटाडेल: हनी बनी का ट्रेलर किया रिलीज

**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने आज बहुप्रतीक्षित ओरिजिनल सीरीज, सिटाडेल : हनी बनी का एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज कर दिया है। सिटाडेल : हनी बनी का निर्देशन राज और डीके (राज निदिमोरू और कृष्णा डीके) ने किया है और इसे सीता आर. मेनन के साथ राज और डीके ने लिखा है। यह सीरीज डी2आर फिल्म्स, अमेज़ॅन एमजीएम स्टूडियोज और एजीबीओ के रुसो ब्रदर्स द्वारा निर्मित की गई है। इस सीरीज में वरुण धवन और समांथा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके साथ ही के.के. मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, सोहम मजूमदार, शिवांकीत परिहार और कश्वी मजमूदार भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। सिटाडेल : हनी बनी का प्रीमियर 7 नवंबर को विशेष रूप से भारत में प्राइम वीडियो पर और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में किया जाएगा। प्राइम वीडियो, इंडिया के ओरिजिनल्स के प्रमुख निखिल मधोक ने कहा, टीजर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद, शो के प्रति उत्साह और प्रत्याशा हर दिन बढ़ रही है, और वरुण, समांथा और राज एंड डीके के प्रशंसक 07 नवंबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमें लगा कि यह सही समय है कि हम एक्शन से भरपूर ट्रेलर के जरिए दर्शकों को सिटाडेल : हनी बनी की अद्भुत दुनिया की एक झलक दिखाएं। राज और डीके ने इस हाई-ऑक्टेन स्पाई थ्रिलर में अपनी अनोखी शैली और आकर्षण को जोड़ा है, जो हमारे दर्शकों के लिए एक नए रोमांचकारी सफर का वादा करता है।



### 26 से शुरू होगा इंडियन आइडल का 15वां सीजन

**मुंबई।** सिंगिग रियालिटी शो इंडियन आइडल का 15वां सीजन 26 अक्टूबर से सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर शुरू होगा। इंडियन आइडल जल्द ही सोनी टीवी पर अपना 15वां सीजन शुरू करने के लिए तैयार है। इस सीजन को लोकप्रिय गायक-रैपर बादशाह, पार्श्वगायिका श्रेया घोषाल और पार्श्वगायक विशाल ददलानी जज करेंगे। सोनी चैनल ने इंडियन आइडल सीजन 15 का एक नया प्रोमो शेयर किया है। प्रोमो में सोनी चैनल ने बताया है कि इंडियन आइडल 26 अक्टूबर से शुरू होगा। यह शो शनिवार-रविवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर प्रसारित होगा।

# सैफ चैंपियनशिप के लिए भारत की 23 सदस्यीय महिला टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच संतोष कश्यप ने 17 से 30 अक्टूबर तक खेली जाने वाली सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी हैं। सैफ के सभी मुकाबले नेपाल के काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में खेले जाएंगे।

इस चैंपियनशिप में भारत को ग्रुप ए में बंगलादेश और पाकिस्तान के साथ रखा गया है। मेजबान नेपाल ग्रुप बी में श्रीलंका, मालदीव और भूटान के साथ है। गोवा में तीन सप्ताह के गहन शिविर के बाद भारतीय टीम आज काठमांडू के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम 17 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, उसके बाद गत चैंपियन बंगलादेश के साथ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला होगा। दोनों सेमीफाइनल 27 अक्टूबर को हैं, वहीं फाइनल 30 अक्टूबर को खेला जाएगा।

### फ्रांस और जर्मनी ने नेशंस लीग में अपने अपने मुकाबले जीते

**ब्रसेल्स।** फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल में रेंडेल कोलो मुआनी के दो गोलों के दम पर बेल्जियम को 2-1 से हराया। काइलियान एमबाप्पे के बिना उतरी फ्रांसीसी टीम के लिए मुआनी ने दोनों हाफ में एक-एक गोल दागा। वहीं म्युनिख में खेले गए मैच में जर्मनी ने नीदरलैंड को 1-0 से मात दी। जर्मनी के जैमी ल्यूलिंग का दूसरे मिनट में किया गया गोल वीडियो रिव्यू के बाद खारिज हो गया लेकिन उन्होंने 64वें मिनट में गोल दागा। अन्य मैचों में इटली ने इस्राइल को 4-1 से हराया जबकि हंगरी ने बोस्निया को 2-0 से मात दी। दो ग्रुप मैच नवंबर में होंगे। फ्रांस, इटली और जर्मनी शीर्ष पर हैं और उनके क्वार्टर फाइनल में जाने की प्रबल संभावना है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# कई विपक्षी सांसदों ने वक्फ विधेयक समिति की बैठक से किया वाकआउट

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष के कई सांसदों ने मंगलवार को वक्फ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से बहिर्गमन किया और आरोप लगाया कि भाजपा के एक सदस्य ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है।

कल्याण बनर्जी, गौरव गोगोई, ए राजा, मोहम्मद अब्दुल्ला और अरविंद सावंत सहित विपक्षी सदस्य संसदीय समिति की बैठक से उठ कर बाहर चले गए। संसदीय समिति अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों के पक्ष सुन रही थी। एक घंटे तक बैठक से दूर रहने के बाद विपक्षी सदस्य फिर से इसमें शामिल हुए। भाजपा सदस्यों का दावा था कि विपक्षी सदस्य समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को लेकर अशोभनीय टिप्पणी कर रहे थे।

### बैठक में नियमों के उल्लंघन का आरोप

विपक्ष के कई सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि बैठक में संसदीय आचार संहिता का घोर उल्लंघन हुआ है। यह पत्र कर्नाटक राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिप्पाडी के वक्तव्य पर कई विपक्षी सांसदों द्वारा समिति की बैठक का बहिष्कार करने के एक दिन बाद आया है। मणिप्पाडी ने वक्फ संपत्तियों के कथित गबन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और के रहमान खान सहित कई विपक्षी नेताओं का नाम लिया था।

# वेनेजुएला में तख्तापलट को मस्क ने किए खर्च एक अरब डॉलर : मादुरो

**कराकस।** राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने एक्स के मालिक एलन मस्क पर एक अरब डॉलर खर्च करके वेनेजुएला में तख्तापलट की कोशिश का आरोप लगाया है।

मादुरो ने टीवी शो विद मादुरोप्लस में कहा कि मस्क ने वेनेजुएला में तख्तापलट, फासीवादी विद्रोह और चुनावी प्रक्रिया के खिलाफ हिंसा के लिए एक अरब डॉलर खर्च किये हैं। उनका मानना है कि टेक मुगल वेनेजुएला में सत्ता हथियाने के विचार से ग्रस्त है और दक्षिण अमेरिकी देश में सार्वजनिक अशांति को वित्तपोषित करके इस लक्ष्य तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं मस्क अपने एक्स पर पलटवार किया है।

# भारतीय मूल की सिंगापुर की दो महिलाओं को हर वर्ल्ड का सम्मान

सिंगापुर, एजेंसी

अपने-अपने क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित करने वाली भारतीय मूल की दो महिलाओं को सिंगापुर में फैशन और स्टाइल पत्रिका हर वर्ल्ड की ओर से सम्मानित किया गया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, 72 वर्षीय न्यायमूर्ति जूडिथ प्रकाश को सोमवार को पत्रिका के वार्षिक पुरस्कार समारोह में कानूनी क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्य के लिए हर वर्ल्ड वूमन ऑफ द ईयर 2024 घोषित किया गया।

राष्ट्रीय धावक शांति परेरा (28) को उनकी खेल उपलब्धियों के लिए वर्ल्ड यंग वूमन अचीवर 2024 पुरस्कार मिला। न्यायमूर्ति प्रकाश सिंगापुर की पहली महिला अपील न्यायाधीश हैं और उन्हें पहली बार 1992 में सर्वोच्च न्यायालय की पीठ में नियुक्त किया गया था।

न्यायाधीश के रूप में अपने 31 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने 645 निर्णय लिखे और उनको मूल्यवान प्रस्तावों के कारण विधि रिपोर्टों में शामिल किया गया। 2018 से 2022 की शुरुआत के बीच परेरा को कई असफलताओं का सामना करना पड़ा। उन्हें पिंडली में चोट की पीड़ा झेलने के साथ ही दो छात्रवृत्तियों से हाथ धोना पड़ा, लेकिन परेरा ने हार नहीं मानी और 100मीटर तथा 200 मीटर में नये राष्ट्रीय रिकार्ड बनाए।

# 40 प्रतिशत दिव्यांगता एमबीबीएस में दाखिल से नहीं रोकती : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीठ ने कहा- उम्मीदवार की क्षमता की जांच विकलांगता मूल्यांकन बोर्ड से होनी चाहिए
- केवल तय मानक के आधार पर अभ्यर्थी को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि केवल 40 प्रतिशत दिव्यांगता का तय मानक किसी को मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने से नहीं रोकता, जब तक कि विशेषज्ञ की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख न हो कि अभ्यर्थी एमबीबीएस करने में असमर्थ है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने अपने 18 सितंबर के आदेश के लिए विस्तृत कारण बताए। इस आदेश में न्यायालय ने एक उम्मीदवार को एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की अनुमति दी थी क्योंकि मेडिकल बोर्ड ने कहा था कि वह बिना किसी बाधा के मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने में समर्थ है। पीठ ने कहा कि दिव्यांग उम्मीदवार की एमबीबीएस पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने की क्षमता की जांच विकलांगता मूल्यांकन बोर्ड की ओर से की जानी चाहिए। इसने कहा कि केवल निर्धारित मानक की दिव्यांगता होने के आधार पर अभ्यर्थी को एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए पात्रता के अयोग्य नहीं ठहराया जाएगा। अभ्यर्थी की दिव्यांगता का आकलन करने वाले विकलांगता बोर्ड को सकारात्मक रूप से यह दर्ज करना होगा कि अभ्यर्थी की दिव्यांगता पाठ्यक्रम की पढ़ाई में अभ्यर्थी के लिए बाधा बनेगी या नहीं। अगर ऐसा है तो उसे कारण बताना चाहिए। न्यायालय ने ओंकार नामक छात्र की याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसने 1997 के स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनियमन को चुनौती दी है जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले अभ्यर्थी को एमबीबीएस करने से रोकता है।

## एक नजर

### ऑनलाइन पंजीकरण के बिना होंगे सबरीमला में दर्शन : विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि वर्चुअल बुकिंग (ऑनलाइन पंजीकरण) कराए बिना सबरीमाला आने वाले तीर्थयात्रियों को भी भगवान अयप्पा मंदिर में सुचारु दर्शन की सुविधा प्रदान की जाएगी। व्यापक विरोध के बीच पिनराई विजयन सरकार ने आगामी तीर्थयात्रा के दौरान केवल 'वर्चुअल' कतार बुकिंग (ऑनलाइन) के माध्यम से दर्शन प्रदान करने के अपने पहले के फैसले को बदल दिया। उन्होंने कहा कि बिना वर्चुअल कतार बुकिंग के आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भी सुचारु दर्शन की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी उन सभी के लिए भी दर्शन सुनिश्चित किए जाएंगे जिन्होंने ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है और जो प्रणाली के बारे में जाने बिना आते हैं।

### रूसी वायु रक्षा ने तीन यूक्रेनी ड्रोन किए नष्ट

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड, कुर्स्क और तुला क्षेत्रों में सोमवार रात तीन यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार पिछली रात, कीव शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले को अंजाम देने का प्रयास किया जा रहा था, जिस दौरान तीन यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग ड्रोनों को बेलगोरोड, कुर्स्क और तुला क्षेत्रों में वायु रक्षा द्वारा नष्ट कर दिया गया।

### मादक पदार्थ तस्करी में दो भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्तता के आरोप में दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के किशनगंज निवासी 38 वर्षीय जमकोद खान को उसके 18 वर्षीय बेटे किशोर के साथ झापा जिले के भद्रपुर नगरपालिका क्षेत्र के एक होटल से सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पिता-पुत्र के पास से कथित तौर पर करीब 52 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की।

### भारती की याचिका पर उप्र सरकार को फिर नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आप नेता सोमनाथ भारती की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नया नोटिस जारी किया, जिसमें राज्य में अस्पतालों और स्कूलों की स्थिति पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ दर्ज मामले को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। भारती के खिलाफ मामला सुल्तानपुर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में लंबित है। उन्होंने मामले को राउज एवेन्यू कोर्ट में स्थानांतरित करने का अनुरोध करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और अरविंद कुमार की पीठ ने इस मामले में शिकायतकर्ता को भी नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तारीख तय की।

### एशत भारत में मालदीव की नई उच्चायुक्त होंगी

**माले।** वरिष्ठ राजनयिक एशत अज़ीमा भारत में मालदीव के उच्चायुक्त इब्राहिम शाहीब की जगह लेंगी। समाचार पोर्टल सन.एमवी ने कहा कि भारत में नए राजदूत की नियुक्ति का कदम ऐसे समय उठाया गया है जब यह द्वीपीय देश भारत के साथ अपने संबंधों को सुधारना और मजबूत करना चाहता है। इस खबर में भारत को मालदीव के सबसे करीबी द्विपक्षीय साझेदारों में से एक बताया। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की इस महीने की शुरुआत में भारत की पहली राजकीय यात्रा के कुछ दिनों बाद हुआ है। मुइज्जू ने सोमवार को संसद की विदेश संबंध समिति को एक पत्र भेजकर अज़ीमा की नियुक्ति के लिए संसदीय मंज़ूरी मांगी।

# इजराइल का आश्वासन, ईरानी परमाणु या तेल संयंत्रों पर नहीं करेगा हमला : अमेरिकी

## अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्देश पर लिया गया फैसला, टीएचएएडी के बाद चिंताएं कम

वाशिंगटन, एजेंसी

इजरायल ने बाइडन प्रशासन को आश्वासन दिया है कि वह ईरान के परमाणु या तेल संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा। अमेरिका के दो अधिकारियों ने मंगलवार को यह दावा किया। इस महीने की शुरुआत में ईरान द्वारा किये गए मिसाइल हमले के बाद आशंका है कि इजराइल जवाबी कार्रवाई कर सकता है।

बाइडन प्रशासन का मानना है कि रक्षा प्रणाली अमेरिकी टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस बैटरी (टीएचएएडी) तथा उसे संचालित करने के लिए लगभग 100 सैनिक भेजने से इजराइल की कुछ चिंताएं कम हो गई हैं। पेंटागन ने अप्रैल और अक्टूबर में ईरान द्वारा इजराइल पर किए गए बैलेस्टिक मिसाइल हमलों के बाद इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए टीएचएएडी की तैनाती की रविवार को घोषणा की थी।

उसने कहा था कि राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर यह फैसला किया गया। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने आगाह किया कि इजराइल का आश्वासन पक्का नहीं है और परिस्थितियां बदल सकती हैं। अधिकारियों ने यह भी कहा कि अतीत में आश्वासनों को पूरा करने में इजरायल का ट्रैक रिकॉर्ड मिला-जुला रहा है और इस संबंध में अक्सर घरेलू इजराइली राजनीति प्रभावी नजर आयी है जिसने अमेरिका की उम्मीदों पर पानी फेरा है। इन अधिकारियों ने अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर निजी कूटनीतिक चर्चाओं का जिक्र करते हुए यह जानकारी दी।



### रेवॉल्यूशनरी जनरल के जनाजे में पहुंचे शीर्ष नेता

**यरुशलम।** ईरान के शीर्ष नेता मंगलवार को देश के रेवॉल्यूशनरी गार्ड के जनरल के जनाजे में शामिल हुए, जो बेरूत में हिजबुल्लाह के नेता हसन नसरल्ला के साथ मारे गए थे। रेवॉल्यूशनरी गार्ड की अभियान शाखा के प्रमुख जनरल इस्माइल कानी की स्थिति के बारे में कई सप्ताह तक अफवाहें फैली रहीं, लेकिन मंगलवार की सुबह इन पर उस समय विराम लग गया, जब तेहरान के मेहराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जनरल अब्बास निलफोरशान का शव लाये जाने पर उन्हें आंसू पोंछते हुए देखा गया।

### संरा सुरक्षा परिषद ने शांति सैनिकों के लिए गंभीर चिंता जताई

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इजराइल द्वारा दक्षिणी लेबनान में युद्ध के दौरान संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर गोलीबारी कर उन्हें घायल करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की और क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने में उनकी भूमिका के लिए अपना समर्थन दोहराया। पिछले सप्ताह शांति सेना यूनिफिल के ठिकानों पर इजराइल द्वारा किए हमलों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निंदा हुई थी और संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय द्वारा इस हमले के बाद दिया यह पहला बयान है। संयुक्त राष्ट्र शांति सेना प्रमुख ज्यां-मैरी लैक्रोइक्स ने बताया कि महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पुष्टि की है कि शांति सैनिक अपने सभी तैनाती स्थलों पर बने रहेंगे। इजराइल ने लेबनान में जमीनी हमलों के दौरान शांति सैनिकों से उत्तर की ओर जाने का आग्रह किया है। इजराइल, लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ अपने युद्ध को दोनों देशों के बीच संरा द्वारा तय की गई सीमा के उस पार बढ़ा रहा है।

### हिजबुल्लाह ने इजरायली रक्षा बल पर दागे 115 गोले

**बेरूत।** लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने इजरायल पर 115 गोले दागे हैं। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। सेना ने टेलीग्राम पर कहा कि हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन द्वारा दागे गए 115 गोले सोमवार को लेबनान से इज़राइल में प्रवेश कर गए हैं। गौरतलब है कि एक अक्टूबर से इजरायल दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह बलों के खिलाफ जमीनी अभियान चला रहा है। शिया आंदोलन के नेताओं सहित दो हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजरायल के सैन्य अभियान का मुख्य लक्ष्य देश के उत्तर से 60 हजार निवासियों की वापसी के लिए स्थितियां बनाना है, जिन्हें एक साल पहले फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के समर्थन में हिजबुल्लाह द्वारा शुरू की गई गोलाबारी के कारण निकाला देश से छोड़ना पड़ा था।

# उ. कोरिया ने अंतर-कोरियाई सड़कों के कुछ हिस्सों को किया नष्ट

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने मंगलवार को सड़कों के उस उत्तरी हिस्से को नष्ट कर दिया है जो अब उपयोग में नहीं है और कभी उसे दक्षिण कोरिया से जोड़ता था। उसने यह कदम उस दावे के बाद उठाया है कि दक्षिण कोरिया ने उसकी राजधानी प्योंगयांग पर ड्रोन उड़ाए थे जिसके बाद दोनों प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है।

सड़कों को ध्वस्त करना दक्षिण कोरिया की रूढ़िवादी सरकार के खिलाफ उत्तर कोरिया के बढ़ते गुस्से को दिखाता है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया के साथ संबंध खत्म करने का आह्वान किया है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि सड़कों को विस्फोट के जरिये नष्ट करने के जवाब में दक्षिण कोरियाई सेना ने भी दक्षिणी सीमा पर गोलीबारी की है।

### किम ने की रक्षा और सुरक्षा मामलों पर बैठक

**सोल।** उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन ने रक्षा और सुरक्षा मामलों को लेकर बैठक की है, जिसमें अन्य मुद्दों के अलावा दक्षिण कोरिया द्वारा उ. कोरिया की संप्रभुता के उल्लंघन पर ध्यान केंद्रित किया गया। उत्तर कोरिया की समाचार एजेंसी केसीएनए ने मंगलवार को रिपोर्ट में बताया कि बैठक में मुख्य खुफिया निदेशालय के प्रमुख की रिपोर्ट सुनी गई, उ. कोरिया की संप्रभुता के खिलाफ गंभीर उकसावे के व्यापक विश्लेषण पर चर्चा की गई।

# अस्पतालों में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के आकलन में तेजी लानी चाहिए : न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- राष्ट्रीय कार्यबल की धीमी प्रगति पर सुप्रीम कोर्ट ने जताया असंतोष
- 27 अगस्त की बैठक में सिफारिशें तैयार करने को चार उप-समूहों का हुआ था गठन

उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े अन्य पेशेवरों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के वास्ते प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल (एनटीएफ) की धीमी प्रगति पर मंगलवार को असंतोष जताया। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 27 अगस्त को हुई पहली बैठक में एनटीएफ ने हितधारकों के साथ जुड़ने और चिकित्सा संस्थानों के बुनियादी ढांचे, सुरक्षा प्रणालियों, सभी राज्यों में चिकित्सा पेशेवरों की कामकाज की स्थिति में सुधार और कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए सिफारिशें तैयार करने के लिए चार उप-समूहों का गठन किया था।

शीर्ष अदालत ने एनटीएफ की ओर से नौ सितंबर के बाद कोई और बैठक नहीं करने पर आश्चर्य व्यक्त किया। पीठ ने कहा कि नौ सितंबर के बाद कार्यबल ने क्या किया? नौ सितंबर के बाद कोई बैठक क्यों नहीं हुई? कोई प्रगति क्यों नहीं हुई? इसे काम में तेजी लानी चाहिए। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एनटीएफ द्वारा अब तक उठाए गए कदमों का विवरण देते हुए एक हलफनामा दायर किया गया था। मेहता ने कहा कि एनटीएफ के कार्य व्यापक प्रतीत होते हैं और उन्होंने बल द्वारा स्वास्थ्य पेशेवरों की समस्याओं के दीर्घकालिक समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि एनटीएफ अपने काम में तेजी लाएगा। कार्यबल के सदस्यों में चिकित्सा सेवा (नौसेना) की महानिदेशक और वाइस एडमिरल आरती सरीन, हैदराबाद स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और एआईजी अस्पताल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डी नागेश्वर रेड्डी, दिल्ली एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास, भी शामिल हैं। अन्य सदस्यों में रोहतक स्थित पंडित बी डी शर्मा चिकित्सा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अनीता सक्सेना हैं जो पूर्व में दिल्ली स्थित एम्स के कार्डियोलॉली विभाग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। मुंबई के ग्रांट मेडिकल कॉलेज और सर

# पूर्व भारतीय राजनयिकों बोले- भारत ने कनाडा के खिलाफ सही कदम उठाया

**नई दिल्ली।** कई पूर्व राजनयिकों ने मंगलवार को ओटावा में भारतीय राजनयिकों को सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर के मारे जाने की घटना की जांच से जोड़ने के कनाडा के आरोप की आलोचना की और कहा दिल्ली ने जवाब में सही कदम उठाया है।

पूर्व राजदूतों ने कहा कि कनाडा का मिथ्या प्रचार प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की अगले चुनाव में अपनी संभावनाएं बढ़ाने के लिए अपने देश के भीतर कट्टरपंथी तत्वों से समर्थन हासिल करने की दुःसाहस से उपजा है। ओटावा द्वारा निज्जर के मारे जाने की घटना की जांच से भारतीय उच्चायुक्त को जोड़े जाने के बाद पहले से ही खराब भारत-कनाडा संबंधों में भारी गिरावट देखी गई। भारत ने कनाडा के आरोपों को खारिज करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी और छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया तथा कनाडा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया।

### स्टार्मर ने कानून व्यवस्था के महत्व के मुद्दे को उठाया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ फोन पर बातचीत के दौरान कानून व्यवस्था के महत्व पर जोर दिया। भारत के साथ कनाडा के राजनयिक विवाद के बीच यह बातचीत हुई। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय-सह-आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट ने यह जानकारी दी। इससे पहले भारत ने छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था और सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से अपने राजनयिक को जोड़ने के कनाडा के आरोपों को खारिज करने के बाद वहां से अपने उच्चायुक्त संजय वर्मा को वापस बुलाने की घोषणा की थी।

# बाहरी ताकतों को बुलाने से एकता के प्रयासों को लगेगा झटका : राजनाथ

**विकाराबाद (तेलंगाना)।** भारत के साथ समुद्री सीमा साझा करने वाले देशों को संदेश देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि समुद्री सुरक्षा एक सामूहिक प्रयास है और बाहरी ताकतों को दहलीज तक आमंत्रित करने से एकता के प्रयासों को झटका लगेगा।

विकाराबाद जिले के दामागुंडम वन क्षेत्र में भारतीय नौसेना के बेहद कम आवृत्ति (वीएलएफ) वाले रडार स्टेशन की आधारशिला रखने के बाद सिंह ने कहा कि बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर क्षेत्र में शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रयास में भारत के मित्र देशों का सहयोग आवश्यक है, क्योंकि यदि एक भी देश छूट गया तो सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत सबको साथ लाने में विश्वास करता है, तोड़ने में नहीं। इसलिए हम मित्र पड़ोसी देशों को साथ लेने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि वीएलएफ नौसैनिक स्टेशन से जब संचालन हो जाएगा तो यह समुद्री बलों के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

# एससीओ नेताओं के साथ शरीफ ने की द्विपक्षीय बैठकें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर विभिन्न एससीओ सदस्य देशों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने तथा अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन को मजबूत करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया।

पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। शरीफ ने बेलारूस के प्रधानमंत्री रोमन गोलोवचेंको, तजाकिस्तान के प्रधानमंत्री कोहिर रसूलजोदा और किर्गिस्तान के प्रधानमंत्री अकिलबेक जापारोव के साथ अलग-अलग बैठकें कीं तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।



### हम एससीओ प्रारूप में जुड़े हुए हैं : जयशंकर

**इस्लामाबाद।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पाकिस्तान पहुंचने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को कहा कि वह इस प्रभावशाली क्षेत्रीय समूह के विभिन्न तंत्रों से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। भारत और पाकिस्तान के संबंधों में तनाव के बीच करीब एक दशक में किसी भारतीय विदेश मंत्री की पड़ोसी देश की यह पहली यात्रा है। पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को एससीओ शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की दो दिवसीय बैठक की मेजबानी कर रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत एससीओ रूपरेखा के भीतर विभिन्न तंत्रों और पहल समेत एससीओ प्रारूप में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

# छात्रा से दुष्कर्म के खिलाफ आंदोलन पूरे पंजाब प्रांत में फैला

लाहौर, एजेंसी

- लाहौर के कॉलेज में छात्रा से गार्ड ने किया था दुष्कर्म, पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेज में विरोध प्रदर्शन

पाकिस्तान में लाहौर के एक कॉलेज में एक छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना को लेकर बड़ी संख्या में छात्रों ने पंजाब प्रांत की नेशनल असेंबली के बाहर मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने लाहौर के एक कॉलेज में छात्रा से बलात्कार मामले, पंजाब महिला कॉलेज में उत्पीड़न की घटना और हाल ही में छात्राओं के खिलाफ हुई हिंसा की जांच के लिए एक समिति के गठन की मांग की, जिसमें स्वतंत्र मानवाधिकार निकायों के सदस्य, छात्र प्रतिनिधि और न्यायाधीश शामिल हों।

इस बीच, लाहौर के कॉलेज में छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना के खिलाफ छात्रों का आंदोलन पंजाब प्रांत के अन्य शहरों में भी फैल गया। पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के कम से कम चार परिसरों में सोमवार सुबह उस समय विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए, जब सोशल मीडिया पर खबरें आईं कि लाहौर के गुलबर्ग गर्ल्स कॉलेज की एक छात्रा के साथ संस्थान के बेसमेंट में एक सुरक्षा गार्ड ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने दावा किया कि संदिग्ध उसकी हिरासत में है, लेकिन उसने पूछताछ के दौरान सभी आरोपों से इनकार किया है। पंजाब प्रांत की सूचना मंत्री उज्मा बुखारी ने दावा किया कि किसी भी कॉलेज के परिसर में बलात्कार की कोई घटना नहीं हुआ है। बुखारी ने कहा, लाहौर और पंजाब को कॉलेज परिसर में बलात्कार की घटना की झूठी खबर फैलाकर निशाना बनाया जा रहा है।

# चंद्र अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को कुछ दशकों में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए मानवयुक्त चंद्र मिशन शुरू करने, चंद्र अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करने और रहने योग्य ग्रहों तथा पृथ्वी के अतिरिक्त अन्य जगहों पर जीवन का पता लगाने की योजना की घोषणा की। देश के शीर्ष अंतरिक्ष निकायों ने अंतरिक्ष विज्ञान के लिए दीर्घकालिक विकास कार्यक्रम का अनावरण किया, जो 2024 से 2050 तक देश के अंतरिक्ष विज्ञान मिशन और अंतरिक्ष अनुसंधान की योजना का मार्गदर्शन करेगा।

चाइना एकेडमी ऑफ साइंसेज (सीएएस), चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन और चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी द्वारा यहां मीडिया को जारी कार्यक्रम में चीन के अंतरिक्ष विज्ञान लक्ष्यों को रेखांकित किया गया। इसमें पांच प्रमुख वैज्ञानिक विषयों के तहत 17 प्राथमिकता वाले क्षेत्र और तीन चरण वाला प्रारूप शामिल हैं।

**अद्भुत दृश्य** | इस वर्ष दूसरी बार हुई यह अद्भुत खगोलीय घटना

# दुर्लभ ऑरोरा की रोशनी में जगमगाया मैक्सिको

नैनीताल, अमृत विचार

भूचुम्बकीय सौरतूफ़ानों का असर पृथ्वी के कम अक्षांश वाले क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। हाल ही में निम्न अक्षांश में मैक्सिको में ऑरोरा का आसमान रंग बिरंगी रोशनी में नहाया नजारा आया। यह दुर्लभ खगोलीय घटना इस वर्ष दूसरी बार देखने को मिली हैं।

दरअसल ऑरोरा की रोशनी ध्रुवीय क्षेत्रों में ही नजर आती है। इसकी वजह सूर्य से उठने वाले भूचुम्बकीय सौरतूफ़ान हैं, जो सूर्य की सतह पर होने वाले विस्फोट के साथ उत्पन्न होते हैं। ये तूफान उच्च ऊर्जावान कण साथ लेकर आते हैं और पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों के चुम्बकीय क्षेत्रों से टकराते हैं। तब ऑरोरा की रोशनी रंग बिरंगे बादल समान तैरते नजर आते हैं।



मैक्सिको से इस तरस नजर आई ऑरोरा के रंगबिरंगी रोशनी।

मगर इस बार यह 23 डिग्री अक्षांश में भी प्रभाव छोड़ने में कामयाब रहे। इसकी वजह भीषण सौरतूफ़ान हैं, जो पिछले दिनों मैक्सिको तक पहुच गए, जबकि इससे पहले 10 मई को भारत के लदाख क्षेत्र तक आ पहुचे थे। जिसे वैज्ञानियों ने देखा और तस्वीरें भी बनाई। मैक्सिको में ऑरोरा के दृश्य बेहद मनमोहक थे। लाल रंग में समूचा आसमान जगमगा उठा। जिसका वहां स्थानीय लोगों ने भरपुर आनंद उठाया। रेने साडे नामक एस्ट्रोफाटोग्राफर ने माज़ातलान, सिनालोआ के समुद्र तट से ऑरोरा की मनमोहक तस्वीरों को कैमरे में कैद किया। यह स्थान 23 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर हैं। इससे पहले 10 मई के महा सौरतूफान के दौरान भी औरोरा देखे गए थे। वैज्ञानिक कहते हैं कि इतने दूर एक साल में दो बार औरोरा देखना अद्भुत है।

### लगातार जारी है सौरतूफानों का उठना

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौरवैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार यह सौरचक्र बेहद सक्रिय हो चला है, जो पिछले कई रिकार्ड तोड़ने में तुला हुआ है। 11 अक्टूबर का सौर तूफान एक्स1.8 का था। जिसने दुर्लभ व बहुत कम अक्षांश वाले अरोरा उत्पन्न किए। अभी सौर सक्रियता का चरम आना शेष है, जो अगले वर्ष देखने को मिलेगा।